जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, शनिवार 12 अगस्त, 2023


# सिर्फ 20 दिन शेष NPO को बंद होने में।

FIXED PRICE

NO MIDDLE-MEN
DIRECT TO CUSTOMER

KEDIA सेजस्थान
KOTHI & WALK-UP APARTMENT
अजमेर रोड़, जयपुर

## 5 महीने में 25 लाख और पजेशन तक 50 लाख तक का रिटर्न

## PROPOSED FIXED RATE & RENTAL



1.5 गुना रिटर्न

POSSESSION DEC. 2025

| युनिट टाइप कीमत (लाख में) | NPO New Product Offer आज की रेट | 31 अगस्त की रेट +5% | 30 सितम्बर की रेट +10% | 31 अक्टूबर की रेट +15% | 30 नवम्बर की रेट +20% | 31 दिसम्बर की रेट +25% | पजेशन की रेट +50% | पजेशन के बाद रैंटल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 BHK (GF) अपार्टमेंट | 45 L | 47.25 L | 49.50 L | 51.75 L | 54 L | 56.25 L | 67.50 L | 22,000 |
| 3 BHK (SF) अपार्टमेंट | 50 L | 52.50 L | 55 L | 57.5 L | 60 L | 62.50 L | 75 L | 25,000 |
| 3 BHK (FF) अपार्टमेंट | 55 L | 57.75 L | 60.5 L | 63.25 L | 66 L | 68.75 L | 82.50 L | 28,000 |
| 3 BHK BIG कोठी | 60 L | 63.00 L | 66 L | 69 L | 72 L | 75 L | 90 L | 30,000 |
| 4 BHK BIGGER कोठी | 70 L | 73.50 L | 77 L | 80.50 L | 84 L | 87.50 L | 105 L | 40,000 |
| 4 BHK BIGGEST कोठी | 100 L | 105 L | 110 L | 115 L | 120 L | 125 L | 150 L | 50,000 |

KEDIA®

1800 120 2323
info@kedia.com www.kedia.com
www.rera.rajasthan.gov.in | RERA No. RAJ/P/2023/2387

WALKTHROUGH QR CODE | DOWNLOAD BROCHURE | LOCATION QR CODE | ROUTE MAP | SITE TOUR 360 DEGREE

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

जिसमे आत्मविश्वास नहीं, उसमे अन्य चीजों के प्रति विश्वास कैसे उत्पन्न हो सकता है। –विवेकानंद

# धर्म ग्रन्थों की व्याख्या, धर्म स्थलों के आदर-अनादर, धर्मयात्राओं पर इतनी मारामारी क्यों?

कई बार धर्मग्रन्थों की, किसी व्यक्ति द्वारा की गई व्याख्या, टिप्पणी आदि को लेकर, विभिन्न समूहों में तनाव उत्पन्न हो जाता है। ऐसा होते ही टीवी चैनल्स पर प्रायोजित, कर्कश डिबेट्स शुरू हो जाती है। इसी प्रकार कई बार, घृणित मकसद से किसी धर्मग्रन्थ के कुछ पन्ने फाड़ कर फेंक दिए जाते है या ग्रन्थ को किसी अपवित्र स्थान, सड़क पर डाल दिया जाता है। कई बार ऐसा किसी से भूल, लापरवाही से भी ऐसा हो जाता है। इन घटनाओं को लेकर भी विजुअल-प्रिंट मीडिया में तरह-तरह के भड़काऊ बयानों की बाढ़ आ जाती है।

प्रश्न है कि आखिर ऐसी बातों पर हम लोग मरने मारने को क्यों भुजाएं फड़काने को तैयार ही रहते है या तैयार कर दिए जाते है?

क्या धर्म ग्रन्थ ईश्वर द्वारा रचित-लिखित है?

इस लेखक का मानना है कि कोई धर्मग्रन्थ इस प्रकार का क्लेम नहीं करता। अधिक से अधिक यह माना जाता है कि धर्मग्रन्थों में, समय-समय पर ईश्वर नें अपने विशेष कृपा पत्र शिष्यों, भक्तों, अनुयायियों को जो रास्ता दिखाया, उपदेश दिए उनका अनुयायिओं द्वारा किया गया संकलन है।

ईश्वर की वाणी को जैसा उनके अनुयायी समझें उसके अनुसार उन्होंने उसे लिखा है। फलत बात तो यह है कि शिष्य नें जो कुछ सुना, उसको वह उसी अर्थ में समझा जो ईश्वरीय वाणी थी, जरूरी नहीं। बहुत सामान्य सी बात है कि सुनने और समझने में अंतर आ सकता है। समझने और उसको लिखने में शब्दों के चयन के कारण भी अंतर आ सकता है। लिखे हुए को पढ़कर उसे समझने में और मूल लेखक की समझ में भी अंतर सम्भव है।

विभिन्न धर्म ग्रन्थों में बहुत सी बातों पर सदैव से मतभिन्नता रही है, भिन्न-भिन्न व्याख्याएं होती आई है। बदली सामाजिक, राजनीतिज्ञ, भौतिक परिस्थितियों के अनुसार नई व्याख्याएं आना स्वभाविक है।

हिन्दू धर्म ग्रन्थों पर भी अनेक टिकाएं-व्याख्याए है। द्वैत-अद्वैत की व्याख्याएं है, एकोआहम-द्वितीय नास्ति कोई की अनेक व्याख्याएं है, मूर्ति पूजा के पक्ष में अथवा उसकी निरर्थकता पर बहस चलती आई है, नास्तिक-आस्तिक पर सदियों से बहस चलती आई है।

कुछ ही महीने पहले तुलसीदासजी द्वारा लिखित रामचरितमानस की कुछ पंक्तियों को लेकर नेताओं, धर्माधिशों के बीच, निरर्थक तीखी बहसें सुनने को मिली। तुलसीदास जी नें राम को मध्य में रख कर एक काव्य रचना की जिसमें राम को एक आदर्श पुत्र, पति, भाई, राजा के रूप में बताया है। इस काव्य रचना को भारत में अनेकानेक लोग धर्मग्रन्थ मानते है और उसको अपने घरों के पूजा स्थान पर आदर से रखते है।

तुलसीदास जी नें काव्य रचना तत्स्मय की सामाजिक, राजनीतिक परिस्थितियों को मध्य में रख कर की। तब की ओर अब की परिस्थितयों में बहुत बदलाव आ गया। राजतंत्र खत्म जो गए, प्रजातंत्र आ गये।

**सभी धर्म ग्रन्थों में इस ब्रह्मांड व मनुष्य की उत्पत्ति के बारे में लिखा गया है। उस समय बोलने वाले और लिखने वाले के जैसा समझ में आया वैसा लिखा। इन बातों में से, अब अधिकांश बाते वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सही नही ठहरती। कभी इन बातों पर भी धर्माचार्यों से अलग राय रखने वालों को प्रताड़ित-दण्डित होना पड़ा होगा।**

आज बहुत से लोग राम द्वारा सीता त्याग को अनुचित मानते है तो बहुत से लोग, राजा का लोकलज्जा के आगे नतमस्तक होने व अन्य कई तर्क देकर उसे उचित ठहराते है। सबसे बड़ा अकाट्य तर्क यह दिया जाता कि राम चूंकि ईश्वर के अवतार थे, उनसे कोई गलत निर्णय हो ही नही सकता। इस के आगे क्या तर्क होगा? स्त्रियों, शूद्रों, निचले स्तर की जातियों के सम्बंध में भी कुछ पंक्तियों के विरुद्ध व पक्ष में समय-समय, निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा तीखी बहसें चलाई जाती रहती है। हमे यह समझना होगा कि तुलसीदास जी भगवान या उनके दूत नहीं थे। वे एक मनुष्य थे और उस समय उन्होंने समाज में जो देखा, जैसा समझ वैसा लिख दिया। उन्होंने न कहीं लिखा, न कहा कि उन्होनें जो लिख दिया वह सदैव सदैव के लिए सत्य है।

मनु स्मृति, यद्यपि कोई धर्म ग्रन्थ नही किन्तु इसमें लिखे विचारों को लेकर भी पक्ष-विपक्ष में अनावश्यक बहस देखने को मिलती है। यह किताब काफी पुराने समय में, परिवार-समाज संचालन के नियमो की है जो वर्तमान में भारत के एक संवैधानिक राष्ट्र बनने और संविधान और उसके अंतर्गत बनाए कायदों के मध्यनजर पूर्णतः अप्रासंगिक हो चुके। हाँ, यह सही है कि इसके नियम, आज के दृष्टिकोण से देखे तो, महिलाओं, निम्न जाति के लोग के प्रति घोर अन्यायपूर्ण दिखते है। इसकी अधिक से अधिक यह प्रसांगिकता है कि इस से यह समझा जा सकता है कि तत्स्मय के समाज में हर दृष्टि से भयंकर अन्यायपूर्ण असमानता थी। यह अन्यायपूर्ण असमानताएं समाज सुधार आंदोलनों, शिक्षा के प्रसार के साथ, अच्छे कानून बनने के और प्रगति के अवसरों की बेहतर उपलब्धता के कारण कम से कम होती जा रही हैं।

सभी धर्म ग्रन्थों में इस ब्रह्मांड व मनुष्य की उत्पत्ति के बारे में लिखा गया है। उस समय बोलने वाले और लिखने वाले के जैसा समझ में आया वैसा लिखा। इन बातों में से, अब अधिकांश बाते वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सही नही ठहरती। कभी इन बातों पर भी धर्माचार्यों से अलग राय रखने वालों को प्रताड़ित-दण्डित होना पड़ा होगा। समय बीतने के साथ आम आदमी नें यह स्वीकार कर लिया कि जो विज्ञान कह रहा है वही ठीक है और धर्म ग्रन्थों की इन बातों पर अब कोई तकरार नहीं होते।

कुछ तत्व धर्मग्रन्थों की व्याख्याओं को लेकर जानबूझ कर, गलत इरादों के साथ तनाव पैदा करते है। यह सरकार का काम है कि उन्हें त्वरित कंट्रोल करे। जनता को ऐसे तत्वों के हाथों में नही खेलना चाहिए।

धार्मिक यात्राएं–सभी धर्मों के लोग, सदियों से, धर्म से जुड़े पवित्र स्थानों की यात्राएं करते है। मुस्लिम, ईसाई, हिन्दू, सिख, जैन, बौद्ध व दूसरे धर्मों के भी अपने अपने पवित्र-आस्था के स्थल है और वहां जाना नेकी का कार्य व फर्ज माना जाता है। समय बीतने के साथ, आबादी के बढ़ने और माइग्रेशन के कारण लोगों ने मूल स्थानों के अतिरिक्त भी प्रार्थना-आस्था के स्थल बना लिए, वहां भी धार्मिक यात्री के रूप में जाने की प्रथा शुरू हुई। पुराने समय से चली आ रही, इन यात्राओं के निश्चित समय, स्थान, मार्ग है। स्वयमसेवी संगठन, शासन-प्रशासन इन यात्राओं को शांतिपूर्वक करवाने के लिए सारे उचित प्रबंध करते है।

किन्तु वर्तमानं में यह प्रवर्ति बढ़ गई है कि लोग मनमर्जी से स्वयं की अथवा राजकीय भूमि पर बिना शासन-प्रशासन की अनुमति के आस्था स्थल बना लेते है। कायदे से इनके लिए कानूनी अनुमति आवश्यक है किंतु अधिकांशतः ऐसा नहीं किया जाता। इनके पहुँचमार्ग, आसपास के आबादी घनत्व का भी ध्यान नहीं रखा जाता। प्रशासन भी इस ओर समय पर पर्याप्त ध्यान नहीं देता।

यह भी चलन बढ़ गया है कि ऐसे नव निर्मित व पुराने पूजा स्थलों के लिए कोई भी 100-50 लोग कोई दल बनाकर, बिना प्रशासन की अनुमति से, अपनी मनमर्जी के समय, रूट्स से यात्रा निकालने लग गए। इन में से ज्यादातर यात्री- लोग सद्भावना से ऐसा करते होंगे किन्तु कुछ शरारती तत्व जिनका इरादा समाज में तनाव, अशान्ति पैदा करना होता है वे इन यात्राओं में तलवार, भाले व अन्य खतरनाक हथियारों के साथ आते है, जबरन यात्रा का मार्ग बदलते है, दूसरे समुदाय के पूजा स्थलों के सामने अनावश्यक ठहराव करते है, वहां भड़काउ नारे लगाते और येन केन प्रकारेण अशांति पैदा करते, दंगे-फसाद करवाते है। कई बार यह शासन-प्रशासन की निर्णय की गलतियों से होते है। कई बार जानबूझ कर की गई या करवाई गई अकर्मण्यता के कारण होते है। परिणाम-- गरीब व मजदूर लोगों को गभीर चोटें, मृत्यु, उनके के घरों- दुकानों- रेहड़ी- ठेलों को नुकसान, दैनिक मज़दूरो का पलायन। इन सब का परिणाम उनके लिए विषम वितीय संकट उत्तपन्न होना। शायद ही कभी किसी बड़े आदमी के परिवार से जनहानि होती हो या कोई बहुत बड़ा आर्थिक नुकसान होता हो ।

**–अतिथि सम्पादक,**
**महावीर सिंह,**
**आई.ए.एस. ( से.नि. )**

# वंदे भारत ट्रेन उदयपुर पहुंची, अजमेर-जयपुर तक रविवार को होगा ट्रायल



वंदे भारत ट्रेन शुक्रवार को उदयपुर पहुंची। इस ट्रेन को उदयपुर सिटी रेलवे स्टेशन पर लाकर ट्रैक नं. 5 पर खड़ा किया।

**उदयपुर, (कासं)।** वंदे भारत ट्रेन शुक्रवार को उदयपुर पहुंची। यह ट्रेन चेन्नई से चलकर चित्तौड़गढ़ होते हुए दोपहर 1.45 पर उदयपुर के राणा प्रताप रेलवे स्टेशन पर पहुंची जहां से शाम 4 बजकर 16 मिनट पर इसे उदयपुर सिटी रेलवे स्टेशन पर लाकर ट्रैक नं. 5 पर खड़ा किया गया है। वंदे भारत ट्रेन उदयपुर से जयपुर (दुर्गापुरा) के बीच चलेगी हालांकि इसको लेकर रेलवे की ओर से अभी तक कोई कार्यक्रम जारी नहीं किया गया है। ऐसे में इस माह के अंत तक यह सौगात मिल सकती है। इधर, इस ट्रैन का उदयपुर ट्रायल पूरा होने के बाद रविवार को वंदे भारत ट्रेन का उदयपुर-अजमेर-जयपुर मार्ग पर ट्रायल होगा। यह ट्रेन आठ कोच की रहेगी। प्रदेश को तीसरी वंदे भारत मिलने जा रही है।

**■ वंदे भारत ट्रेन उदयपुर से जयपुर (दुर्गापुरा) के बीच चलेगी हालांकि इसको लेकर रेलवे की ओर से कार्यक्रम जारी नहीं किया है**

इस ट्रैन के उदयपुर से जयपुर (दुर्गापुरा) के बीच चलने की संभावना है। हालांकि इसका रूट अभी उदयपुर से कोटा, सवाईमाधोपुर होकर जाने का सामने आ रहा है लेकिन अभी रेलवे की ओर से इसकी जानकारी नहीं मिली है।

वहीं रविवार को वंदे भारत ट्रैन को उदयपुर से अजमेर-जयपुर रूट पर ट्रायल होगा। इसके लिए रविवार को वंदे भारत ट्रैन सुबह 8 बजकर 10 मिनट पर उदयपुर से रवाना होगी जो मावली, चंदेरिया, भीलवाड़ा होते हुए 12 बजे अजमेर व दोपहर 2 बजकर 10 मिनट पर जयपुर पहुंचेगी। इसके बाद शाम 4 बजे यह जयपुर से रवाना होगी जो रात 10 बजे उदयपुर पहुंचकर अपना ट्रायल पूरा करेगी। ट्रायल पूरा होने के बाद यह ट्रेन किस रूट पर चलेगी इसका निर्णय होगा। ऐसे में कयास लगाए जा रहे है कि अगस्त के अन्त तक प्रदेश में वंदे भारत तीसरी ट्रैन दौड़ती नजर आएगी।

# नगर परिषद जालोर में पसरी गंदगी से लोग परेशान

## शहर में बारिश के बाद भी अब तक सफाई व्यवस्था माकूल नहीं हो पाई

**जालोर, (कासं)।** जालोर नगरपरिषद की उदासीनता के चलते शहर में गंदगी से अटा पड़ा हैं। ऐसे में बारिश के बाद अभी तक कई कॉलोनियों के लोग गंदगी से परेशान है। ऐसे में शुक्रवार को स्मार्टफोन वितरण के दौरान महिलाओं की भीड़ परिषद में देखी गई। ऐसे में शहर की सफाई जिम्मा उठाने वाली परिषद में गंदगी पसरी रही। ऐसे में शहर की गंदगी की सफाई कैसे हो सकती है।

जालोर नगरपरिषद में कई पद रिक्त होने के साथ परिषद में कोई धणी धोरी नही होने से कार्मिक भी अपनी अपनी मर्जी से कार्य करते नजर आ रहे है। ऐसे में परिषद में कार्य करवाने आने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शुक्रवार को दूसरे दिन इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन लेने के लिए महिलाओं की भीड़ परिषद में काफी नजर आई। ऐसे में परिषद के बाहर धूप में महिलाएं फोन के लिए परेशान होती देखी गई। वहीं परिषद में गंदा पानी बहने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जिसका शहर की सफाई का जिम्मा दिया हुआ है। उस कार्यालय में स्वयं गंदा पानी बहता हो, तो शहर के हालात क्या बयां करते होगे। ऐसे में शहर की स्थिति बद से बदत्तर होती नजर आ रही है। लेकिन परिषद के अधिकारी आंखे मूंदे बैठे नजर आ रहे हैं।



जालोर नगरपरिषद में गंदा पानी बहने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

परिषद के लगभी सभी कार्मिक भ्रष्टाचार के बगैर कोई भी कार्य करते नही है। ऐसे में आमजन के कार्य परिषद से करवाना मुश्किल है। शुक्रवार को गंदा पानी परिषद में बहने से खासकर स्मार्टफोन लेने पहुंची महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। परिषद में सभापति मौजूद होने के उपरान्त गंदा पानी उनके कार्यालय के आगे सभी बहता नजर आया। परिषद स्वयं में गंदगी पसरी हो तो शहर के हालात क्या होगे।

**■ स्मार्टफोन लेने पहुंची महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा**

यह आमजन सोच सकता है। शहर में बारिश के बाद भी तक सफाई व्यवस्था माकूल नहीं हो पाई है। ऐसे में शहर में गंदगी से अटा पड़ा है। वहीं आने वाले समय में भयंकर गंदगी से महामारी फैल सकती है। लोगों ने बताया कि परिषद में कोई सुनने वाला नहीं है। बारिश के बाद जगह-जगह पानी भरा हुआ है। तथा कई जगह सड़कें क्षतिग्रस्त हो चुकी है। ऐसे में क्षतिग्रस्त सड़के हादसा का सबब बनती नजर आ रही है। शहर में गंदगी से आमजन परेशान है।

# बाल विवाह के बंधन से मुक्त हुई "कंचन"

**जोधपुर, (कासं)।** सारथी ट्रस्ट की डॉ. कृति भारती के संबल से कंचन ने बाल विवाह की पीड़ा से मुक्ति पा ली। 11 साल से बाल विवाह का दंश झेल रही कंचन को सारथी ट्रस्ट के संबल से बाल विवाह निरस्त होने से असली आजादी मिल गई। जोधपुर के पारिवारिक न्यायालय संख्या एक ने कंचन के बाल विवाह निरस्त का ऐतिहासिक फैसला सुनाया। जिसके साथ ही सारथी ट्रस्ट की मैनेजिंग ट्रस्टी एवं पुनर्वास मनोवैज्ञानिक डॉ. कृति भारती ने देश के पहले बाल विवाह निरस्त से लेकर अब तक लगातार 50 मासूम जोड़ों का बाल विवाह निरस्त करवाने का भी अनूठा कीर्तिमान रच दिया।

**■ डॉ. कृति ने रचा 50 वां बाल विवाह निरस्त का कीर्तिमान**

जोधपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्र निवासी एक दुकान संचालक ने करीब 11 वर्ष पूर्व अपनी सात साल की पुत्री कंचन का विवाह कर दिया था। कंचन को बड़ी होने पर ही खुद के बाल विवाह के बारे में पता चला। इस पर वह अवसाद ठास्त हो गई। इस दौरान ही ससुराल वालों ने कंचन का गौना करवाने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। इस बीच कंचन के भाई को जोधपुर के सारथी ट्रस्ट की मैनेजिंग ट्रस्टी एवं पुनर्वास मनोवैज्ञानिक डॉ. कृति भारती की बाल विवाह निरस्त की मुहिम के बारे में पता चला। कंचन और उसके भाई ने डॉ.कृति भारती से मुलाकात कर खुद की पीड़ा बयां की। जिसके बाद डॉ. कृति भारती की मदद से कंचन के बाल विवाह निरस्त का वाद जोधपुर के पारिवारिक न्यायालय संख्या 1 में दायर किया गया।

कंचन के पारिवारिक न्यायालय में बाल विवाह निरस्त का वाद दायर करना कुछ जाति पंचों को नागवार गुजरा। जाति पंचों ने कंचन, उसके परिजनों और कुछ सहयोगियों को जाति बाहर करने का फरमान सुना दिया। वहीं लाखों का अर्थ दंड भी लगा दिया। कंचन व परिजनों पर जाति पंचों के सितम के बीच सारथी ट्रस्ट की डॉ. कृति भारती की काउंसलिंग के बाद कई जाति पंच कंचन के पक्ष में आ गए और कंचन के परिजनों को बिरादरी में वापस शामिल कर दिया। वहीं कंचन के बाल विवाह निरस्त पर भी सहमति जता दी।

पारिवारिक न्यायालय संख्या एक में कंचन की ओर से चाइल्ड एंड वूमेन राइट्स एक्टिविस्ट एवं एडवोकेट डॉ. कृति भारती ने पैरवी कर बाल विवाह और आयु संबंधी तथ्यों से अवगत करवाया। इस बीच डॉ. कृति की काउंसलिंग और वर पक्ष के वकील प्रकाश पंवार के सकारात्मक सहयोग से दोनों पक्षों में सहमति भी बन गई।

जिसके बाद पारिवारिक न्यायालय संख्या एक के न्यायाधीश मुज्जफर चौधरी ने कंचन के महज 7 साल की उम्र में 11 साल पहले हुए बाल विवाह को निरस्त करने का फैसला सुनाया। न्यायाधीश चौधरी ने समाज को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि बाल विवाह का दंश कई पीढ़ियों तक झेलना पड़ता है। मासूमों पर बाल विवाह के सितम को रोकने में सबको समेकित जिम्मेदारी निभानी होगी। देश का पहला बाल विवाह निरस्त करवाने के बाद लगातार मुहिम चलाकर सारथी ट्रस्ट की मैनेजिंग ट्रस्टी और पुनर्वास मनोवैज्ञानिक डॉ.कृति भारती ने प्रदेश भर में अब तक 50 जोड़ों के बाल विवाह निरस्त करवाकर अनूठा कीर्तिमान कायम किया है। विश्व भर में एक मात्र राजस्थान में ही सारथी ट्रस्ट की डॉ.कृति के प्रयासों से 50 जोड़ों के बाल विवाह निरस्त हुए हैं।

डॉ.कृति भारती, मैनेजिंग ट्रस्टी एवं पुनर्वास मनोवैज्ञानिक, सारथी ट्रस्ट, जोधपुर का कहना है कि कंचन को बाल विवाह से मुक्ति मिल गई हैं। इसके साथ ही मेरे प्रयासों से प्रदेश में बाल विवाह निरस्त का अर्धशतक पूरा हो गया, यानी कि विश्व में 50 बाल विवाह केवल राजस्थान में ही निरस्त होने का अनूठा कीर्तिमान बना है। मेरा सपना है कि बाल विवाह केवल इतिहास की किताबों में दफन हो जाए। कंचन के बेहतर पुनर्वास के प्रयास किए जा रहे है। कंचन, बाल विवाह पीड़िता ने कहा कि कृति दीदी की मदद से मेरा बाल विवाह निरस्त हो गया है। मैं बहुत खुश हूं। अब मैं अपने सपने पूरे करूंगी।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

### शनिवार 12 अगस्त, 2023

द्वि. सावन मास (अधिक), कृष्ण पक्ष, एकादशी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2080, मृगशिरा नक्षत्र प्रातः 6:02 तक, हर्षण योग दिन 3:22 तक, बालव करण प्रातः 6:32 तक, चन्द्रमा मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-कर्क, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-सिंह, बुध-सिंह, गुरू-मेष, शुक्र-कर्क, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज कमला (पुरूषोत्तम) एकादशी व्रत वैष्णवों का है। आज उन्मीलिनी महाद्वादशी व्रत है। आज एकादशी तिथि में वृद्धि हुई है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ 7:38 से 9:16 तक, चर 12:32 से 2:10 तक, लाभ-अमृत 2:10 से 5:26 तक।

**राहूकालः** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 6:00, सूर्यास्त 7:03

**मेष**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा है। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

**मिथुन**
अपने आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
व्यक्तिगत परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। वाणी पर संयम रखना ठीक रहेगा।

**सिंह**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए यात्रा संभव है।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आवश्यक कार्यों के लिए यात्रा संभव है।

**तुला**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**धनु**
परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**मकर**
अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
घर-परिवार में चल रहे आपसी आपसी मतभेद समाप्त होंगे। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



There's a bit of Cillian in all of us

In the many reasons to list, one being, that he did not appreciate his kids picking up "very posh English accents".

Battery Sleuth To Stop Car Theft

The 'Chonkiest Whale Ever' — And maybe the heaviest animal the world has ever seen.

# 'आप सब मेरे पैसों से चुनाव लड़ते हैं और फिर मुझसे ही इस तरह से बात करते हैं'

## पोलिटिकल अफेयर्स कमेटी में मु.मंत्री गहलोत के इस कथन से के.सी. वेणुगोपाल भी भौंचक्के रह गए

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 11 अगस्त। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का अपने ऊपर एवं अपने क्रोध के ऊपर नियंत्रण कम होता जा रहा है। वे एक ऐसे व्यक्ति हैं जो असुरक्षित प्रतीत हो रहे हैं तथा आगामी विधानसभा चुनावों में दबाव को सँभालने में असमर्थ हैं।

आज हुई पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की मीटिंग में गहलोत ने दायें, बायें तथा मध्य के साथियों पर प्रहार किये तथा वे पूरी तरह से आपे से बाहर नज़र आए। इस मीटिंग में के.सी. वेणुगोपाल उपस्थित हुये थे क्योंकि मधुसूदन मिस्त्री उपस्थित नहीं हो सके थे।

उनके क्रोध के निशाने पर एस.सी. और एस.टी. नेता थे।

- **गहलोत की टिप्पणी का जवाब देते हुए वेणुगोपाल यहां तक कह गए कि, क्या आपने चुनाव को फंड देने के लिए अपनी जमीन बेची है।**
- **गहलोत ने रघुवीर मीणा से कहा, तुम चुनाव तक नहीं जीत सकते, मैं जानता हूँ तुम्हारी हैसियत क्या है।**
- **फिर उन्होंने नीरज डांगी का रूख किया, आपके तीन बार चुनाव हारने के बाद भी मैंने आपको राज्यसभा भेजा, आप सिर्फ बातें करते हो।**
- **उन्होंने खाचरियावास के लिए कहा कि, बार-बार अलग-अलग बयान देते हैं, कोई नहीं जानता आप किसके साथ हैं।**
- **गहलोत रघु शर्मा पर भी झल्लाए और बोले, आप बड़े नेता हैं, अगर जातिगत जनगणना पर आपत्ति है तो राहुल गांधी से बात कीजीए।**

सी.डब्ल्यू.सी. सदस्य रघुवीर मीणा उस समय उनके निशाने पर आ गये, जब उन्होंने ओ.बी.सी. मुख्यमंत्री की ओ.बी.सी. के लिए 6 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा का मुद्दा उठाया तथा कहा कि इससे बहुत नाराज़गी पैदा हुई है तथा इस विषय पर सोशल मीडिया पर विचार-विमर्श कर रहे युवाओं के हृदय धधक रहे हैं।

इस पर गहलोत अपना धैर्य खो बैठे। उन्होंने कहा कि आप चुनाव नहीं जीत सकते और मैं जानता हूँ कि तुम्हारी हैसियत क्या है। उन्होंने कहा कि मैंने आपको कई बार टिकट दिये, लेकिन आप कभी नहीं जीत पाये। मैंने आपको सलूम्बर जिला दिया लेकिन यहाँ भी आप कुछ कर पाये हैं। जिस तरीके से गहलोत बोल रहे थे, उससे मीणा की आँखों में सचमुच ही आँसू भर आये।

इसके बाद, वे नीरज डाँगी की तरफ उन्मुख हुये। उन्होंने कहा कि आप एम.एल.ए. का चुनाव तीन बार हार गये लेकिन फिर भी मैंने आपको राज्यसभा में भेजा। अब आप अपने साले के लिये टिकट माँग रहे हैं लेकिन आपके क्षेत्र में आपका कोई असर ही नहीं हैं। आपने कोई काम नहीं किया है, केवल बातें की हैं। इसके बाद उन्होंने प्रताप खाचरियावास को आड़े हाथों लिया और कहा कि आपने विभिन्न अवसरों पर भिन्न-भिन्न बयान दिये और यह बात कोई

( शेष पृष्ठ 5 पर )

क्या आपको कम सुनाई देता है। ?
ऑटोमेटिक कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
कॉकलियर इम्पलांट, ऑटिज्म
डिले स्पीच, हकलाना, तुतलाना
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
सम्पर्क- 94602 07080

# 'पब्लिसिटी इन्ट्रैस्ट लिटिगेशन'

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 11 अगस्त। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को संविधान की धारा 32 के तहत एक जनहित याचिका की सुनवाई करने से इंकार कर दिया, जिसमें 26 राजनैतिक पार्टियों के खिलाफ यह निर्देश देने का निवेदन किया गया था कि उन पर "इंडियन नैशनल डवलपमैंट इंक्लुसिव एलायंस" को "इंडिया" या अन्य मिलते-जुलते नाम के प्रयोग पर पाबंदी लगाई जाय। जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस सुधांशु धूलिया ने याचिकाकर्ता की हैसियत से पूछा और कहा, "इसे पेश करने वाले आप कौन होते हैं। यह विशुद्ध रूप से "पब्लिसिटी इंट्रेस्ट लिटिगेशन" लगती है। अगर आपको कोई शिकायत है तो आपको चुनाव आयोग के पास जाना चाहिए और उन्हें उचित कार्रवाई करने देनी चाहिए।" जब वकील अपने तर्कों पर अड़े रहे तो कोर्ट ने दखल कर आदेश दिया, "हम इस याचिका को संविधान की धारा 32 के तहत स्वीकार नहीं कर सकते। तब वकील ने कोर्ट से निवेदन किया कि याचिका वापस लेने की अनुमति दें, तो जस्टिस धूनिया ने कहा, "हमने आपको पहले ही यह विकल्प दिया था। इस स्तर पर विद्वान वकील मामले को वापस लेना चाहते हैं, इसलिए याचिका खारिज की जाती है।

- **सुप्रीम कोर्ट ने विपक्ष द्वारा "इंडिया" नाम रखे जाने के खिलाफ दायर याचिका को प्रचार का हथकंडा बताकर खारिज कर दिया।**

# मॉब लिंचिंग और नाबालिग से रेप पर मौत की सजा

## इंडियन पीनल कोड की जगह प्रस्तावित भारतीय न्याय संहिता का प्रावधान

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 11 अगस्त। संसद के मानसून सत्र के अंतिम दिन गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को लोकसभा में तीन विधेयक पेश किए जिनका उद्देश्य है उपनिवेश कालीन अपराधिक कानूनों में आमूलचूल परिवर्तन करना। इसमें विवादास्पद राजद्रोह कानून से लगाकर बच्चों और अवयस्कों के अधिकार सुरक्षित करने के कानून को मजबूत बनाना तक शामिल हैं।

गृह मंत्री ने इण्डियन पीनल कोड, सी.आर.पी.सी. और एविडेंस एक्ट की जगह लेने के लिए क्रमशः भारतीय न्याय संहिता बिल, भारतीय सुरक्षा संहिता बिल और भारतीय साक्ष्य संहिता बिल पेश किए। शाह ने कहा कि नए कानून का लक्ष्य है न्याय देना। उन्होंने कहा कि सुधार आवश्यक था क्योंकि उपनिवेश काल के कानून एक सदी से ज्यादा से अपराधिक न्याय व्यवस्था के मूल में थे। ये विधेयक चर्चा के लिए संसद की स्थायी समिति को भेजे जाएंगे।

कुछ विधि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि ये विधेयक पारित हो गए तो इससे न्यायिक प्रक्रिया बाधित होगी क्योंकि अदालतों को हजारों मुकदमों में प्रक्रियात्मक प्रभाव को देखना होगा। लेकिन अधिकारिक राय है कि नए कानूनों से महिला और नाबालिगों के अधिकारों को सुरक्षित रखने के कानूनों में सुधार पर नए सिरे से चर्चा होगी और अपराध संहिता में भी पारदर्शिता आएगी। नए कानून में नाबालिग से बलात्कार और मोब लिंचिंग पर मौत की सजा का प्रावधान है।

नए परिवर्तन में राजद्रोह कानून को भी खत्म कर दिया गया है, इस कानून का उपयोग तत्कालीन ब्रिटिश शासकों द्वारा भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों के खिलाफ किया जाता था। लेकिन 1947 के बाद इस कानून को चुनी हुई सरकारों ने लोगों का डराने-धमकाने के काम में लेना शुरु कर दिया। प्रस्तावित विधेयक में इसके स्थान पर ऐसे अधिनियम आ जाएंगे जो देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरा पहुंचाने के खिलाफ होंगे। पिछले वर्षों में भाजपा सरकार ने दर्जनों बेकार कानूनों को समद्र कर देश के औपनिवेशिक दौर की विधि-व्यवस्था का आधुनिकीकरण किया है।

- **केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मानसून सत्र के अंतिम दिन ब्रिटिश राज के तीन कानूनों को खत्म करने व उनकी जगह नए कानून के विधेयक पेश किए।**
- **इंडियन पीनल कोड की जगह भारतीय न्याय संहिता, कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसीजर की जगह भारतीय सुरक्षा संहिता और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य विधेयक लाए गए हैं।**
- **नए फेरबदल से राजद्रोह कानून को भी पूरी तरह से खत्म करने का प्रस्ताव है।**




# 'सितंबर के अंत या अक्टूबर की शुरूआत में होगी कांग्रेस उम्मीदवारों की घोषणा'

## कांग्रेस की चुनाव समिति और पोलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान कांग्रेस की चुनाव समिति और पोलिटिकल अफेयर समिति की बैठक के बाद कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने एक बार फिर सितंबर में टिकट दिए जाने की बात कही। उनके तुरंत बाद मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा या तो सितंबर के अंत में या फिर अक्टूबर पहले सप्ताह में उम्मीदवार तय किए जाने का प्रयास किया जायेगा। यानी कि कांग्रेस का टिकट वितरण जल्दी किये जाने का दावा फीका पड़ता दिख रहा है। गौरतलब है कि राजस्थान के कांग्रेस प्रभारी रंधावा और मुख्यमंत्री गहलोत शुरू से ही टिकट वितरण जल्दी करने का दावा करते आ रहे हैं।

- **गौरतलब है कि गहलोत और रंधावा आरंभ से ही जल्दी टिकट देने की बात कर रहे हैं, पर ऐसा होता नहीं दिख रहा**
- **बैठक में आलाकमान के दूत वेणुगोपाल बोले, ''सब मिलकर लड़ो चुनाव''**
- **17 तारीख को सभी लोकसभा क्षेत्र में जाएंगे कांग्रेस ऑब्ज़र्वर**
- **रंधावा का दावा-जिताऊ को ही देंगे टिकट**

इस बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल और चुनाव के लिए सीनियर ऑब्ज़र्वर मधुसूदन मिस्त्री ने हाईकमान का मैसेज नेताओं को दिया है। दोनों ने राजस्थान के नेताओं को एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरने और ग्रास रूट स्तर पर अभी से टीम को सक्रिय करने को कहा। पहले तो वेणुगोपाल और मिस्त्री ने लोकसभावार बनाए गए ऑब्ज़र्वर्स के साथ बैठक की। इसके बाद पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की पहली बैठक में विधानसभा चुनावों की रणनीति और उम्मीदवारों के चयन पर चर्चा हुई। अब कांग्रेस के सभी बड़े मुद्दे और बड़े चुनावी फैसले पहले पोलिटिकल अफेयर्स कमेटी में लाए जाएंगे। कमेटी में चर्चा के बाद ही सियासी फैसलों को आगे बढ़ाया जाएगा।

कमेटी की बैठक के बाद संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने दावा किया कि, राजस्थान में कांग्रेस फिर से सरकार बनाने जा रही है। वेणुगोपाल ने कहा कि राजस्थान सरकार ने गरीबों के लिए योजनाएं दी हैं, वहीं, भाजपा सिर्फ अमीरों के लिए काम कर रही है। इसलिए राजस्थान का चुनाव अमीर बनाम गरीबों के बीच होगा।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री बोले कि कर्नाटक मॉडल पर चुनाव लड़ा जाएगा और टिकट सिलेक्शन प्रोसेस जल्दी शुरू करवाकर सितंबर अंत या अक्टूबर के पहले वीक तक टिकट फाइनल करें, यह प्रयास रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी 17 तारीख को सभी ऑब्ज़र्वर अपने-अपने लोकसभा क्षेत्र में जाकर कांग्रेस जनों से बात करेंगे। उसके बाद आपसी सहमति से उम्मीदवारों का फैसला किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पोलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक के मेंबर प्रदेश चुनाव समिति के मेंबर भी हैं। प्रदेश चुनाव समिति के मेंबर और पर्यवेक्षक फील्ड में जाकर सबकी राय लेंगे।

पार्टी में मतभेदों को स्वीकार करते हुए गहलोत ने कहा कि छोटे-मोटे मतभेद हर पार्टी में होते हैं, इसे तूल नहीं दें। हम सब की मंशा है कि हमें विधानसभा चुनाव जीतना है, सरकार बनानी है। उसमें सबकी एक ही राय है। मतभेदों की बात को अनावश्यक रूप से फैलाने का प्रयास नहीं करें। मतभेद की खबरों को तड़का लगाकर बताने में बड़ा मजा आता है, तड़का लगाना बंद करें। यह चुनाव राजस्थान का ही चुनाव नहीं है, यह चुनाव देश के भविष्य को लेकर है।

बैठक के बाद कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि, टिकट वितरण में जिताऊ और टिकाऊ का फॉर्मूला होगा। फील्ड में काम के आधार पर जो उम्मीदवार जिताऊ होगा, उसे टिकट दिया जाएगा। हम साथ बैठकर सामूहिक रूप से टिकट वितरण पर फैसला करेंगे। सभी नेता एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे।

# भ्रूण लिंग जांच के नाम पर धोखाधड़ी करने वाली महिला दलाल गिरफ्तार

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। स्टेट पीसीपीएनडीटी सेल ने एक डिकॉय ऑपरेशन के जरिए भ्रूण लिंग जांच के नाम पर धोखाधड़ी करने वाली एक महिला दलाल को गिरफ्तार किया है। ये महिला दलाल गर्भवती महिलाओं से पैसे लेकर झूठी रिपोर्ट देती थी। डिकॉय टीम की सदस्य गभर्वती महिला के साथ भी उसने ऐसा ही किया, जिसके बाद टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पिछले एक महीने में सेल की ये दूसरी कार्रवाई है। जब इस काम में महिला दलाल को पकड़ लिया।

- **लोगों से पैसे लेकर बताती थी गर्भ में लड़की है या लड़का**
- **शाहपुरा, विराटनगर और थानागाजी के आसपास सक्रिय है आरोपी**



**स्टेट पीसीपीएनडीटी सेल ने एक डिकॉय ऑपरेशन के जरिए भ्रूण लिंग जांच के नाम पर धोखाधड़ी करने वाली एक महिला दलाल को गिरफ्तार किया है।**

एनएचएम के मिशन निदेशक डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि शाहपुरा, विराटनगर, थानागाजी के आसपास एक गिरोह गर्भवती महिलाओं की भ्रूण लिंग जांच करवाता है। सूचना की पुष्टि के बाद हमने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीसीपीएनडीटी सतवीर सिंह के नेतृत्व में एक डिकॉय टीम बनाई। टीम की सदस्य गर्भवती महिला ने दलाल नैहना देवी पत्नी अशोक कुमार शर्मा निवासी नाथासूर अलवर से बातचीत की। इस बातचीत में दलाल महिला ने गर्भवती महिला को 25 हजार में भ्रूण लिंग जांच करवाने की बात कही। इसके बाद दलाल नैहना देवी ने डिकॉय गर्भवती को विराटनगर के बस स्टैंड पर बुलाया। वहां से अपनी गाड़ी में शाहपुरा लेकर गई और राजकीय चिकित्सालय से गर्भवती महिला की पर्ची बनवाकर सोनोग्राफी लिखवा कर हॉस्पिटल के सामने संचालित निजी सोनोग्राफी सेंटर में लेकर गई। सरकारी हॉस्पिटल की पर्ची के बाद सोनोग्राफी सेंटर पर जाकर गर्भवती महिला की सामान्य तरीके से सोनोग्राफी की जांच करवाई। जांच करवाने के बाद जैसे ही गर्भवती महिला और उसकी सहयोगी महिला जांच सेंटर से बाहर आई तो दलाल महिला ने उनसे मुलाकात की और मौखिक तौर पर गर्भ में पल रहे भ्रूण के बारे में बताया कि आपके गर्भ में लड़की है। इशारा मिलते ही डिकॉय टीम ने दलाल महिला को पकड़ लिया। इसके बाद टीम ने सोनोग्राफी सेंटर के दस्तावेज जांच किए, जो सही पाए गए। दलाल नैहना देवी से जब सख्ती से पूछताछ की तो उसने कबूल किया कि मैंने मनगढ़ंत तरीके से भ्रूण लिंग परीक्षण की जानकारी देकर राशि ली है। जिस पर टीम ने उसकी जब तलाशी ली तो उसके पास 24 हजार 500 के हूबहू नंबरी नोट बरामद किए।

# पोलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में मंत्री और नेताओं पर भड़के मुख्यमंत्री

## बैठक में मुख्यमंत्री के आपा खोने की राजनैतिक हलकों में भारी चर्चा है

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान कांग्रेस की पोलिटिकल अफेयर कमेटी की मीटिंग में कई नेता मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निशाने पर आए और भरी बैठक में ही मुख्यमंत्री ने इन नेताओं को खरी खरी कह दी। सी.डब्ल्यु.सी. सदस्य रघुवीर मीणा के साथ ही मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास और विधायक रघु शर्मा सहित राज्यसभा सदस्य नीरज डांगी मुख्यमंत्री के गुस्से का शिकार बने।

- **गहलोत ने खाचरियावास को कहा मीडिया से बात करते आप ट्रैक से उतर जाते हो।**
- **रघु शर्मा पर झल्लाते हुए गहलोत ने कहा आप तो बड़े नेता हो यहां नहीं राहुल गांधी को अपनी बात समझाईये**
- **गहलोत ने नीरज डांगी और रघुवीर मीणा को भी खूब खरी खोटी सुनाई।**

मुख्यमंत्री उस समय गुस्सा हुए जब रघुवीर मीणा ने कहा कि, बांसवाड़ा जैसे ट्राइबल क्षेत्र में आकर जनजाति के आरक्षण की बात न कर ओबीसी आरक्षण को 21 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया गया, जिससे आदिवासियों में नाराजगी है। मीणा ने कहा, हम ओबीसी आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन ट्राइबल लोगों के बीच हमें उनकी बात करनी चाहिए थी।

मीणा की इस बात पर गहलोत बहुत नाराज हो गए और रघुवीर मीणा से यहां तक कह दिया कि, एससी-एसटी के आरक्षण में बढ़ोतरी मैंने ही मुख्यमंत्री रहते की थी। उन्होंने यह भी कहा कि, वो आगे भी एससी- एसटी के लिए काम करते रहेंगे। मु.मंत्री गहलोत ने आगे और नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि मैंने ही सलूंबर को जिला बनाया और मैंने ही आपको चुनाव जीतने लायक परिस्थितियाँ प्रदान की है।

इसी बैठक में मुख्यमंत्री रघु शर्मा पर भी उस समय नाराज हुए, जब रघु शर्मा ने जातिगत जनगणना पर सवाल उठाते हुए कहा कि, इससे पार्टी को नुकसान होगा। रघु शर्मा को फटकार लगाते हुए मु.मंत्री ने कहा कि, जातिगत जनगणना करवाने का फैसला पार्टी का है और राहुल गांधी इसे लेकर बात रख चुके हैं। आप तो बड़े नेता हैं, अगर जातिगत जनगणना को लेकर कोई सवाल आपके मन में है तो फिर आप यहां नहीं राहुल गांधी को ये बात समझाइए।

इसी बैठक में मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास भी मुख्यमंत्री के गुस्से का शिकार बने। खाचरियावास बैठक में एग्रैसिव होकर कैम्पेन करने और अपनी बात रखने की सलाह पार्टी को दे रहे थे। इस पर मुख्यमंत्री ने खाचरियावास को आड़े हाथ लिया और कहा कि, मीडिया में बोलते समय जिस तरह आप ट्रैक से उतरकर बयानबाजी करते हो, वो भी पार्टी के लिए सही नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा, संगठन महामंत्री के.सी. वेणुगोपाल तो फिर भी समय लगाते हैं अगर उनके हाथ में हो तो वो एक दिन में अनुशासन सिखा देते।

गहलोत ने बैठक में राज्यसभा सांसद नीरज डांगी से कहा कि, लगातार तीन बार चुनाव हारने के बावजूद आपको राज्यसभा सांसद बनाया गया है। अब तो कम से कम अपने क्षेत्र की एक सीट जिताने की जिम्मेदारी अपने कंधे पर ले लीजिए।

### चार बदमाश पकड़े

**जयपुर**। मानसरोवर पुलिस ने काम करने के रुपए मांगने पर अपहरण कर मारपीट करने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वारदात के समय काम में लिया गया वाहन बरामद कर लिया। डीसीपी (दक्षिण) योगेश गोयल ने बताया कि 10 अगस्त को परिवादी कमल चौधरी ने मामला दर्ज करवाया।

# आईपीएस सुशील और आईएएस गिरधर दो माह बाद बहाल

**जयपुर** (कासं)। निलम्बित आईपीएस सुशील कुमार विश्नोई और आईएएस गिरधर के खिलाफ विभागीय जांच रिपोर्ट पेश होने के बाद राज्य सरकार ने शुक्रवार को दोनों को बहाल कर दिया है। दोनों अधिकारियों को अजमेर में होटल कर्मचारियों से मारपीट मामले में सरकार ने निलंबित किया था। सुशील कुमार अजमेर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात थे, जबकि आईएएस गिरधर अजमेर विकास प्राधिकरण के आयुक्त के पद पर लगे हुए थे।

- **अजमेर में होटल कर्मचारियों से मारपीट मामले में सरकार ने किया था निलंबित**

सूत्रों की मानें तो आईपीएस सुशील कुमार विश्नोई और आईएएस गिरधर अपने मित्रों के साथ 11 जून को देर रात अजमेर के गेगल थाना क्षेत्र स्थित एक रेस्टोरेंट में गए थे। मित्रों में अधिकतर सरकारी कर्मचारी व अधिकारी थे। वहां होटल कर्मचारियों से विवाद हो गया। विवाद होने के बाद दूसरा पक्ष भारी पड़ा तो वे अपने वाहन लेकर वहां से चले गए। इसके बाद दोनों अधिकारी अपने मित्रों के साथ वापस लौटे थे, जहां मारपीट की घटना हुई थी। पहले दो दिन तक मामले को अजमेर पुलिस ने दबाए रखा। राज्य सरकार की जानकारी में आने पर 13 जून को घटना में शामिल सुशील कुमार, गिरधर व अन्य कर्मचारियों को निलम्बित कर दिया गया था। अधिकारियों को निलम्बित करने के साथ ही विभागीय जांच शुरू की गई, जिसका जिम्मा डीआईजी रामेश्वर सिंह को दिया गया था। विभागीय जांच में सुशील कुमार व गिरधर के साथ अन्य कर्मचारियों ने भी अपना पक्ष रखा है। तय समय के मुताबिक जांच अधिकारी ने पहले अन्तरिम रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपी थी। इसके बाद गत सप्ताह पूर्ण रिपोर्ट भी पेश कर दी।

इस घटनाक्रम को लेकर दर्ज एफआईआर की जांच गेगल थाने से सीआईडी में स्थानांतरित की जा चुकी है। यह जांच अभी जारी है। यह जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोवर्धन सौंकरिया कर रहे हैं। जांच में अभी रेस्टोरेंट कर्मचारियों के बयान हुए हैं। आरोपित अधिकारी व कर्मचारियों के बयान अभी होने बाकी हैं।


**राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त-तृतीय**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर 0141-4901853

**आम जाहिर सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या - 4/692 जवाहर नगर, जयपुर, क्षेत्रफल 70.02 वर्ग मीटर का आवंटन श्री के. पी. तलवार पुत्र देश राज तलवार को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 7939 दिनांक 27/09/1983 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास का पंजीयन प्रपत्रो का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 22/03/1991 को करवाया गया। श्री कृष्ण प्रकाश तलवार की मृत्यु दिनांक 07/02/2010 को हो जाने के कारण श्रीमती विजय तलवार पत्नी स्व. श्री कृष्ण प्रकाश तलवार के द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, घोषणा पत्र, रजिस्टर्ड हकत्याग की छाया प्रति एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/ बैंक / संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्रीमती विजय तलवार पत्नी स्व.श्री कृष्ण प्रकाश तलवार के पक्ष में उक्तआवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही करदी जावेंगी।

**संपदा प्रबंधक,वृत्त तृतीय, राज. आ. मण्डल, जयपुर**



**खोया पाया**

मेरे मकान 11/55 मालवीय नगर, जयपुर का मूल दस्तावेज डिक्लेरेशन सैक्टर-11, मालवीय नगर जयपुर में कहीं गिर गया है। मिलने पर सूचित करें-अंशुमाथुर-9950983721

मेरा आईसीआईसीआई बैंक का हस्ताक्षर किया हुआ चेक नं. 009799 रिद्धी सिद्धी चौराहे से गोपालपुरा बाईपास के बिच कहीं गुम हो गया है मिले तो सूचित करें-7976424070

मेरे मकान 5/274 एसएफएस, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर का "Handling Over Taken Over Certificate" कहीं खो गया है। मिलने पर सूचित करें- 9414043709 मित्रा सौरभ राजकुमार

मेरे आवास संख्या 6/H/208 इन्दिरा गांधी नगर जयपुर का मूल आवंटन पत्र, कब्जा पत्र, अदेय प्रमाण पत्र (नोड्यूज), सेवन डेज, डिक्लरेशन पत्र व अन्य कागजात कहीं खो गये है। यदि किसी को मिले तो निम्न नम्बरों पर सूचित करें। मो. 9828395108

मेरे फ्लैट सं.29/F/60, गोदावरी अपार्टमेन्ट, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर का मूल आवंटन पत्र, कहीं गुम हो गया है। मिलने पर सम्पर्क करें। 9828068326


# दलित से जूते चटवाने की घटना की कड़ी निंदा की शेखावत ने

**जयपुर**। कांग्रेस विधायक द्वारा दलित व्यक्ति से जूते चटवाने की घटना की केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। शेखावत ने कहा कि कांग्रेस विधायक की जीभ न जल गई यह कहते हुए हमारे दलित भाई से कि जब तक जूते जीभ से साफ नहीं करेगा, जाने नहीं दूंगा।

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि दलितों को इंसान नहीं समझते ये अंग्रेजों के वंशज, इन्हें लगता है बस इनको ही अधिकार है जीने का, बाकी सब इनकी गुलामी करें। बीकानेर में छात्र की हत्या की घटना पर शेखावत ने कहा कि बीकानेर में कॉलेज छात्र की हत्या और सीसीटीवी फुटेज में पूरी घटना सामने आने के बाद भी पुलिस का किसी को गिरफ्तार नहीं किया जाना, संदेहास्पद है। यहां आरोपियों के बराबर पुलिस भी दोषी नजर आ रही है। किसने उसके हाथ बांधे हैं? विप्र समाज ने सर्वथा उचित मांग रखी है, आरोपियों की गिरफ्तारी तुरंत होनी चाहिए।

### लोकसभा अध्यक्ष आज जयपुर आएंगे

**जयपुर**। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला शनिवार को एक दिवसीय जयपुर दौरे पर रहेंगे। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष बिड़ला कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे। बिड़ला शनिवार को सुबह 5.30 बजे जयपुर एयरपोर्ट पर पहुंचेगे। उसके बाद सुबह 11 बजे कर्मयोगी रामगोपाल गार्ड जन्म शताब्दी समारोह तथा जन्म शताब्दी स्मृति ग्रंथ विमोचन समारोह खण्डेलवाल वैश्य गर्ल्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, वैशाली नगर में भाग लेंगे।


**तीये की बैठक**



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीया माताजी

**विमल कंवर**

धर्मपत्नी स्व. ठा.सा. देवेंद्र पाल सिंह (रिटायर्ड जिला रसद अधिकारी) का स्वर्गवास 11.08.2023 को हो गया। तीये की बैठक 12.08.2023 को सांय 4:00 से 5:00 बजे डी- 26, चोमू हाउस, जगनपथ, सी-स्कीम पर होगी।

**शोकाकुल**- ठा.सा. रामराजपाल सिंह, ठा.सा. राजेश पाल सिंह (पुत्र), ठा.सा. मदनमोहन पाल, कुं. पुर्ष्येद्र पाल सिंह, केशव पाल सिंह (पौत्र), महेंद्र सिंह शेखावत- प्रेमलता कंवर, सुरेंद्र सिंह शेखावत- बबीता कंवर (पुत्री- दामाद), मानवेंद्र सिंह शेखावत- नूपुर कंवर (पौत्री- दामाद), मिताली, नंदिनी, मनीषा (पौत्री) एवं समस्त पाल परिवार।

9414236372, 9983045000



**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# डॉक्टर एम.सी.भण्डारी चीफ पैटर्न बने



**ऑल इण्डिया नाबार्ड रिटायर्ड वेलफेयर एसोसिएशन, मुंबई की राजस्थान इकाई की साधारण आमसभा की बैठक शुक्रवार को संपन्न हुई।**

**जयपुर**, (का.सं.)। ऑल इण्डिया नाबार्ड रिटायर्ड वेलफेयर एसोसिएशन,मुंबई की राजस्थान इकाई की साधारण आमसभा की बैठक आज संपन्न हुई बैठक में राजस्थान इकाई की कार्यकारिणी का चुनाव निर्विरोध रूप से संपन्न हो गया। नई कार्यकारिणी के नव निर्वाचित सदस्य हैं। डॉक्टर एम.सी. भण्डारी चीफ पैटर्न ए .डी.रतनू अध्यक्ष, एम.एस.चौधरी उपाध्यक्ष, आलोक गीताई, सचिव, आर. बी. फंडा, सह सचिव, पवन आचार्य, कोषाध्यक्ष तथा जी. आर. केजरीवाल, एन.सी.पारीक, डॉक्टर सुनील पाण्डेय, मदन सिंह, गोपाल सिंह पंवार, सदस्य कार्यकारिणी तथा भवर पुरी को लीगल एडवाइजर के रूप में निर्वाचित किया गया। इस अवसर पर 75वर्ष पूर्ण करने वाले वरिष्ठ सदस्यों का शॉल ओढा कर,श्री फल भेंट कर सदस्यों का सम्मान किया गया। जिनमे सर्व जी.सी. जैन, वी एस भदौरिया, जी. आर . केजरीवाल रमेश चंद्र, को सम्मानित किया गया। नाबार्ड रीजनल ऑफिस नेहरू प्लेस के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में बड़ी संख्या में सेवानिवृत सदस्यों ने भाग लिया और अपनी भावी समस्याओं पर विचार विमर्श किया तथा सकारात्मक सहयोग के लिए नाबार्ड का धन्यवाद दिया।

# मुख्यमंत्री गहलोत को चुनाव के वक्त ही आरक्षण क्यों याद आता है : डॉ. सतीश पूनिया

**जयपुर**। राज्य की कांग्रेस सरकार के ओबीसी आरक्षण मामले पर मीडिया से बातचीत में विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने कहा कि भारत के संविधान में देश के सभी नागरिकों को उनकी योग्यता और क्षमता के आधार पर अवसर देने की बात कही है, लेकिन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को चुनाव के वक्त ही यह आरक्षण क्यों याद आता है।

- **'अशोक गहलोत को लगता होगा कि वह पोलिटिकल माइलेज ले लेंगे, लेकिन राजस्थान की जनता जन धारणा के हिसाब से फैसला करेगी और जन धारणा कांग्रेस सरकार के खिलाफ है'**

पूनिया ने कहा कि यदि मुख्यमंत्री की नीति और नीयत साफ होती तो इस तरीके की चीजों की पहले ही चर्चा की जा सकती थी, इन सभी चीजों की कानूनी और संवैधानिक मर्यादाएं क्या है, उसका भी ख्याल रखने की आवश्यकता है। मुझे लगता है कि मुख्यमंत्री अब जो घोषणाएं और जिस तरीके की बातें कर रहे हैं, यह पॉपुलिस्टिक चीजें हैं जो केवल मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए हैं, लेकिन राजस्थान का मतदाता बुनियादी मुद्दों पर आक्रोशित है, वह चाहे किसान कर्जमाफी के नाम पर वादाखिलाफी हो, चाहे बेरोजगारी हो, चाहे भ्रष्टाचार हो, चाहे बिगड़ी कानून व्यवस्था हो, इसलिए मुख्यमंत्री के सियासी दांव किसी के गले उतरेंगे नहीं। उनको लगता होगा कि इस तरीके के बयानों से वह पॉलिटिकल माइलेज ले लेंगे, लेकिन राजस्थान की जनता जन धारणा के हिसाब से फैसला करेगी और जन धारणा कांग्रेस सरकार के खिलाफ है।

# दलित को जूते चटवाने की घटना निंदनीय : सी. पी.जोशी

**नई दिल्ली/जयपुर**। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने आज नई दिल्ली में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कानून व्यवस्था को लेकर प्रदेश की कांग्रेस सरकार और लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले मुद्दे पर विपक्ष पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि जमवारामगढ़, जयपुर में दलित व्यक्ति को जूते चटवाने और पेशाब पिलाने की घटना अत्यधिक निंदनीय है।

उन्होंने कहा कि सरकार को इस पर अपना बयान देकर स्थिति को स्पष्ट करें और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें, क्योंकि इसमें प्रदेश सरकार के विधायक का नाम आ रहा है। इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। साढ़े चार साल में दलित और महिला उत्पीड़न, हिंसा के अनेक मामले सामने आए हैं और प्रदेश की कांग्रेस सरकार रोकने में विफल रही है। कल हुई बौंली, सवाई माधोपुर में 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली दलित छात्रा के साथ शिक्षक द्वारा किए गए दुष्कर्म और हत्या को अत्यधिक संगीन बताया।


**उत्तर पश्चिम रेलवे** G20

**ई-टेण्डर निविदा सूचना (दो पैकेट प्रणाली)**

उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण)-IV, उ. प. रेलवे, जयपुर द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये खुली ई-निविदा का ऑनलाइन ई-टेण्डर आमंत्रित किया जाता है। निविदाकार अपना मूल/ परिवर्तित प्रस्ताव ई-निविदा बंद होने की तारीख व समय से पूर्व ऑनलाइन भर दें। **(1) ई-टेण्डर नोटिस संख्या:** एनडब्ल्यूआर/एससी/सिविल-102140531 **(2) कार्य का नाम व लोकेशन:** Construction of Integrated Road Over Bridge with Limited Height Subway at Level Crossing No. 3 (4 Lane) at Km. 1/5-6 on Rewari- Narnaul section with 1x36m and 1x18m composite girder & at LC No. 59-A (2Lane) Km. 84/0-1 on Rewari - Sadulpur section with 1x36m span composite girder (Railway Portion) including soil exploration and testing (04 bore Holes), construction and testing of Test piles (02 Nos) each at Proposed ROB locations. **(3) अनुमानित लागत:** ₹24,57,93,961.84/- **(4) धरोहर राशि:** ₹13,79,000/- **(5) कार्य पूरा होने की अवधि:** 15 (Fifteen) महिने **(6) ई-टेण्डर भरने की अंतिम तिथि और समय:** 15.00 बजे तक, 01.09.2023 को **(7) वेबसाइट का विवरण:** निविदा वेबसाइट www.ireps.gov.in पर Dy.CE[C]IV-JP इकाई के अंतर्गत देखी जा सकती है। **(8) आधिकारिक ई-मेल पता:** dycec4jp@gmail.com **नोट:** (1) कोई भी मैन्युअल टेण्डर स्वीकार नहीं किया जायेगा। (2) Bid security should be in proper form. Bid security should be submitted by the tenderer only through net banking or payment GATEWAY/ or in form of BG in favour of FA&CAO/Construction, North Western Railway, Jaipur 838-DP/23

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें



**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स ओम सांई ट्रैडर्स जरिये पार्टनर श्री शैलेश गुप्ता एवं श्री योगेन्द्र वर्मा, निवासी-हाउस नम्बर 266/181, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर (राजस्थान) ने प्लॉट नम्बर 06, औद्योगिक सम्परिवर्तित भूमि खसरा नम्बर 4264, 4265 स्थित ग्राम दूदू तहसील मौजमाबाद, जिला जयपुर (राजस्थान) जिसका कुल क्षेत्रफल 1000 वर्गमीटर को JANA SMALL FINANCE BANK से ऋण प्राप्त कर रहन रखने बाबत् आवेदन किया है जो कि इस सम्पत्ति से संबंधित टाईटल दस्तावेज में से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 20.10.2011 के द्वारा श्री शिव शंकर गुप्ता पुत्र श्री कल्याण सहाय गुप्ता एवं श्री सुनिल कुमार जैन पुत्र श्री सुकनराज ने (1) श्री रामप्रकाश वैध पुत्र श्री वैद नारायण, (2) श्री मुस्ताक अहमद पुत्र श्री अब्दुल शकूर एवं (3) श्री मुंशी खलिफा पुत्र अब्दुल गफूर से खरीद किया हुआ था जिसका विक्रय पत्र उप पंजीयक दूदू जिला जयपुर के यहां क्रम संख्या 1003 नियमानुसार दर्ज एवं पंजीबद्ध है इसी प्रकार विक्रय पत्र दिनांक 15.10.2012 के द्वारा श्रीमती रहीसा बानों पत्नी श्री मुंशी ने श्री शिव शंकर गुप्ता पुत्र श्री कल्याण सहाय गुप्ता एवं श्री सुनिल कुमार जैन पुत्र श्री सुकनराज से खरीद किया हुआ था जिसका विक्रय पत्र उप पंजीयक दूदू जिला जयपुर के यहां क्रम संख्या 1523 नियमानुसार दर्ज एवं पंजीबद्ध है जो कि कहीं खो गये हैं। यदि किसी भी व्यक्ति का उक्त सम्पत्ति में उत्तराधिकार विक्रय, रहन, लीज, दान या अन्य किसी प्रकार से कोई अधिकार या हक हो तो निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष सात दिवस में अपना अधिकार या हक मय दस्तावेज प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त सम्पत्ति पर रहन कर लिया जावेगा एवं उसके पश्चात् किसी प्रकार का कोई हक या अधिकार मान्य नहीं होगा ना ही मेरे मुवक्किल JANA SMALL FINANCE BANK पर बाध्यकारी होगा।

सील

**भुवनेश जैन, एडवोकेट**
ए 11, 12 मूर्तिकला कॉलोनी गोपालपुरा, जयपुर मो. 9828025372



**नाम परिवर्तन**

मैं अनिता डारा (Anita Dara) पत्नी सुनील कुमार (Sunil Kumar) निवासी गागड़वास तहसील राजगढ जिला चूरू राजस्थान-331023 घोषणा करती हूँ मैंने अपना उपरोक्त नाम बदलकर अनिता पूनिया (Anita Poonia) रख लिया भविष्य में मुझे अनिता पूनिया नाम से जाना जावें।

मेरे पुत्र चन्दन कोले के शैक्षणिक दस्तावेजों व एस.आर. में मेरे पुत्र का नाम चन्दन कुमार कोले एवं मेरा नाम लक्खीकांत कोहले (Lakhikant Kohile) एवं मॉं का नाम सुमित्रा कोहले अंकित है जो कि गलत है, जबकि मेरे पुत्र का सही नाम चन्दन कोले (Chandan Kole) एव मेरा वास्तविक नाम लक्कीकांत कोले (Lakkikant Kole) पुत्र श्री सहदेव एवं मॉं का नाम सुमित्रा कोले (Sumitra Kole) है। निवासी मकान नम्बर-33 सूर्य नगर, मुरलीपुरा स्कीम, सीकर रोड, जयपुर।

मैंने अपना नाम राजेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री रामस्वरूप शर्मा से बदलकर राजेन्द्र शर्मा रख लिया है भविष्य में मुझे राजेन्द्र शर्मा के नाम से जाना जाये निवासी 5, रूप नगर प्रथम महेश नगर फाटक जयपुर-9413206012

I have changed my name from Ashvani Kumar Thakral to Ashvani Thakral for all purpose R/o 21/180 Kaveri Path Mansarovar Jaipur.

# विधायकों के लिए 160 फ्लैट्स बनकर तैयार हुए, लोकार्पण आज

## विधानसभा के सामने बनी इन बहुमंजिला इमारतों में रहेंगे प्रदेश के विधायक

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । राजस्थान विधानसभा के सामने ही प्रदेश के सभी विधायक रहेंगे। राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड ने विधायकों के लिए 160 लग्जरी फ्लैट्स बनाकर तैयार कर दिए हैं। इन आवासों का लोकार्पण शनिवार शाम 6.30 बजे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत करेंगे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष सी.पी. जोशी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे, जबकि नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल और नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ विशिष्ठ अतिथि होंगे।



- विधायक आवास परिसर में अत्याधुनिक इंटीरियर, योग-मेडिटेशन सेंटर और स्वीमिंग पूल की सुविधाएं
- इस प्रोजेक्ट में 80 से ज्यादा हाई रैंज कैमरे, ऑटोमैटिक बूम बैरियर, बैग स्कैनर और अंडर व्हीकल स्कैनर लगाए
- स्मार्ट पार्किंग की भी सुविधा होगी, जहां एक साथ 900 से ज्यादा वाहन खड़े हो सकेंगे

आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि 24 हजार 160 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बने छह बहुमंजिला टॉवर (जी+8) में 3200 स्क्वायर फीट में 160 फ्लैट्स का निर्माण हुआ है। यहां पर विधायकों की सुरक्षा का विशेष रूप से ध्यान रखा गया है। पूरे परिसर के कॉमन एरिया (पार्किंग, ड्राइव-वे, बेसमेंट, लिफ्ट) में 80 से ज्यादा अत्याधुनिक और हाई रेंज के सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। ऑटोमैटिक बूम बैरियर, बैग स्कैनर और मुख्य द्वार पर अंडर व्हीकल स्कैनर लगाया गया है, जिसकी स्पाय आई किसी गड़बड़ी पर तुरंत सिस्टम को अलर्ट करेगी। सुरक्षा के मामले में सबसे खास 'इंट्रूडर अलर्ट सिस्टम' है, जिससे कोई भी अवांछित व्यक्ति भवन में यदि बिना अनुमति के प्रवेश करेगा तो अलार्म बज जाएगा। इसके अलावा 24 घण्टे सिक्यूरिटी गार्ड्स का भी इंतजाम किया गया है।

अरोड़ा ने बताया कि सभी फ्लैट्स पूर्ण रूप से सुसज्जित और फुली फर्निश्ड हैं। विधायकों के लिए सभी जरूरी सुविधाओं का ध्यान इनमें रखा गया है। हर कमरे का इंटीरियर, कलर स्कीम्स, पर्दे, पेंटिंग्स, कारपेट, एंटिक और ओरनामेंटल ऑब्जेक्ट्स बहुत ही खूबसूरत हैं। हर फ्लैट में लगाए गुणवत्तायुक्त और आकर्षक फर्नीचर, डबल बेड, सोफा, कुर्सियां, डाइनिंग टेबल, एलईडी, फ्रीज, एसी, पंखे, आरओ, मॉडयूलर किचन, साज-सज्जा जैसी लक्जरी सुविधाओं का भी ध्यान रखा गया है। विधायकों को ऊर्जावान और फिजिकली फिट बनाए रखने के लिए सेन्ट्रल पार्क, क्लब हाउस, स्वीमिंग पूल, जिम, योग-मेडिटेशन सेंटर, बिलियर्डस् व टेबल टेनिस, इन्डोर गेम्स का भी प्रावधान किया गया है।

विधायकों के लिए परिसर में डबल बेसमेंट में स्मार्ट पार्किंग की भी सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है, जिसमें दोनों मंजिलों को मिलाकर 921 चौपाहिया वाहन-ईसीयू (इक्वेलेंट कार यूनिट) एक साथ पार्क किए जा सकेंगे। विधायकों द्वारा पार्किंग एप डाउनलोड करने पर पार्किंग से जुड़ी तमाम जानकारियां मोबाइल पर भी उपलब्ध हो सकेंगी। फुली डिजिटल डिस्प्ले और जीपीएस से जुड़ी पार्किंग यूजर को ऑटोमेटिक खाली जगह ट्रेस कर सूचित भी कर सकेगी।

पवन अरोड़ा ने बताया कि परिसर के प्रत्येक ब्लॉक में विधायकों से मिलने के लिए क्षेत्र से आने वाले आगंतुकों के लिए ग्राउंड फ्लोर पर रिसेप्शन, वेंटिंग लॉन्ज, एडमिनिस्ट्रेटिव मीटिंग हॉल, मल्टीपर्पज हॉल, कॉन्फ्रेंस हॉल, पेंट्रीज, वॉशरूम्स, ड्राइवर डोरमेट्री कक्ष, लिफ्ट, सर्विस लिफ्ट और हर ब्लॉक्स पर 26 गेस्ट रूम (22 कमरे, 4 सुइट) भी बनाए गए हैं। विधायकों की सुविधा के लिए कॉफी हाउस, रेस्टोरेंट, बैंक्वेट हॉल, सैलून, शॉपस भी बनाई गई हैं। इसके अतिरिक्त एलोपेथी, आयुर्वेदिक और होम्योपैथी चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

उन्होंने बताया कि विधायक आवास परिसर की ग्रीनरी पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया है। प्रदेश की जलवायु को ध्यान में रखते हुए विदेशों और हैदराबाद व पुणे से मंगवाएं आकर्षक श्रब्स, पैरेफिरयल-ओरनामेंटल प्लांट, ग्राउंड कवर और पेड़ों की खूबसूरती देखते ही बनती है।

इस परियोजना का सबसे खूबसूरत पक्ष सेन्ट्रल लॉन में नजर आता है, जहां राजस्थानी स्थापत्य कला के अनुरूप बारहदरी बनाई गई हैं, जहां आमेर की केसर क्यारियों की झलक देखने को मिलती है, जो मनोहर और खुशनुमा माहौल बनाती है।

## जयपाल हत्याकांड में फरार दो शातिर बदमाश दबोचे

**जयपुर** । हरमाड़ा पुलिस ने जयपाल लुनिया हत्याकांड मामले में फरार चल रहे 25 हजार रूपये के इनामी आरोपी सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक अवैध देशी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस, स्कॉर्पियो गाडी चोरी करने के उपकरण बरामद किए गए है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ हत्या, लूट, आर्म्स एक्ट सहित अन्य कई आपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपित स्कॉर्पियो गाडी चोरी करने की फिराक में थे। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम संजीव नैन ने बताया कि हरमाड़ा थाना पुलिस ने नावां जिला नागौर में हुए जयपाल हत्याकांड में फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी आरोपी कृष्ण कुमार जाट निवासी निजामपुर जिला महेंद्रगढ़ हरियाणा सहित उसके साथी विक्रम उर्फ विक्की माली निवासी उदयपुरवाटी जिला नीमकाथाना को जेडीए तिराया लोहा मंडी रोड हरमाड़ा से गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से एक देशी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस और स्कॉर्पियो गाडी चुराने के उपकरण बरामद किए गए है।

## ए.टी.एम. कार्ड बदलकर ठगने वाला गिरोह पकड़ा

- डेढ़ माह पहले ही जेल से बाहर आया था गैंग का सरगना

**जयपुर** (कासं)। मुरलीपुरा पुलिस ने एटीएम बूथ पर लोगों के एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाला गिरोह पकड़ा है। गिरफ्तार आरोपी नागौर निवासी प्रेम मेघवाल उर्फ प्रेम गोदारा, करौली निवासी हिम्मत गुर्जर और सवाईमाधोपुर निवासी देवांश शर्मा है। गिरोह का सरगना पांचवीं पास प्रेम मेघवाल ने वारदात करने के लिए करधनी इलाके में किराए पर फ्लैट ले रखा था। इतना ही नहीं एटीएम बूथ की रैकी करने के लिए आरोपियों ने 92 हजार 500 रुपए मासिक किराए पर लग्जरी कार ले रखी थी।

पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) संजीव नैन ने बताया कि जमनापुरी निवासी कैलाशचंद्र ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उन्होंने 7 अगस्त को बेटे योगेश को रुपए निकालने के लिए एटीएम कार्ड दिया था। वह रोड नंबर 2 स्थित एटीएम बूथ से रुपए निकाल रहा था। इस दौरान वहां पहले से मौजूद अज्ञात व्यक्ति ने बातों में उलझा कर एटीएम कार्ड बदल लिया। थोड़ी देर बाद ही बैंक खाते से 69,500 रुपए निकाले जाने का पता चला।

थानाधिकारी राजीव यदुवंशी ने बताया कि एटीएम बूथ के आस-पास के सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध कार घूमती नजर आई। जिसके बाद आरोपियों को पकड़ा गया। आरोपियों से 23 एटीएम कार्ड बरामद किए हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे वारदात उसी इलाके में करते, जहां नजदीक ही दो एटीएम बूथ होते थे। कार्ड बदलने के बाद तुरंत दूसरे बूथ पर जाकर रुपए निकाल लेते थे। इस दौरान उनका एक साथी बूथ के बाहर खड़ा रहकर आने-जाने वालों पर नजर रखता था। पुलिस ने बताया कि प्रेम मेघवाल के खिलाफ एटीएम कार्ड से ठगी करने और चोरी के एक दर्जन से अधिक मामले विभिन्न थानों में पहले से दर्ज हैं। वह डेढ़ माह पहले ही चूरू जेल से बाहर आया था और साथियों को लेकर एटीएम बूथ में एटीएम कार्ड बदलकर वारदात करना शुरू कर दी। आरोपी ने मुरलीपुरा, विद्याधर नगर, झोटवाड़ा, मानसरोवर, शिप्रापथ थाना इलाकों में एक दर्जन वारदात में रुपए निकालना कुबूल किया है।

## हथियार के साथ बदमाश पकड़ा

**जयपुर** (कासं)। जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत कार्रवाई करते हुए एक बदमाश को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के पास से देशी कट्टा बरामद किया गया है।

## रिलायंस की 'डिजिटल इंडिया सेल' में मिलेगा डिस्काउंट

**जयपुर** (कासं)। रिलायंस डिजिटल ने अपनी बहुप्रतीक्षित 'डिजिटल इंडिया सेल' की घोषणा कर दी है। यह मेगा इवेंट 15 अगस्त तक अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स और गैजेट्स की विशाल रैंज पर ग्राहकों को शानदार डील्स व डिस्काउंट देगा।

डिजिटल इंडिया सेल में ग्राहकों को उनके एसबीआई क्रेडिट कार्ड पर 10 प्रतिशत तक या 5 हजार रुपये तक की तुरंत छूट मिलेगी। इसके अलावा यू.पी.आई. ट्रांजैक्शन पर भी ग्राहकों को डिस्काउंट मिलेगा।

इन ऑफर्स का लाभ लेने के लिए ग्राहकों को रिलायंस डिजिटल डॉट इन की वेबसाइट अथवा नजदीकी रिलायंस डिजिटल स्टोर अथवा माय जिओ स्टोर पर जाना होगा।

कंपनी के मुताबिक इस सेल में 75 इंच के यूएचडी गूगल टीवी की शुरूआती रैंज 69990 रुपये से शुरू होगी। इसी प्रकार सैमसंग निओ क्यूएलईडी टीवी के भी चुनिंदा मॉडल्स पर कई तरह के ऑफर्स मिलेंगे। स्मार्टफोन में ओप्पो रेनो-10 सीरीज की खरीददारी पर 4999 रुपये के ब्लूटूथ ईयरफोन जीतने का मौका मिलेगा। एप्पल आईपेड भी 1167 रुपये प्रतिमाह की रैंज पर मिल सकेंगे। एच.पी. एन्वी क्रिएटर लैपटॉप 57499 रुपये से शुरू होगा। इसी प्रकार रेफ्रिजरेटर, एप्पल एयरपॉड्स, फिटनेस वॉच और वॉशिंग मशीन की खरीद पर भी कई तरह की छूट मिलेगी।

## सड़क जाम करने वाले छात्रों पर लाठियां बरसाई

**जयपुर** (कासं)। छात्रसंघ चुनाव की अधिसूचना जारी नहीं होने पर छात्रों ने विरोध शुरू कर दिया है। राजस्थान विश्वविद्यालय में शुक्रवार को छात्रों ने प्रदर्शन किया। सुबह 11 बजे राजस्थान कॉलेज के छात्रसंघ अध्यक्ष लक्ष्यराज सिंह के नेतृत्व में राहुल चौधरी, रोहित कुमावत, सुरेंद्र सैनी सहित सैकड़ों छात्रों ने सरकार की सदबुद्धि के लिए यज्ञ किया। इसके बाद छात्रों ने कुलपति सचिवालय तक रैली निकाली। यहां पर कुलपति से मुलाकात नहीं हुई। सुनवाई नहीं होने पर नाराज छात्र जेएलएन रोड पर आ गए और धरना शुरू कर दिया, इससे रोड जाम हो गया। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर छात्रों को जेएलएन मार्ग से खदेड़ा।

## 'तृतीय श्रेणी शिक्षक लेवल-वन भर्ती के लिए बीएड योग्यताधारी पात्र नहीं'

### सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि लेवल-वन के लिए बीएसटीसी और इसके समकक्ष डिप्लोमाधारी ही पात्र होंगे

**जयपुर,** (का.सं.)। सुप्रीम कोर्ट ने तृतीय श्रेणी लेवल-वन शिक्षक भर्ती के लिए बीएड योग्यताधारी अभ्यर्थियों को अपात्र माना है। अदालत ने अपने अहम फैसले में कहा है कि लेवल-वन के लिए बीएसटीसी व इसके समकक्ष डिप्लोमाधारी ही पात्र होंगे।

जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस सुधांशु धूलिया की खंडपीठ ने यह आदेश केंद्र सरकार, एनसीटीई और बीएड योग्यता रखने वाले अभ्यर्थियों की विशेष अनुमति याचिकाओं को खारिज करते हुए दिए। अदालत ने इस संबंध में राजस्थान हाईकोर्ट के 25 नवंबर, 2021 के फैसले को सही माना है। इसके तहत हाईकोर्ट ने एनसीटीई की अधिसूचना को रद्द कर दिया था। प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने गत जनवरी माह में सभी पक्षों की बहस सुनकर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

एसएलपी में कहा गया कि बीएड डिग्री रखने वाले अभ्यर्थियों को गलत तरीके से तृतीय श्रेणी लेवल-वन शिक्षक भर्ती से बाहर किया गया है। उच्च योग्यता होने के चलते उन्हें भर्ती में शामिल किया जाए।

वहीं बीएसटीसी अभ्यर्थियों की ओर से अधिवक्ता विज्ञान शाह ने कहा कि लेवल वन यानि कक्षा एक से कक्षा पांच के विद्यार्थियों को पढ़ाने का तरीका अलग होता है और इसे बीएड के पाठ्यक्रम में नहीं बताया जाता। इसलिए लेवल वन के लिए बीएसटीसी और समकक्ष डिप्लोमाधारी ही पात्र होने चाहिए।

## 176 निकायों में 13184 सफाईकर्मियों की भर्ती क्यों न रद्द कर दी जाए : हाईकोर्ट

### हाईकोर्ट ने सफाईकर्मियों की भर्ती में अनियमितता पर स्वायत्त शासन सचिव व निदेशक से जवाब मांगा

**जयपुर** । राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश के 176 नगरीय निकायों में 13,184 पदों पर हो रही सफाई कर्मियों की भर्ती में अनियमितता मामले में स्वायत्त शासन सचिव व निदेशक से 22 अगस्त तक जवाब मांगते हुए पूछा है कि क्यों ना इस भर्ती की प्रक्रिया को रद्द कर दिया जाए। इसके साथ ही अदालत ने याचिका की कॉपी एएजी को देने के निर्देश देते हुए उन्हें जवाब पेश करने को कहा है। जस्टिस सुदेश बंसल ने यह आदेश संतोष कुमार व अन्य की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता डॉ. अभिनव शर्मा ने बताया कि पूर्व में सफाईकर्मियों की भर्ती प्रक्रिया लॉटरी के जरिए की गई थी। भर्ती नियमों में संशोधन कर लॉटरी के बाद वर्गवार साक्षात्कार का प्रावधान किया था। इस संशोधन को हाईकोर्ट ने भी स्वीकृति दी थी। अदालत ने लॉटरी प्रक्रिया को सही ठहराते हुए कहा था कि सफाई कर्मियों की भर्ती में न्यूनतम शिक्षा की जरूरत नियमों में नहीं है। ऐसे में केवल साक्षात्कार या अन्य माध्यम के जरिए भर्तियां होने पर इसमें अनियमितता या फर्जीवाड़ा होने की पूरी संभावना रहती है। मौजूदा भर्ती की अधिसूचना जारी होने के बाद भी नियमों में बदलाव किया है। जयपुर नगर निगम की एक सफाई यूनियन के अध्यक्ष की मांग पर जलदाय मंत्री ने खुद को सफाईकर्मी संघ का संरक्षक बताकर स्वायत्त शासन विभाग से नियम बदलने की मांग भी की। जिस पर नियमों में मंत्री के कहे अनुसार आदेश जारी कर निकायों में संविदा पर नियोजित सफाई कर्मियों को भर्ती में वरीयता देने को कहा है। साथ ही निजी घरों, होटलों, रेस्तरां, कार्यालयों, हॉस्पिटल आदि में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को अंतिम वरीयता देने को कहा है। जबकि ऐसा करना कानूनी तौर पर गलत है। सफाईकर्मियों की यह भर्ती वर्ष 2018 के बाद हो रही है। जिसमें केवल साक्षात्कार व नाले की सफाई का कार्य करवाकर ही सेवा में लेने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। ऐसे में मौजूदा तरीके से इस भर्ती में धांधली व भ्रष्टाचार होगा।

## हाईकोर्ट में तीन जजों के ट्रांसफर की सिफारिश

**जयपुर** । सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने राजस्थान हाईकोर्ट के लिए तीन जजों के ट्रांसफर करने की सिफारिश की है। इनमें गुजरात हाईकोर्ट के जस्टिस समीर जे दवे, पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट के जस्टिस अरुण मोंगा व तेलंगाना हाईकोर्ट के जस्टिस मन्नूरी लक्ष्मण का नाम शामिल है। हालांकि तेलंगाना हाईकोर्ट के जस्टिस मन्नूरी लक्ष्मण ने सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम से उन्हें राजस्थान हाईकोर्ट में ट्रांसफर नहीं करने और वैकल्पिक तौर पर उनका ट्रांसफर कर्नाटक हाईकोर्ट में करने का आग्रह किया था, लेकिन कॉलेजियम ने उनका यह आग्रह नामंजूर करते हुए उन्हें राजस्थान हाईकोर्ट में ट्रांसफर की सिफारिश को बरकरार रखा है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने राजस्थान हाईकोर्ट में बेहतर न्यायिक प्रशासनिक व्यवस्था बनाए रखने की मंशा जताते हुए जस्टिस लक्ष्मण के यहां पर ट्रांसफर करने की सिफारिश की थी।

## 'भूपेंद्र सारण की अवैध बिल्डिंग का मलबा 10 दिन में हटाएं'

**जयपुर** । राजस्थान हाईकोर्ट ने सीनियर टीचर भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने के मास्टरमाइंड भूपेंद्र सारण की गुर्जर की थड़ी स्थित अवैध कोचिंग की बिल्डिंग को ध्वस्त करने के बाद कई महीनों से वहां पड़े मलबे के मामले में नगर निगम जयपुर को दस दिन में पूरा मलबा हटाने के लिए कहा है। जस्टिस एमएम श्रीवास्तव व जस्टिस प्रवीर भटनागर की खंडपीठ ने यह निर्देश स्थानीय निवासी अरुण शर्मा की पीआईएल को निस्तारित करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान नगर निगम की ओर से एएजी सत्येन्द्र सिंह राघव व जेडीए की ओर से सीनियर एडवोकेट जीएस बापना पेश हुए। एएजी राघव ने अदालत के समक्ष मलबा हटाने की कार्रवाई के फोटोग्राफ पेश करते हुए कहा कि निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी है और जल्द ही पूरा मलबा हटा दिया जाएगा। जिस पर अदालत ने निगम को दस दिन में मलबा हटाने के लिए कहा।

दरअसल पीआईएल में कहा था कि जेडीए ने पेपर लीक के मास्टर माइंड की कोचिंग को जनवरी में अवैध निर्माण मानकर ध्वस्त किया था, लेकिन तोड़फोड़ के बाद उसका मलबा नहीं हटाया और वह सड़क पर ही पड़ा है। इससे ना केवल यातायात बाधित हो रहा है बल्कि तोड़ी गई बिल्डिंग का ढांचा कभी भी गिर सकता है। जिससे दुर्घटना होने की भी संभावना है। इसलिए सड़क से मलबा हटवाया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए खण्डपीठ ने दस दिन में मलबा हटाने को कहा है।

## सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में आक्रोश रैली

### वेतन विसंगति और संविदाकर्मियों के नियमितिकरण की मांग को लेकर जयपुर में जुटे हजारों कर्मचारी



गहलोत सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए प्रदेशभर के हजारों कर्मचारियों ने शुक्रवार को जयपुर में आक्रोश रैली निकाली। शहीद स्मारक पर पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर जब कर्मचारियों को रोक लिया तो उन्होंने जमकर नारेबाजी की। फोटो-राष्ट्रदूत

- कांग्रेस अपने जनघोषणा पत्र के वादे आचार संहिता लागू होने से पहले पूरे करे, अन्यथा प्रदेश के तमाम सरकारी कर्मचारी और उनके परिवारजन कांग्रेस के खिलाफ वोट डालेंगे : गजेन्द्र सिंह राठौड़

**जयपुर** (कासं)। गहलोत सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए प्रदेशभर के हजारों कर्मचारियों ने शुक्रवार को जयपुर में आक्रोश रैली निकाली। महासंघ एकीकृत के अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में हजारों कर्मचारी एम.आई. रोड स्थित शहीद स्मारक पर जुटे, लेकिन सिविल लाइंस रवाना होने से पहले ही पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर उन्हें रोक लिया। पुलिस ने बल प्रयोग कर रैली को रोका, जिस पर कार्मिकों व पुलिसकर्मियों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई।

गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस के जन घोषणा पत्र-2018 में कर्मचारियों से जो वादे किए थे, उन्हें पूरा नहीं किया है। अगर आचार संहिता लगने से पूर्व इन तमाम वादों को पूरा नहीं किया तो प्रदेशभर के तमाम कर्मचारी और उनके परिवार के लोग कांग्रेस सरकार के खिलाफ मतदान करेंगे। इसके लिए राठौड़ ने सभी कर्मचारियों को शपथ भी दिलाई।

राठौड़ ने बताया कि कांग्रेस ने जनघोषणा पत्र में कहा था कि सत्ता में आने पर राज्य कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों को दूर किया जाएगा, लेकिन आज तक इस मुद्दे पर कुछ नहीं हुआ। वेतन विसंगतियों के निराकरण के लिए बनी सामंत कमेटी और खेमराज कमेटी की रिपोर्ट सरकार के पास है। इसके अलावा घोषणा पत्र में संविदा कर्मियों सहित सभी अस्थाई कर्मचारियों को भी नियमित करने का वादा किया था, लेकिन उनका भी आज तक कुछ नहीं हुआ। नियमितीकरण के नाम पर सरकार ने जो राजस्थान कॉन्ट्रैक्चुअल हायरिंग- टू- सिविल पोस्ट रूल्स-2023 बनाया है, वह इन कर्मचारियों के साथ धोखा है। इसमें संविदा कर्मचारियों को पूर्व सेवा के अनुभव के आधार पर प्रत्येक 3 वर्ष बाद 1 वर्ष की अधिमानता दी गई है। इससे पूर्व सेवारत नियमित कर्मचारियों और इन कर्मचारियों के बीच एक बहुत बड़ा अंतर हो गया है। यह कांट्रेक्चुअल रूल्स संविदा कर्मियों को नियमित करने के बजाय उनका संविदाकरण करने का तरीका है। जो न्यायोचित नहीं है। धरने के बाद महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के सचिव आरती डोगरा को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़, मुख्य महामंत्री राजेंद्र प्रसाद शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप यादव, मुख्य संरक्षक भंवर सिंह धीरावत, उपाध्यक्ष मधुबाला शर्मा, सर्वेश्वर शर्मा एवं प्रदेश मंत्री प्रहलाद राय अग्रवाल शामिल थे।

## सार-समाचार

### आरपीएल टेंडर प्रक्रिया पर जवाब मांगा

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने आईपीएल की तर्ज पर हो ही राजस्थान प्रीमियर लीग की फ्रेंचाइजी टेंडर प्रक्रिया को लेकर आरसीए से जवाब तलब किया है। इसके साथ ही अदालत ने टेंडर प्रक्रिया को याचिका में होने वाले फैसले के अधीन रखा है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह की एकलपीठ ने यह आदेश मैसर्स आरनील टेक्नोक्राफ्ट प्रा.लि. की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता एसएस होरा और अधिवक्ता मोहित टाटिया ने अदालत को बताया कि राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आईपीएल की तर्ज पर प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए छह जिलों की फ्रेंचाइजी के देने के लिए टेंडर मांगे गए थे। जिसमें याचिकाकर्ता फर्म ने भी आवेदन किया। याचिका में कहा गया कि टेंडर प्रक्रिया में कोई पारदर्शिता नहीं रखी गई। वहीं याचिकाकर्ता फर्म को टेक्नीकल बिड में ही बाहर कर दिया गया। याचिका में बताया गया कि उसे टेक्निकल बिड से बाहर नहीं किया जाता तो वह फाइनेंशियल बिड में शामिल होता। जिसमें याचिकाकर्ता ने जो राशि तय की थी, उस राशि से कम कीमत पर जोधपुर, उदयपुर और भीलवाड़ा जिलों की फ्रेंचाइजी दूसरे लोगों को दी गई। याचिकाकर्ता ने टेक्निकल बिड निरस्त करने का कारण पूछा, लेकिन आयोजकों ने अब तक उसका कारण नहीं बताया। याचिका में आरोप लगाया गया कि टेंडर प्रक्रिया में मनमानी बरती गई और इसमें पारदर्शिता का भी अभाव था। ऐसे में टेंडर प्रक्रिया को निरस्त किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने आरसीए से जवाब तलब करते हुए टेंडर प्रक्रिया को याचिका में होने वाले निर्णय के अधीन रखा है।

### इंडिया ट्रैवल मार्ट का आगाज

**जयपुर,** (का.सं.)। भारत का अग्रणी बी2बी ट्रैवल एंड टूरिज्म शोकेस और कॉन्क्लेव - इंडिया ट्रैवल मार्ट (आईटीएम), जयपुर का शुक्रवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में आगाज हुआ। इस 3 दिसवीय मार्ट की शुरूआत माइस और वेडिंग पर सेशन के साथ हुई, जिसमें इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स ने इन संबंधित क्षेत्रों पर अपने विचार और सुझावा साझा किए। इस अवसर पर चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, आईसीएम ग्रुप, अजय गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष, आईटीएम "माइस एंड वेडिंग बी2बी एक्सपो, कॉन्क्लेव और अवाड्र्स" थीम पर आधारित है। गुप्ता ने आगे बताया कि मार्ट के दौरान उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, हिमाचल के स्टेट टूरिज्म बोर्ड्स के साथ-साथ होटेलियर्स, रिसॉर्ट्स, ट्रैवल एजेंट्स, टूर ऑपरेटर्स आदि अपने-अपने टूरिज्म प्रोडक्ट्स प्रदर्शित कर रहे हैं। एग्जीबिशन का समय सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। इस दौरान स्टेट टूरिज्म बोर्ड, होटल्स और रिसॉर्ट्स के साथ बी2बी नेटवर्किंग भी होगी। इसके अतिरिक्त, कॉन्क्लेव में देशभर के इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स के साथ नेटवर्किंग की भी सुविधा होगी।

### आमेर फोर्ट में ई-व्हीकल्स की शुरुआत

**जयपुर,** (का.सं.)। जयपुर में पर्यटन को बढ़ावा देने तथा पर्यावरण व विरासत को संरक्षित करने के उद्देश्य से आमेर फोर्ट में ई-व्हीकल्स की शुरुआत की गई। ई-फ्यूल ऑटोमोटिव्स की ओर से यह पहल की गई है। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री, पीएचईडी, महेश जोशी मुख्य अतिथि थे। उन्होंने आमेर के हाथी स्टैंड पर ई-व्हीकल्स की विधिवत पूजा कर व हरी झंडी दिखाकर इन्हें आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया। कार्यक्रम में निदेशक, पर्यटन, डॉ. रश्मि शर्मा; निदेशक, पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, जयपुर, डॉ. महेन्द्र खड़गावत; ई-फ्यूल ऑटोमोटिव्स के निदेशक व सलाहकार, कुलदीप सिंह चंदेला, महिपाल सिंह के अतिरिक्त राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (राटो) के अध्यक्ष, महेन्द्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में राटो का प्रतिनिधिमंडल भी उपस्थित रहा।

### दर्शनम आर्ट फेस्टिवल आज से

**जयपुर,** (का.सं.)। कमलतलई, नटखट गोपाल, श्रीनाथ श्रृंगार जैसी मनमोहक कृष्ण अठखेलियों का दर्शक शनील के कपड़ों पर आनंद ले सकेंगे। कुछ ऐसा ही नजारा होगा शनिवार, 12 अगस्त से आयोजित होने जा रहे चार दिवसीय दर्शनम आर्ट फेस्टिवल का। रघुकुल ट्रस्ट की ओर से कूकस स्थित फेयरमोंट जयपुर में आयोजित होने जा रहे इस कार्यक्रम में कला प्रदर्शनी के साथ ही लाइव पिछवाई पेंटिंग वर्कशॉप और टॉक शो खासा आकर्षण होगा। जहां दर्शनम आर्ट गैलरी द्वारा पिछवाई कला में प्रतिष्ठित कलाकार लाइव पिछवाई की बारीकियों से अतिथियों को रूबरू करेंगे।

### नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ आज

**जयपुर** । घुमंतु जाति उत्थान न्यास की ओर से शनिवार, 12 अगस्त को विद्याधरनगर सेक्टर चार में डीपीएस स्कूल के पीछे स्थित कालबेलिया बस्ती में सुबह सवा सात बजे अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। घुमंतु जाति उत्थान न्यास के जयपुर महानगर संयोजक राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि इस मौके पर घुमंतु पुजारी योजना का शुभारंभ भी किया जाएगा। महंत हरिशंकर दास महाराज, परशुरामदास महाराज के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजस्थान क्षेत्र प्रचारक निंबाराम होंगे। सालासर बालाजी मंदिर के विष्णु पुजारी, समाजसेवी संजय मूंदड़ा, जयप्रकाश सरावगी, श्रीकांत भारद्वाज, संदीप अग्रवाल, डॉ. सर्वेश शरण जोशी, सर्वेश्वर शर्मा, प्रताप भानु अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। यह पुजारी योजना: राजधानी की चालीस कच्ची बस्तियों में घुमंतु पुजारी योजना के अंतर्गत पुजारी नियुक्त किए जाएंगे। ये पुजारी बस्ती के मंदिर में प्रतिदिन सुबह-शाम नियमित समय पर आरती कर प्रसाद वितरण करेंगे।

### हनुमान चालीसा-भजन संध्या आज


**जयपुर** । म्हारे घरां पधारो श्याम संस्था की ओर से शनिवार, 12 अगस्त को मानसरोवर सेक्टर 113 के श्री श्याम पार्क में शाम चार बजे से हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ और रात्रि आठ बजे से भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष रतन कट्टा ने बताया कि बैंडवादन के साथ हनुमान चालीसा की मधुर स्वर लहरियां गूंजायमान होगी। भजन संध्या के दौरान बाबा श्याम का अनुपम श्रृंगार कर बर्फ की झांकी सजाई जाएगी। अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे। श्री श्याम अनमोल झूला महोत्सव कल: श्याम अनमोल सेवा रत्न परिवार की ओर से श्री श्याम अनमोल झूला महोत्सव रविवार, 13 अगस्त को अपराह्न तीन बजे से हाथोज के दक्षिणमुखी बालाजी मंदिर में मनाया जाएगा।

#PALAEONTOLOGY

# The 'Chonkiest Whale Ever'

And maybe the heaviest animal the world has ever seen.





Thirteen years ago, palaeontologist Mario Urbina made a remarkable discovery in the coastal desert of Peru. He had a hunch that it was something really special.

But his conclusion was so odd that it took years of excavation and testing to show international scientists that his convictions were right, according to Urbina's field partner and fellow palaeontologist Rodolfo Salas-Gismondi, head of the vertebrate palaeontology department at the Museum of Natural History in Lima.

They were fossil masses, and what Urbina thought they were: preserved bones from a new species of early whale, dating to 39 million years ago. And, it turns out, this one was a whopper.

"The authors have definitely found something new. This is a really weird, stupendously large, early whale," says paleobiologist Nicholas Pyenson, the curator of fossil marine mammals at the Smithsonian National Museum of Natural History.

This whale relative, named Perucetus colossus—"the colossal whale from Peru"—is pretty darn big. The international team of researchers posit that it could be the heaviest animal. Ever.

By their estimates, the species would have had a 65-foot skeleton that outweighs the 82-foot skeleton of a blue whale—the world's current heavyweight champion species—by two to three times, possibly resulting in an overall body weight of between 90 and 370 tons.

At the upper range, that's more than twice as chonky as a blue whale. Further, this ancient giant falls far earlier in history than scientists would expect, changing the known evolutionary timeline for huge whales up by 30 million years.

"Besides the Guinness Book aspect of it, from a scientific perspective, the most important part is the understanding of what conditions can yield extreme gigantism," says co-author Eli Amson, of the State Museum of Natural



History in Stuttgart, Germany. "This changes a lot of our understanding of gigantism and basically provides another evolutionary path to it."

P. colossus is one of the earliest whales that fully transitioned from land to water in the middle Eocene, about 40 million years ago.

More than its overall size, the bones of this species are extremely dense. It has an extra layer of bone on the outer surface of the skeleton (pachyostosis), and the inner cavities are filled with compact bone (osteosclerosis).

These dense features are seen in other shallow-water animals, such as manatees, and allow them to control their buoyancy. In contrast, today's biggest whales have lighter bones, which are better suited for deep diving.

The preserved bones have taken over a decade to excavate from a 100-foot hill.

The skeleton is partial—missing the skull, in particular—so Pyenson is more confident about estimating length than weight. "Length estimates are more reliably reconstructed from incomplete material," he says.


"What is much harder is weight. I am skeptical of some of the larger size estimates because they place it in a body size category for which we have no comparison."

Regardless of superlatives, the findings add to researchers' understanding of evolution, which can help us look toward the future, says Pyenson.



# There's a bit of Cillian in all of us

You can only imagine the level of humbling irony it was for me when I realised that I had gone through Red Eye, Breakfast on Pluto, and the entire stretch of A Quiet Place 2 with the half-baked knowledge that the C in 'Cillian' is not enunciated like an S, but actually as a K. But here is a lesson from Mr Murphy for those of us who lose our cool on being called by the wrong name.




#MOVIES



Shreya Teresite





Ever since Christopher Nolan's Oppenheimer hit the theatres, actor Cillian Murphy has become the talk of the town. Some are hailing him for his acting chops, while others are miffed about a certain scene in the movie that did not suit us well. But for those of us who can look beyond the picture screen and look into this dashing Irish man we could find quite a few things in common with him. Things that could make you crack a smile on a drab day.

### Cillian with a K

A lion's share of my life has been dedicated to fixing the pronunciation of my name on other people's tongues. I have heard everything from teachers in kindergarten refusing to budge from 'Shre-ha' to colleagues who insist on calling me 'Shreeeya', to even an Austrian teacher back in high school who once wondered aloud if my name was a twisted rendition after the Nordic goddess' name, Freya Sigh.

So, you can only imagine the level of humbling irony it was for me when I realised that I had gone through Red Eye, Breakfast on Pluto, and the entire stretch of A Quiet Place Part II with the half-baked knowledge that the C in 'Cillian' is not enunciated like an S, but actually as a K. But here is a lesson from Mr Murphy for those of us who lose our cool on being called by the wrong name.

In a recent interview with GQ magazine, when asked how often people mistakenly call him 'Sillian', Murphy responded that it was actually "less and less now". He also (very humbly, might I say) added that it does not bother him, though he did admit to "very pedantically" explaining to people that the Irish language does not have the letter 'K'. He, very rightfully so, added that this explanation gets "really boring". So, think of it that way when someone mispronounces your name next time; maybe it was not a subtle microaggression after all, but simply a boring teaching opportunity.

### Feeling like an interloper

It is not uncommon knowledge that Cillian Murphy is a very proud Irishman. So much so that the Peaky Blinders star actually left London, where he had lived for over a decade, and moved his whole family - that is, his wife Yvonne and their two sons, Malachy and Aran - back to Dublin, Ireland, in 2015. Why? Well, he had quite a few reasons to list, one being that he did not appreciate his kids picking up "very posh English accents". However, Murphy did later admit in a separate interview with GQ that he meant that comment as a joke. For what it is worth, though, as acidic as it may seem to the ear, I can half-heartedly see his point. Especially when I think of my Mumbai and Delhi-bred Bengali friends speaking in Bangla.

Murphy also explained that it was kind of a common narrative for people from his country to "move away, do your thing and come home", and how it felt nice to move back home considering his parents were at a certain age. Raise your hand high (like you are Hermione Granger in Potions class) if that is your retirement plan as well.

But all in all, it was something else in that interview with the Armchair Expert podcast that pulled me in; something that many of us millennials living far away from home for the sake of our careers can strongly relate to.

> Murphy also explained that it was kind of a common narrative for people from his country to "move away, do your thing and come home", and how it felt nice to move back home considering his parents were at a certain age. Raise your hand high (like you are Hermione Granger in Potions class) if that is your retirement plan as well. But all in all, it was something else in that interview with the Armchair Expert podcast that pulled me in; something that many of us millennials living far away from home for the sake of our careers can strongly relate to.

When asked if he could see himself dwelling in a city like Los Angeles, Murphy confessed that while he loved visiting there, he would feel like "a bit of an interloper" as a resident in California. Again, I see myself in that confession - and in that one word itself - as someone who, after eight long years, still feels like an outsider and struggles to find their footing in a different city away from home.

### Not a great 'craic'

Let me veer your attention away from the Cork-born actor for a moment and point you toward a different Irish city called Derry - or Londonderry if you too wish to be pedantic - where the lovable Netflix show Derry Girl sis based. The show, which spins a delightful teen comedy with a backdrop of the rough final years of the Northern Ireland conflict in the 1990s, has a handful of these chief Irish terms that are quite often repeated throughout the series. One of them is 'craic' or - sometimes used as - a 'craic-killer'.

Having been primarily taught British English in school and having spent a good chunk of my adult life numbing my brain with American sitcoms, I had absolutely no idea what this term meant. So, of course, I hit pause on the show and turned to Google. And to my surprise, searching 'craic' actually pulled up a trending story under the news section, where Cillian Murphy is quoted saying how he "wasn't a great craic to hang out with" when he was shooting Oppenheimer.

In case you are wondering, craic basically means 'an enjoyable social activity', like perhaps a dinner with friends or a party, perhaps. In Derry Girls, the character of Michelle (Jamie-Lee O'Donnell) calls Clare (Nicola Coughlan) a 'craic-killer' because she can often be seen as the paranoid and extra-careful one who cannot relax enough to have fun.

Reading about how Cillian Murphy felt he was not much of a 'craic' to hang out with not only felt like a great hat-tip to a different story/show that was so dear to me but was also very relatable on a personal level. The relevance of this explanation mounts further when you take into account how easy it would be for gossip columns to twist this narrative to make Murphy look like a snobby actor. But as he and his co-stars clarified, it was the "monumental" pressure of the role (and the need to stick to a certain diet) that often made Murphy choose solitude over having a good time. I personally feel that there are one too many of us who can relate to this need to isolate when it comes to giving everything you have to a certain job. Even if it means being a craic-killer at times.

### Channelling Cillian's Ken-ergy

The perceived box office competition between Oppenheimer and Greta Gerwig's Barbie has been amped up by the masses ever since their shared release date was announced months ago. However, it eventually morphed into this bizarre string of parallels drawn between the two polar opposite movies, most commonly through merchandise and memes. This social media phenomenon, which has been reigning the internet for quite some time now, has even been dubbed as the "movie event of the year" and rallied under the concocted portmanteau of "Barbenheimer".

Apart from being a fun social media event, this is also an apt example of successful counter programming, which is a marketing strategy often used by studios to release two totally different movies on the same day.

So, of course, interviewers reached out to the actors and directors of both Oppenheimer and Barbie to see their reaction to this counterprogramming strategy and the overall internet hype of Barbenheimer. And when Cillian Murphy was questioned if he would ever consider playing Barbie's 'boyfriend' Ken (a role spectacularly portrayed by Ryan Gosling in the latest Gerwig movie), he did not shy away from admitting that he would be thrilled.





In an interview with Cinefilos, Murphy noted that he would be open to reading the script and having a conversation about playing Ken in a sequel to Barbie. He also added that he is keen on watching the movie and sounded positively pumped about the "great movies happening this summer."

Now, let us, of course, take this response with a grain of salt; he probably was just being sporty and nice about the movie, and perhaps did not genuinely mean what he said about playing Ken. Nonetheless, this is a response that deserves its own moment in the sun.

> In an interview with Cinefilos, Murphy noted that he would be open to reading the script and having a conversation about playing Ken in a sequel to Barbie. He also added that he is keen on watching the movie and sounded positively pumped about the "great movies happening this summer." Now, let us, of course, take this response with a grain of salt; he probably was just being sporty and nice about the movie, and perhaps did not genuinely mean what he said about playing Ken. Nonetheless, this is a response that deserves its own moment in the sun.

Imagine Cillian Murphy, the guy known for playing the DC Comics Super villain Scarecrow in the Batman Begins series or the sinister assassin chasing Rachel McAdams in Red Eye, personalising the lovable, funny and goofy character of the Ken doll. Wouldn't that be a sight to behold? Perhaps, with his piercing blue eyes and haunting poker face, he would bring forth a fresh type of Stoic Ken that we have not had the luck to explore in this Barbie movie.

But then again, to think that Cillian Murphy's repertoire is just about his poker face and grim, piercing gazes, or just serious, method acting is sorely incorrect. A simple glance through his filmography will clear the misconception quickly.



### A role of a lifetime

Oppenheimer is being dubbed by many as Cillian Murphy's best work so far - or a role of a lifetime, as some like to put it. By the grade-A level performance that every actor in the movie has put in and its overall box office performance, it is a safe assumption to make. However, in an interview about two decades ago, Murphy himself gave this title to a different movie.

In 2005, Cillian Murphy acted in a film called Breakfast on Pluto, directed by celebrated filmmaker and fellow Irishman Neil Jordan. Based on a 1998 novel of the same name by Irish writer Patrick McCabe, this movie saw Murphy play the role of a transwoman who, while in search of her long-lost biological mother, goes through a myriad of atrocities and experiences as she makes her way through London and war-torn Ireland in the 1970s.

The timeline of when this movie came into being is essential. Notably, this was before the conversation around cis-gendered actors playing trans characters had received proper prominence in the English film industry. Secondly, Breakfast on Pluto happened pretty much right after Murphy had played two very ruthless characters on screen (in Batman Begins and Red Eye).

So, when this actor, who was known largely for his stone-faced charisma and fairly masculine roles, suddenly appeared on screen as the delicate, love-struck orphan child Patricia "Kitten" Brady, it took many by surprise and left the rest of us in awe.

In an interview he gave to blackfilm.com the year the movie was released, Murphy noted that he "would very happily say that" the title of the role of a lifetime applied to this film for him. To prepare for the role of Kitten, director Neil Jordan had advised him to treat himself "like a lady", while Murphy "wanted the character to be feminine as opposed to effeminate".

Murphy spent a lot of time in clubs around London to prepare for the role, meeting trans people, doing his research and taking notes. In his interview with blackfilm.com, he stressed that to him, it is "obvious" that in order to play a character, an actor must "amass information about that person", their environment, or the era that they are from. On a side note, while this practice of thorough research may be important and obvious to great actors like Cillian Murphy, it is ridiculously common to find their lazy contemporaries who end up playing LGBTQI+ characters in inaccurate and disrespectful light because they never bother to do even an inch of research.

Murphy's research, on the other hand, helped him pick up subtle cues and body language, something that must have surely helped him make the character of Kitten come alive in such an organic and effortless manner, instead of being forced and over-the-top. He even noted in the above-mentioned interview how plucking of the brows was the "worst", although he did enjoy "looking pretty. On that note, let us also take a moment to appreciate the beautiful smile from an actor who is way too often remembered just for his hard stares.

### Love for the craft

One of the chief aspects of Breakfast on Pluto is Kitten's repeated mentions of how everybody is too "serious, serious, serious", which is an ironic stand to take considering her story takes place against the backdrop of the violent Northern Ireland conflicts. But Murphy's take on his character is that Kitten is actually "very astute and very smart" and that she knows exactly what is going on around her. Her persona of taking things lightly, according to him, is simply a "defense mechanism to pretend all this stuff isn't happening".

An insight of such a measure comes from a place of deep love and understanding for a character, and it is something that you can find in his portrayal of other characters as well. Be it the young Irish traveller exploring the alien world of America in the 1999 film Sunburn (where you may find him looking extremely like young Timothy Chalamet) or the scientist in crisis in Oppenheimer.

For Oppenheimer, Murphy's special diet - which reportedly included a lot of just almonds - for this role has been talked about quite a lot since the movie came out, but what has not made headlines as much is how he described the purpose behind his diet. In a few interviews, he painted a picture of how the American theoretical physicist's diet consisted largely of alcohol and cigarettes, which had an impact on his physique, and how his clothes hung from his body in a certain way - which is what he was trying to copy (and seemingly did so successfully).

This sort of deep insight into his roles, into the minds of the characters that he plays, is something that only people who love their work immensely relate to. For most of us, there is a job that pays the bills and EMIs, and then there is a hobby/passion that breathes life into our souls during the weekends. For a lucky few, their passion is their job. Through back-breaking hard work and/or a streak of luck, they have been able to mint a stream of steady income by doing what they are passionate about. And because they love what they do, their work always has a certain edge of brilliance and dedication that cannot be found in the jobs done by those doing it just for a living, no matter how diligent they are. This love for the craft is what sets people like Cillian Murphy apart from the crowd.

rajeshsharma1049@gmail.com

#SECURITY SYSTEM

# Battery Sleuth To Stop Car Theft

Battery Sleuth bypasses both the wireless communication that key fobs depend on and the standardized on board communication network that's used in today's vehicles.



A new solution to car theft leverages perhaps the lowest-tech feature of today's vehicles—the auxiliary power outlet, known to those of a certain age as the cigarette lighter.

Skyrocketing vehicle theft rates in some cities have drawn attention to an inconvenient truth: the increasing amount of technology in our vehicles can make them increasingly vulnerable to hacking or theft.

The researchers are set to begin large-scale testing of Battery Sleuth, a vehicle security system that can protect against sophisticated wireless hacking, old-school jimmying, and everything in between.

Battery Sleuth bypasses both the wireless communication that key fobs depend on and the standardized on board communication network that's used in today's vehicles.

Instead, it authenticates drivers by measuring voltage fluctuations in a vehicle's electrical system. Drivers interact with it through a keypad device plugged into the auxiliary power outlet.

"The great thing about the power outlet is its simplicity—it's just a wire connected to the battery, so there's nothing to hack," says Kang Shin, professor of computer science at the University of Michigan and lead researcher on the project. "And creating voltage fluctuations with components like windshield wipers or door locks is even simpler."

Battery Sleuth delivers a predetermined series of voltage fluctuations—a sort of "voltage fingerprint"—to the car's electrical system when the driver enters a numerical code into the keypad device.

A receiver then recognizes this fingerprint and enables the vehicle to start. Drivers can also deliver the voltage fluctuation manually using auxiliary functions that draw battery power.

They might perform some combination of flicking the windshield wipers, turn signal, or headlights on and off, or locking and unlocking the doors. Installed between a vehicle's battery and the car's electrical system, Battery Sleuth's default mode allows the battery to deliver enough current to power systems like electronics and lights, but not enough to power the vehicle's starter.

Only when it detects the pre-set series of voltage fluctuations in the vehicle's electrical system does it turn up the juice, allowing the battery's full power through to the starter.

"The idea of measuring fluctuations in a car's electrical system seems simple, but designing one device that can do it accurately on thousands




of different vehicle models in varying environmental conditions gets quite complicated," says Liang He, assistant professor of computer science and engineering at the University of Colorado, Denver and a researcher on the project.

"We're working to design a system that's smart enough to measure the parameters of the vehicle it's installed on and then customize itself to work effectively on that vehicle."

Battery Sleuth also has defenses to guard against hacking or physical attacks on the device itself, including a siren that sounds if illegitimate activity is detected and a resistor that shuts down the vehicle's electrical system if an unauthorized power source is connected to the vehicle.

The system is designed to work as either an add-on to existing vehicles or a permanently installed component on new vehicles.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# निर्माण कार्यों में भेदभाव, सफाई व्यवस्था को लेकर पालिका की बैठक में हंगामा

## हंगामे के कारण पालिकाध्यक्ष ने बैठक समाप्ति की घोषणा कर दी

**छबड़ा,** (निसं)। पार्षदों द्वारा जनसमस्याएं अवगत करवाने के बावजूद पालिका प्रशासन द्वारा समाधान नहीं होने से आक्रोशित पार्षदों का गुस्सा शुक्रवार को पालिका में आयोजित हुई बैठक में फूट पड़ा और पार्षदों ने यहां मेज पर चढ़ कर शोर-शराबा कर डाला। यहां बढ़ते हंगामे के चलते पालिकाध्यक्ष बैठक समाप्ति की घोषणा कर अपनी कुर्सी से उठकर चले गए।

शुक्रवार को पालिका के सभागार भवन में लंबे अर्से बाद साधारण बैठक पालिकाध्यक्ष कैलाशचंद जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें एजेंडे के अनुसार सभी बिंदुओं पर विचार-विमर्ष किया गया। किंतु बैठक में कुछ बिंदुओं पर सहमति नहीं बन सकी। बैठक में मौजूद भाजपा व कांग्रेस पार्षदों ने एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। पालिका क्षेत्र के वार्डों में पालिका द्वारा करवाए जा रहे निर्माण कार्यों में भेदभाव बरतने, बिगड़ती सफाई व्यवस्था व पालिका की बेशकीमति भूमि पर हो रहे अतिक्रमण तथा घटिया निर्माण की शिकायत करने के बावजूद इन पर अंकुश नहीं लगाने सहित अन्य बिंदुओं को लेकर भाजपा-कांग्रेसी पार्षदों ने हंगामा कर दिया।

**पार्षद मैज पर चढ़े, जताया कड़ा विरोध :-** जनसमस्याओं का निराकरण नहीं होने से क्षुब्ध हो वार्ड की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर पार्षद विपिन शर्मा, मुकेश पांचाल, आदिल सालारगाजी, शाकिर खान ने मैच पर चढ़कर शोर-शराबा कर अपने-अपने वार्डों की समस्याएं रखी। पार्षद पांचाल ने चलती बैठक में मैज पर खड़े होकर कहा कि छबड़ा से सालपुरा तक के सड़क मार्ग में बीच में चौड़ी-चौड़ी दरारे हो रही हैं, फिर भी यहां के जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण मूकदर्षक बन बैठे हुए हैं। जल्द ही यह दरारे नहीं भरी गई तो मैं छबड़ा से विधानसभा तक पैदल यात्रा करूंगा।

पार्षद हंसकंवर ने बिगड़ती सफाई व्यवस्था का मुद्दा उठाते हुए कहा कि दस दिन के अंदर सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ नहीं किया गया तो वह स्वयं पालिका में अनिश्चितकाल के लिए धरने पर बैठेगी। प्रदेश में सत्ताधारी पार्टी के पालिका उपाध्यक्ष अबरार अहमद सिद्दकी ने पालिका प्रशासन पर वार्डों में घटिया निर्माण का खुलकर आरोप लगाया और बिगड़ती सफाई व्यवस्था पर भी कड़ी नाराजगी जताई। कांग्रेसी पार्षद ममता सोनी ने पालिका की बेशकीमती भूमि पर प्रभावशाली व राजनैतिक संरक्षण प्राप्त लोगों द्वारा धड़ल्ले से किए जा रहे अतिक्रमण पर अंकुश लगाने की मांग की।



पालिका बोर्ड बैठक में पार्षदों ने मैज पर चढ़कर विरोध जताया।

- अतिक्रमण तथा घटिया निर्माण की शिकायत करने के बावजूद इन पर अंकुश नहीं लगाने सहित अन्य बिंदुओं को लेकर भाजपा-कांग्रेसी पार्षदों ने हंगामा कर दिया

**भारी वाहनों पर रोक का निर्णय :-** बैठक में पार्षदों द्वारा छबड़ा प्लांट से ऑवरलोडिंग बॉटम व फ्लाईऐश से भरे वाहनों का कस्बे में दिन के समय रोक लगाए जाने की मांग रखी। इस पर ईओ महेंद्रसिंह चारण ने दिन के समय ऐसे वाहनों पर प्रतिबंध लगाए जाने और पालिका प्रशासन द्वारा प्रति ओवरलोडिंग वाहन से 500 रूपए वसूले जाने की बात कही। इस पर सभी ने सहमति जताई।

**अगर ठेका हुआ तो प्रति घर व दुकान वसूली जाएगी राशि :-** पालिका द्वारा घर-घर कचरा संग्रहण कार्य पर अधिक व्यय के कारण अब इस व्यवस्था को बदलते हुए उक्त कार्य ठेकेदार के माध्यम करवाए जाने की बात ईओ चारण द्वारा कही गई। अगर यह कार्य ठेकेदार द्वारा किया जाता है तो ठेकेदार द्वारा घर-घर व प्रत्येक प्रतिश्ठान पालिका द्वारा निर्धारित की गई राशि वसूली जाएगी।

**पालिकाध्यक्ष ने कर दी बैठक समाप्ति की घोषणा :-** बैठक में पार्षदों द्वारा बारी-बारी से अपने वार्डों की समस्याएं अवगत करवाने के क्रम के दौरान आक्रोषित पार्षद राजेंद्र वैशणव मैच पर चढ़ गए और पालिकाध्यक्ष व ईओ के सामने खडे होकर हंगामा करने लगे तो इसे देख पालिकाध्यक्ष जैन ने कुर्सी से उठकर आक्रोशित स्वर में बैठक समाप्ति की घोषणा कर सदन से चले गए। वहीं, बैठक में मैज पर चढ़े पार्षदों के कारण कुछ पार्षद अपनी समस्याएं सदन में रख सके तो उन्होंने भी इस पर नाराजगी व्यक्त की।

बैठक में पार्षद राज मोहम्मद ने ईद मिलादुन्नबी के कार्यक्रम को लेकर नगर पालिका द्वारा अनुदान देने का प्रस्ताव रखा। वहीं, पार्षद शाकिर खान, पार्षद सत्यनारायण मीणा, पार्षद उमर खां सहित अन्य पार्षदो ने कच्ची बस्ती को डिनोटिफाइड करने की मांग की। पार्षद रितेश शर्मा ने नीमथुर हनुमान मंदिर मार्ग को मॉडल हनुमान पथ मार्ग बनाने, रेणुका नदी पर रिवरफ्रंट टेंडर प्रक्रिया पूरी करने, वंचित समाजों को छात्रावास हेतु भूमि आवंटन किया जाने का प्रस्ताव रखा। वहीं, पार्षद रामप्रसाद यादव ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया।

# बिना नोटिस फैक्ट्री बंद, मजदूरों ने किया प्रदर्शन



फैक्ट्री बन्द कर दिए जाने से मजदूरों ने रोष जताया।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। रिको एरिया स्थित एक फैक्ट्री को बिना किसी सूचना दिए बन्द कर दिए जाने से वहां काम करने मजदूरों को परेशानी का सामना करना पड़ गया। यहां लगभग 70 मजदूरों को हिसाब भी नहीं दिया गया।

फैक्ट्री में काम करने वाले जगदीश प्रसाद जाट ने बताया कि रिको एरिया स्थित महावीर पॉलिटेक्स नामक फैक्ट्री को अचानक बिना बताए बन्द कर दिया जिससे यहां काम करने वाले 70 से ज़्यादा मजदूरों के सामने अचानक से बैरोज़गारी का संकट आ खड़ा हुए हैं। जाट ने बताया कि उन्हें तनख्वाह भी नहीं दी गई और न ही पीएफ व एसआई का कोई हिसाब दिया गया। ऐसे में आक्रोशित मजदूरो ने फ़ैक्ट्री प्रबंधन के ख़िलाफ़ प्रदर्शन शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना पर मौक़े पर पहुंची प्रतापनगर थाना पुलिस ने समझाईश के प्रयास शुरू किए है।

# आशा सहयोगिनियों का प्रदर्शन

**भीलवाड़ा,** (निसं)। ज़िला कलेक्ट्री पर शुक्रवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलनरत आशा सहयोगिन कर्मचारी संघ ने प्रदर्शन कर पीएम, सीएम के नाम डीएम को ज्ञापन सौंपा।

संघ की शील सेन ने बताया कि हम अल्प मानदेय भोगी हैं। हमारा भी गुजर बसर ठीक से हो, इसके लिए सरकार को हमारे बारे में सोचेते हुये सम्मानपूर्वक जीवन जीने लायक वेतन, सुविधायें दिलाने के लिए कुछ करना चाहिये, लेकिन 2018 के बाद आज तक केंद्र सरकार ने आशा सहयोगीनों को कुछ नहीं दिया। राज्य सरकार मनमाने ढंग से अनावश्यक कार्य का बोझ थोंप रही है। कुछ बोलने पर नौकरी छीनने की धमकी दी जाती है। सेन ने बताया कि अपनी चार सूत्रीय मांगों, सभी आशा सहयोगी को स्थाई करने, सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लेकर ईपीएफ, ईएसआई तथा पेंशन लाभ दिलाने, सेवानिवृत्ति पर ग्रेच्यूटी का लाभ और जब तक इन मांगों का निराकरण नहीं हो जाता, तब तक 18 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन देने को लेकर आज प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

# दुल्हन शादी के 11 दिन बाद नगदी व जेवर लेकर फरार

## युवती ने तीन शादियां पहले से ही कर रखी हैं

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। खोड़ा गणेश रोड स्थित सिद्धि विनायक कॉलोनी में ग्यारह दिन पहले शादी की हुई दुल्हन नगदी सहित जेवरात चुराकर चंपत हो गई। पीड़ित पति राजू कोरानी ने एडवोकेट रुपेश शर्मा के जरिये अदालत की शरण में जाकर न्याय की गुहार लगाई। अदालत ने मदनगंज थाना पुलिस को आदेश किया कि आरोपी महिला सहित दलाल व अन्य के खिलाफ मामला पजीकृत कर कार्यवाही की जाये, ताकि षड्यंत्र का पर्दाफाश हो सके।

पीड़ित का कहना है कि अजमेर में रहने वाले दलाल नरेश सिंधी ने एक लाख रूपये लेकर गत 19 जुलाई को फायसागर रोड जगदम्बा कॉलोनी निवासी सोनिया उर्फ द्रोपदी रुपानी पुत्री परसराम के संग विवाह कराया था, किंतु ग्यारह दिन बाद एक अगस्त को नवनवेली दुल्हन अपनी मां की बीमारी का बहाना बनाकर 45 हजार की नगदी सहित सोने-चांदी के जेवरात समेटकर पीहर अजमेर चली गई।

पीड़ित राजू इसे ससुराल लेने गया तो इसने साथ चलने से साफ इंकार कर दिया। इस बीच जानकारी मिल गई कि मां बीमार नहीं है और यह तो पहले से ही शादीशुदा है, यहां तक कि इसने तीन शादियां पहले से ही कर रखी है, जबकि दलाल ने इसे कुंवारी बताकर राजू के संग विवाह कराया था। यह सुनते ही राजू के पैरो तले जमीन खिसक गई। समझाईस के जरिये सार्थक प्रयास विफल होने पर वह ब्लैकमेल करने लगी, नितरोज की कलह से परेशान होकर पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराने में ही भलाई समझी। पुलिस ने दुल्हन सोनिया, दलाल नरेश सिंधी, टीकम, लता, नेहा, कविता सहयोगी के खिलाफ मुकदमा दर्ज जांच शुरू कर दी है।

# अध्यापक के साथ लूट का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

**बांसवाड़ा,** (निसं)। गत 5 अगस्त को कुशलगढ़ टिमेड़ा मार्ग पर गांव धोलाखेरिया में अध्यापक एवं उसके साथी के साथ हुई लूट की वारदात का खुलासा करते हुए कलिंजरा थाना पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी सवाई सिंह ने बताया कि मामले में छह अगस्त को प्रार्थी वालसिंह पुत्र बाबु डामोर निवासी जाडी कलिंजरा ने थाने में रिपोर्ट दी कि वह 5 अगस्त को अपनी मोटर साईकिल पर अपने साथी दिलीप के साथ जा रहा था। राह में लघुशंका के लिये रुके कि चार अज्ञात लोगों ने मोटरसाईकिल व उसके साथी दिलीप का बैग छीनकर भाग गये। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम गठित की। इस टीम को मुखबीर से सूचना मिली कि प्रदीप उर्फ सतीश पुत्र मगु बामनिया निवासी ढेबरी मनीष पुत्र हिमजी हाड़ा निवासी बिछावाड़ा, पप्पु पुत्र मोगजी हाडा निवासी बिछावाड़ा व विकेश पुत्र सुका वडकिया निवासी बिलडी सभी थाना कलिंजरा घटना में संलिप्त हो सकते हैं। इस पर पुलिस ने चारों संदिग्धों को डिटेन कर पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि वे चरकनी गांव में शराब पीकर वापस अपने घर में आ रहे थे कि धोलाखेरिया में उन्होंने एक मोटर साईकिल पर बैग रखा देखा तो उन्होंने समझा कि बाईक सवार स्वयं सहायता समूह का कार्मिक है इसी के चलते वे बाईक सवारों के पास गये और गांव की लड़की को भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए मारपीट की और बाइक व बैग छीनकर भाग निकले।

# पुलिस और प्रशासन ने पांच दर्जन अतिक्रमण हटाये

## हाईकोर्ट के निर्देश पर प्रशासन ने अतिक्रमण पर चलाया पीला पंजा, अल सुबह ही पहुंचे अधिकारी

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद गंगापुर सिटी में शुक्रवार सुबह पुलिस और प्रशासन की टीम ने ईदगाह से मिर्जापुर तक चिह्नित करीब पांच दर्जन अतिक्रमण को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। इस दौरान मौके पर भारी संख्या में पुलिस और आरएसी का जाब्ता तैनात रहा। एसडीएम नरेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि हाईकोर्ट के निर्देश पर पुलिस-प्रशासन ने यह कार्रवाई की। हाईकोर्ट के पूर्व में अतिक्रमण ध्वस्त करने के निर्देश मिल गए थे, लेकिन बीच में स्टे आने के कारण कार्रवाई को रोकना पड़ा था।

- 'कुल 86 चिह्नित अतिक्रमण में से 62 अतिक्रमण को ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई'

शुक्रवार को एसडीएम गंगापुर नरेंद्र कुमार मीणा, वजीरपुर के एसडीएम जवाहरलाल जैन, बामनवास के एसडीएम बाबूलाल, पुलिस उपाधीक्षक बाबूलाल बिश्नोई, तहसीलदार सीमा, नायाब तहसीलदार मुकेश शर्मा सुबह करीब 6 बजे ईदगाह मोड पहुंचे। इस दौरान सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर परिषद, बिजली निगम, जलदाय विभाग के अलावा अन्य विभाग के अधिकारियों की टीम और पटवारी, गिरदावर की टीम करीब 8 जेसीबी, 4 ट्रैक्टर ट्राली और सैकड़ों नगर परिषद के सफाई कर्मचारी भी मौके पर मौजूद थे। ईदगाह से चिह्नित अतिक्रमण को ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान प्रशासन ने गंगापुर के तीनों थानों गंगापुर, कोतवाली सदर और उदेई मोड थाना अधिकारी के अलावा वजीरपुर, पीलोदा, बामनवास और बाटोदा थाने का जाब्ता और थाना अधिकारी भी मौके पर तैनात रहे। एसडीएम नरेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि 86 अतिक्रमण चिह्नित किए गए थे। इनमें से 24 पर न्यायालय से स्टे ले लिया गया, ऐसे में कुल 86 चिह्नित अतिक्रमण में से 62 अतिक्रमण को ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान आशियाना टूटने से कई परिवार के लोग मायूस दिखे। कई परिवार की महिलाओं के आंसू नहीं थम रहे थे।



अतिक्रमण ध्वस्त करने के दौरान लोगों की भीड़ लग गई।

# बेटी के सिर बंधी मृतक पिता की पगड़ी

**चाकसू,** (निसं)। कस्बे में सामाजिक कुरीतियों को तोड़ते हुए नई पहल शुरू की गई है। इसमें पिता पांचूराम मीणा की मौत के बाद इकलौती बेटी मन्नी देवी मीणा को पगड़ी बांधी गई है। ऐसी कुरीतियों में गत कुछ समय से बदलाव जारी है।

जानकारी के अनुसार पहले पिता की मौत के बाद पुत्र नहीं होने पर परिवार में से किसी सदस्य व रिश्तेदार के सिर पर पगड़ी बांधी जाती थी। दूसरी ओर, पिता की चिता को मुखाग्नि भी किसी अन्य सदस्य द्वारा दी जाती रही है। पहले महिला वर्ग को श्मशान घाट पर जाने की समाज अनुमति नहीं देता था, लेकिन अब परंपराएं बदलाव के दौर में है। ऐसी विभिन्न प्रकार की कुरीतियों को लेकर सभी समाजबंधु गंभीर होने लगे हैं।



सामाजिक कुरीति तोड़ कर बेटी के सिर बंधी पिता की पगड़ी।

समाज के मूलचंद मीणा ने बताया कि चाकसू कस्बे स्थित पीपली की ढाणी ग्राम ढकाव वार्ड नम्बर 33 के पांचूराम मीणा कुछ समय से बीमार थे पिछले सप्ताह उनकी मौत हो गई थी। इस पर 45 वर्षीया पुत्री मन्नी देवी मीणा ने ही पिता की चिता को मुखाग्नि दी। वहीं गुरुवार को सर्व समाज के ग्रामीणों व मीणा समाज के प्रबुद्धजनों के बीच मन्नी देवी को पगड़ी बांध कर रस्म पूरी की गई। इस मौके पर रंगलाल मीणा, जगदीश मीणा, बाबूलाल मीणा, सहकारी समिति के सदस्य मूलचंद मीणा, भगवान सहाय बैरवा, राम सहाय बैरवा, कोकल खा भाटी, अजीम खा पामज्या, पहलाद खारवाल, लक्ष्मण खारवाल मौजूद रहे।

- 45 वर्षीया पुत्री मन्नी देवी मीणा ने ही पिता की चिता को मुखाग्नि दी थी

# महिला से लूट

**भीलवाड़ा,** (निसं)। बागौर थाना इलाके में पगडंडी से होकर खेत जा रही बुजुर्ग महिला के गले में पहने गहने बाइक से आये बदमाशों ने लूट लिये। दोनों बदमाश सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए है। बागौर थाना प्रभारी मोतीलाल रायका का कहना है कि चांदरास गांव की करीब 60 साल की भील जाति की महिला शुक्रवार दोपहर घर से पैदल ही खेत पर जा रही थी। गांव से बाहर जंगल में पगडंगी से गुजरने के दौरान एक बाइक से दो बदमाश आये। इन बदमाशों ने महिला के गले में पहने गहने छीन लिये और वहां से रवाना हो गये। उधर, महिला चिल्लाई तो आस-पास के ग्रामीणों ने बदमाशों को पकड़ने के लिए पीछा किया। ये बदमाश, बेमाली-करेड़ा की ओर निकले हैं। थाना अधिकारी का कहना है कि छीने गये गहने आर्टिफिशियल हैं।

# पांचना नदी से दूसरे दिन निकाला अधेड़ का शव



करौली के पांचना नदी से अधेड़ व्यक्ति के शव को निकालते सिविल डिफेन्स टीम के जवान।

**करौली,** (निसं)। करौली के पांचना बांध के पानी में कूदे एक अधेड़ व्यक्ति का गुरुवार को दूसरे दिन शव निकाला गया जिसकी कोई शिनाख्त नहीं हो पाई है।

करौली हिण्डौन सड़क मार्ग स्थित बड़ा पांचना पुल से नदी के पानी में कूदे एक अधेड़ व्यक्ति का शव दूसरे दिन गुरुवार को नदी से निकाल लिया गया। मौके पर रेस्क्यू कर रही एसडीआरएफ और करौली सिविल डिफेंस की टीम ने मृतक का शव गोताखोरों की मदद से बाहर निकाला और शव को सामान्य चिकित्सालय के पोस्टमार्टम कक्ष में शिनाख्त के लिए रखवाया गया है। पुलिस द्वारा विभिन्न माध्यमों से मृतक के शव की पहचान के प्रयास किये जा रहे हैं।

करौली तहसीलदार महेंद्र जैन ने बताया कि एक अधेड़ व्यक्ति के पांचना नदी में कूदने की सूचना मिली थी सूचना पर सिविल डिफेंस की टीम और पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे जहां गोताखोरों की मदद से पांचना नदी के पानी में अधेड़ की तलाश की गई। बुधवार को रात्रि होने के कारण रेस्क्यू अभियान रोक दिया गया। गुरुवार को प्रात: एक बार फिर सिविल डिफेंस की टीम और एसडीआरएफ द्वारा तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान गोताखोरों की मदद से अधेड़ का शव पानी से निकालकर सामान्य चिकित्सालय के पोस्टमार्टम कक्ष में रखवाया गया है जहां उसकी शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं सिविल डिफेंस टीम के इंचार्ज छत्रपाल सहित तरुण दुबे, फरमान के अलावा कई अन्य जवानों ने पांचना बांध के पानी में शव ढूंढने के लिए खूब मशक्कत की।

# सीमेंट प्लांट के प्रबंधन की वादाखिलाफी के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन

## एक महिला की तबियत बिगड़ी, चित्तौड़गढ़ हॉस्पिटल भेजा

**निम्बाहेड़ा,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र के भावलिया स्थित न्युवोको सीमेंट प्लांट के प्रबंधन की वादाखिलाफी को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों में आज सुबह से आक्रोश देखा जा रहा हैं। आक्रोशित ग्रामीणों का फैक्ट्री के मुख्य गेट सहित अन्य दो गेटों पर सुबह से ही प्रदर्शन जारी है। प्रबंधन की ओर से किसी तरह की बातचीत अभी तक ग्रामीणों से नहीं की गयी है। दोपहर बाद एक महिला की तबियत खराब होने पर फैक्ट्री गेट पर ही प्राथमिक उपचार के बाद चित्तौड़गढ़ चिकित्सालय भिजवाया गया है। धरना प्रदर्शन देर शाम तक जारी है। गेट बंद होने से अंदर बाहर की आवाजाही बाधित हो रही है कार्मिकों सहित फेक्ट्री परिसर में निवास कर रहे कार्मिकों के बच्चों महिलाओं को भी प्रदर्शनकर्ताओं ने रोका।

ग्रामीणों का कहना है कि फैक्ट्री प्रबंधन के द्वारा 2011 से हुए लिखित समझौते के बाद क्षेत्र के 16 व्यक्तियों को मुवावजे के तौर पर नौकरी दी जानी थी। एक दशक से ज्यादा समय बीत जाने के बावजूद नौकरी नहीं दिए जाने से क्षेत्रवासियों में आक्रोश व्याप्त है। आक्रोशित ग्रामीणों का कहना है कि वादाखिलाफी के चलते अब तो उन्हे स्थानीय प्रशासन पर भी विश्वास नहीं हैं। फैक्ट्री प्रबंधक द्वारा बार बार वादाखिलाफी को लेकर शुक्रवार सुबह से ही युवाओं तथा महिलाएं भी लामबंद होकर व्यक्त कर आक्रोश कर रहे हैं। इधर मौके पर चल रहे धरना आंदोलन को देखते हुए सदर थाना पुलिस का जाब्ता भी मौके पर शांति व्यवस्था कायम करने के लिए मौजूद रहा। मौके पर ग्रामीणजनों के साथ ही फाचर अहिरान सरपंच शैलेश अहीर, अरनिया जोशी ग्राम पंचायत के गजेंद्र पालीवाल, टाई ग्राम पंचायत के प्रहलाद गुर्जर सहित अन्य जन प्रतिनिधि व ग्रामीण महिलाएं भी मौजूद रही।

शुक्रवार सुबह से फैक्ट्री के तीनो गेट बंद करके धरना दे रहे ग्रामीणों में से एक महिला की दोपहर बाद अचानक तबीयत बिगड़ गयी। बेहोश हुई महिला का पहले फैक्ट्री गेट पर ही प्राथमिक उपचार किया गया। बाद में एक प्राइवेट गाडी से उक्त महिला को चित्तौड़गढ़ चिकित्सालय भिजवाया गया है। इधर प्रदर्शनकारियों का कहना है कि हमें आज 16 घंटे से ज्यादा भूखे प्यासे बैठे हो गए लेकिन प्रबंधकों एवं सरकारी प्रशाशन ने कोई सुध नहीं ली है जिससे उनमें भारी रोष है।




सीमेंट प्लांट के प्रबंधन की वादाखिलाफी को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों ने आक्रोश जताया।

- फैक्ट्री प्रबंधन के द्वारा 2011 से हुए लिखित समझौते के बाद क्षेत्र के 16 व्यक्तियों को मुवावजे के तौर पर नौकरी दी जानी थी
- एक दशक से ज्यादा समय बीत जाने के बावजूद नौकरी नहीं दिए जाने से क्षेत्रवासियों में आक्रोश व्याप्त है

# मालपुरा को जिला बनाने की मांग को लेकर 142वें दिन भी धरना व अनशन जारी

## मालपुरा को नवीन जिलों में शामिल नहीं करना कांग्रेसियों के लिए गले की फांस बनी



मालपुरा को जिला बनाने की मांग को लेकर142वें दिन भी धरना व अनशन जारी रहा।

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा को जिला बनाने की मांग को लेकर 142वें दिन भी धरना व अनशन लगातार जारी है। धरने पर बैठे महिला-पुरूष आज भी एक स्वर में कह रहे हैं कि मालपुरा को जिला घोषित नहीं करने पर अनशन व धरना जारी रहेगा। तो जनता की जुबान पर एक ही नारा गूंज रहा है जिला नहीं तो वोट नहीं।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा कांग्रेस सरकार के अन्तिम कार्यकाल में चुनावी कार्ड खेलते हुए 19 मार्च को राजस्थान में 19 नये जिलों की घोषणा तो की लेकिन रियासत काल से जिला स्तर का दर्जा प्राप्त व सभी मापदण्डों से परिपूर्ण कांग्रेस की परम्परागत सीट रही मालपुरा को नवीन जिलों की घोषणा में शामिल नहीं करना इस बार भी कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए गले की फांस बनता प्रतीत हो रहा है।

कांग्रेस आलाकमान द्वारा राजस्थान की 200 सीटों का पार्टी स्तर पर एवं संगठन पर दो सर्वे करवाना व एक एजेन्सी से मुख्यमंत्री द्वारा गोपनीय सर्वे करवा मालपुरा सहित राजस्थान की 40 सीटों को इस बार हर हाल में जीतने के लिए योजना बनाई गई। लेकिन आलाकमान की योजना व मालपुरा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसजनों सहित आगामी विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में ताल ठोकने वाले नेताओं के लिए वरदान साबित होने वाली मालपुरा को जिला बनाने की मांग को नजर अंदाज कर जनभावनाओं की अनदेखी करना संगठन को भारी पड़ सकता है।

**■ जिला नहीं तो वोट नहीं की गांव-ढाणी से उठ रही आवाजें**

विधानसभा चुनावों की अधिसूचना व आचार सहिंता की घोषणा होने से पूर्व ही मालपुरा विधानसभा क्षेत्र में बीते दो माह से कांग्रेस नेताओं की सरगर्मियां तेज हो रही हैं। क्षैत्र के राजनैतिक गलियारे व नेताओं की लम्बी सूची पर नजर डाले तो पीसीसी उपाध्यक्ष रामविलास चौधरी, पीसीसी सदस्य घासीलाल चौधरी, बीसुका उपाध्यक्ष डॉ. चन्द्रभान, युवा नेता गोपाल गुर्जर, अवधेश शर्मा, भंवर मुवाल सहित एक दर्जन नेताओं के नाम इस बार मालपुरा सीट से विधायक बनने को आतुर नेताओं मे हौड सी मची हुई है।

अब तक तो एक दर्जन से अधिक कांग्रेस नेता स्वयं को कांग्रेस प्रत्याशी मान विधानसभा क्षेत्र के गांव-ढाणी में सघन जनसम्पर्क अभियान चला नुक्कड़ सभाओं व तीये की बैठकों में शामिल हो अपनी पहचान व चेहरा जनता के सामने रख रहे हैं। तो कई नेता जनसुनवाई व जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर कांग्रेस में अपनी मजबूत पकड़ बना जीत की ताल ठोंक रहे हैं। लेकिन सभी नेताओं से क्षेत्र की जनता एक ही सवाल पूछ रही है कि मुख्यमंत्री ने मालपुरा को जिला क्यों नहीं बनाया। मालपुरा को जिला बनाने के लिए विधायक का ख्वाब देख रहे नेताओं ने चार महिने में मालपुरा की जनता के प्रतिनिधि मंडल के साथ मुख्यमंत्री से मिलकर जिला घोषित करने का दबाव क्यों नहीं बनाया। जबकि मालपुरा में जिला बनाने की मांग को लेकर बीते 142 दिनों से धरना व अनशन जारी है।

यहां तक कि जनआंदोलन को लेकर कांग्रेस के वो दिग्गज नेता जो मुख्यमंत्री से बेहद करीबियों की सूची में शामिल है एवं मालपुरा टोडारायसिंह सीट से विधायक बनने का सुख भी भोग चुके हैं उन नेताओं ने भी मालपुरा की जनता के बीच पहुंच जनभावनाओं को मुख्यमंत्री तक पहुंचाना मुनासिब नहीं समझा। अब मुख्यमंत्री के सामने मालपुरा सीट जीतने के लिए एक ही ब्रह्मास्त्र बचा है। मालपुरा को जिला बनाने की घोषणा कर हार के लगे दाग को धोने में सफलता मिल सकती है।

# पांच पंचायतों के ग्रामीणों का शाहपुरा जिले में नहीं रहने को लेकर विरोध

**माण्डलगढ़, (निसं)।** माण्डलगढ़ उपखण्ड कार्यालय के बाहर ग्रामीणों के चल रहे धरना प्रदर्शन मंच को शुक्रवार को दूसरे दिन राजनीतिक नेताओं ने हाईजैक कर लिया और लोक लुभावने भ्रामक द्विअर्थी भाषण दिये। कई नेताओं के भाषण पर तो तालियों की घड़घड़ाहट होने लगी वहीं ग्रामीणों ने ठहाके भी लगाए।

**■ ग्रामीणों के धरना प्रदर्शन मंच पर दूसरे दिन भी कई नेतागण पहुंचे**



माण्डलगढ़ की शाहपुरा जिले में शामिल हुई पंचायतों के ग्रामीणों ने दूसरे दिन भी धरना जारी रखा।

माण्डलगढ़ उपखण्ड की 5 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण धरनार्थी भीलवाड़ा जिले में ही रहने की मांग पर अड़े हैं। नव सृजित शाहपुरा जिले में कतई नहीं रहना चाहते है। गौरतलब हैं कि गत दिनों सरकार के गजट नोटिफिकेशन में माण्डलगढ़ उपखण्ड की 15 पंचायतों को शाहपुरा में शामिल किया गया हैं। उसी को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश भड़का हुआ है।

माण्डलगढ़ उपखण्ड कार्यालय के बाहर पंचायत बचाओ संघर्ष समिति मानपुरा के तत्वाधान में आयोजित धरना प्रदर्शन गुरुवार से शुरू किया गया। शुक्रवार को महुआ, दौलपुरा, रलायता, मानपुरा व धामनिया ग्राम पंचायतों के सरपंच जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीण रैली के रूप में माण्डलगढ़ उपखण्ड कार्यालय पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम महेश गगोरिया को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में ग्रामीणों ने शाहपुरा जिले से उक्त ग्राम पंचायतों को निकाल कर भीलवाड़ा जिले में ही रखने की मांग की।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में चेतावनी दी कि सरकार ने हमारी माँग नहीं मानी तो उठा आंदोलन कर चक्काजाम किया जाएगा। ज्ञापन के दौरान मानपुरा सरपंच चंदादेवी प्रजापत, महुआ सरपंच कमला देवी खटीक,रलायता सरपंच प्रेमदेवी जाट, श्रीनगर सरपंच रामलाल भील, दौलपुरा सरपंच रामजस दाधीच सहित अन्य पंचायतों के जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

माण्डलगढ़ में ग्रामीणों द्वारा प्रायोजित किए गए धरना स्थल के मंच को शुक्रवार को बीजेपी और कांग्रेस के नेताओं ने हाईजैक कर लिया और दिनभर लोकलुभावन भाषणबाजी की। कई नेता अपनी राजनीति चमकाने में भी पीछे नहीं रहे। वहीं कुछ नेता राजस्व मंत्री रामलाल जाट,तो कई ने राज्यमंत्री धीरज गुर्जर तथा मुख्यमंत्री से मुलाकात करने का आश्वाशन दिया। वहीं बीजेपी के नेताओं ने कांग्रेस नेताओं की मौजूदगी में गहलोत सरकार की किरकिरी की।लेकिन सत्ताधारी नेता खामोश नजर आए।

धरना स्थल पर पंचायत समिति प्रधान जितेंद्र मूंदड़ा, पूर्व जिला प्रमुख इंजीनियर कन्हैया लाल धाकड़,पूर्व प्रधान कन्हैया लाल जाट, पूर्व उप प्रधान भेरू लाल जाट, बिजौलिया क्रय विक्रय सहकारी समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश जाट, नगर पालिका अध्यक्ष जफ़र टांक, पीसीसी सदस्य गोपाल मालवीय, कांग्रेस पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष शिवकुमार त्रिपाठी, पार्षद अनिता सुराणा, रफ़ीक टांक, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रशीद आसाम, बीजेपी विधायक गोपाल खंडेलवाल, पूर्व विधायक बद्रीप्रसाद गुरुजी, पूर्व जिला प्रमुख शक्ति सिंह हाड़ा सहित कई नेता जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# चोरी की गाड़ी में पोस्त की तस्करी करते एक गिरफ्तार

**हनुमानगढ़, (निसं)।** चोरी की लग्जरी गाड़ी में पोस्त की तस्करी करते नागौर निवासी एक युवक को गोलूवाला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिला विशेष दल हनुमानगढ़ के सहयोग से की गई कार्रवाई में कार से कुल 70 किलोग्राम पोस्त बरामद किया है। यह पोस्त प्लास्टिक के चार कट्टों में भरा हुआ था। पोस्त के अलावा पुलिस को तस्कर के कब्जे से देसी ऑटोमैटिक पिस्टल और दो कारतूस भी मिले। इस मामले में एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है।

डीएसटी हनुमानगढ़ के जरिए गोलूवाला पुलिस को सूचना मिली कि एक कार में पोस्त की तस्करी की जा रही है। सूचना मिलने पर गोलूवाला पुलिस थाना प्रभारी एसआई अजय गिरधर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नेशनल हाईवे पर स्थित कैंचियां में ओवरब्रिज के पास नाकाबंदी शुरू की। नाकाबंदी के दौरान पुलिस टीम ने सूरतगढ़ की ओर से आ रही कार को रुकवाकर तलाशी ली तो उसमें प्लास्टिक के 4 कट्टों में कुल 70 किलोग्राम पोस्त भरा हुआ मिला। कार ड्राइवर की तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी ऑटोमैटिक पिस्टल और 2 जिंदा कारतूस मिले। पुलिस ने पोस्त, पिस्टल और कारतूस बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही पोस्त तस्करी में इस्तेमाल कार जब्त की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नागौर निवासी खेमाराम मकोड़ी के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने बीकानेर के पांचू थाना क्षेत्र निवासी किसी व्यक्ति से पोस्त खरीदकर लाने और सप्लाई देने श्रीगंगानगर जाने की बात कबूल की है।

## किसान की मौत

**भीलवाड़ा, (निसं)।** ज़िले के शक्करगढ थाना क्षेत्र के बाकरा गांव में खेत पर रखवाली कर रहे किसान को किसी जहरीले जानवर ने काट लिया जिससे किसान की मौत हो गई वहीं सूचना पर शक्करगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंपा। शक्करगढ़ थाना अधिकारी शारदा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के बाकरा गांव में युवक को जहरीले जानवर के काटने से मौत होने की सूचना मिली जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक युवक छोटू लाल पिता देवीलाल रेगर के शव को जहाजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवा कर मृतक युवक का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सुपूर्द किया।

# विदेश भेजने के नाम पर 16 लाख की ठगी

**हनुमानगढ़, (निसं)।** पुलिस थाने में युवती को विदेश भेजने के नाम पर लड़के वालों से 16 लाख से अधिक रुपए लेकर शादी करने से इनकार करने और रुपए-जेवरात वापस नहीं लौटाने का मामला दर्ज हुआ है। हनुमानगढ़ में सगाई के बाद युवती को विदेश भेजने के नाम पर लड़के वालों से 16 लाख से अधिक रुपए लेकर शादी करने से इनकार करने और रुपए-जेवरात वापस नहीं लौटाने का मामला सामने आया है। इस मामले में सदर थाना पुलिस में एक युवक ने अपनी मंगेतर और उसके परिजनों के खिलाफ ठगी के आरोप में मामला दर्ज करवाया है।

**■ युवक ने अपनी मंगेतर और उसके परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया**

हरजिन्द्र सिंह (22) पुत्र रणवीर सिंह जटसिख निवासी वार्ड 25, डबलीबास मौलवी ने लिखित रिपोर्ट दी कि उसका रिश्ता गगनदीप कौर पुत्री गुरमेल सिंह जटसिख निवासी वार्ड 12, भोलेवाला, 7 एचडीपी तहसील पीलीबंगा के साथ तय हुआ था। 28 मई 2023 को गोलूवाला में शगुन की रस्म अदा की गई। उन्होंने शगुन में 2 तौले सोने और 17 तौले चांदी के गहने दिए। शगुन में गगनदीप कौर का पिता गुरमेल सिंह पुत्र वीरसिंह, दादा वीरसिंह, हरप्रीत कौर, जसमेल सिंह और राजदीप सिंह शामिल हुए। तब गुरमेल सिंह जल्द शादी करने का आश्वासन दिया। उसके बाद गगनदीप कौर से उसकी बात होने लगी। गगनदीप कौर के कहने पर उसने उसे मोबाइल फोन खरीदकर दिया। गगनदीप कौर ने उसे कहा कि वह विदेश जाना चाहती है। वह कुछ समय बाद उसे भी विदेश बुला लेगी। गगनदीप कौर और उसके परिजनों ने गगनदीप कौर को विदेश भेजने के नाम पर उनसे अलग-अलग समय में 16 लाख 41 हजार 250 रुपए ले लिए।

गगनदीप कौर के फर्जी दस्तावेज तैयार करवाकर उसे दिखाए। साथ ही गुरमेल सिंह ने कहा कि वे विदेश जाने से पहले उनकी साथ उसकी शादी करवा देंगे। जब उन्होंने शादी का तारीख तय करने के लिए गगनदीप कौर के परिवार पर दबाव बनाया तो उन्होंने शादी की तारीख तय करने से इनकार कर दिया। साथ ही कहा कि उनका गगनदीप कौर की शादी करने का कोई विचार नहीं है। अगर उन्होंने दबाव बनाया तो वे उनके खिलाफ दहेज मांगने का झूठा मामला दर्ज करवा देंगे। पंचायत की तो उसमें भी गुरमेल सिंह ने गगनदीप कौर की शादी करने से इनकार कर दिया। रुपए, सोने-चांदी के गहने भी वापस नहीं लौटाए। पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच थाना प्रभारी एसआई तेजवंत सिंह कर रहे हैं।

# पूर्व कलेक्टर व नगर निगम आयुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश

**■ स्टेडियम में बने रेस्टोरेंट को स्टे के बाद भी तोड़कर कोर्ट के आदेश की अवेहलना का है आरोप**

**■ मामला वर्ष 2021 से अदालत में विचाराधीन था और रेस्टोरेंट संचालक ने स्टे प्राप्त कर रखा था**

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर के इंडोर स्टेडियम में बने तंदूर रेस्टोरेंट को विधि विरुद्ध तोड़ने के आरोप में पूर्व कलेक्टर अंशदीप व वर्तमान नगर निगम आयुक्त सुशील के खिलाफ अजमेर न्यायालय ने सदर कोतवाली पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं। मामला वर्ष 2021 से अदालत में विचाराधीन था और रेस्टोरेंट संचालक महिपाल सिंह ने अदालत से स्टे प्राप्त कर रखा था।

एडवोकेट अजय कुमार वर्मा ने बताया कि अजमेर के तत्कालीन जिला कलेक्टर अंशदीप और अजमेर नगर निगम आयुक्त सुशील सहित स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अधिकारी पी के मोर्य व नगर निगम अधिकारियों के खिलाफ न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने के आरोप में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किए जाने के अदालत ने आदेश दिए हैं। वर्मा ने बताया कि मेरे मुवक्किल महिपाल सिंह को अदालत ने स्टे दिया हुआ था, जिसे जिला कलेक्टर और नगर निगम व स्मार्ट सिटी के अधिकारियों ने नहीं माना और विधि विरुद्ध जाकर रेस्टोरेंट को तोड़ कर मुवक्किल को क्षति हानि पहुंचाई गई, जबकि वर्तमान में भी वहां कोई रेस्टोरेंट चल रहा है तो फिर उनके मुवक्किल का ही रेस्टोरेंट चलते रहने में क्या बुराई थी? एडवोकेट वर्मा ने बताया कि मौके पर जब मुवक्किल की ओर से अभिषेक भार्गव व अन्य वकीलों ने स्टे आदेश पेश किए तो अधिकारियों ने उसे मानने से इंकार कर दिया और सरकारी पद पर होते हुए विधि के विरुद्ध काम किया। इस तरह अधिकारियों ने कानून को तोड़ने का प्रयास किया।

नगर निगम के ट्रस्टी देवेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि उन्हे यह मामला अभी संज्ञान में आया है। उन्होंने बताया कि रेस्टोरेंट को तोड़ने के मामले में तत्कालीन अधिकारियों ने नगर निगम के ट्रस्टियों को विश्वास में नहीं लिया था। तत्कालीन अधिकारियों ने एक तरफा ही निर्णय लेकर रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ की कार्रवाई की थी। उन्होंने बताया कि अब न्यायालय ने आदेश दिए हैं तो अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होगा।

## किशोरी दस्तयाब

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** एक इलाके से अपहरण कर ले जाई गई किशोरी को पुलिस ने बरामद कर लिया। किशोरी के बयानों के बाद युवक पर अपहरण के साथ-साथ दुष्कर्म करने और पोक्सो एक्ट की धाराएं जोड़ी गई हैं। पुलिस ने मोनू नायक उर्फ मनीष मोटा पुत्र पंकज नायक को गिरफ्तार किया है। एफआईआर के अनुसार आरोपी एक किशोरी को 5 अगस्त की रात को बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया था। किशोरी के पिता की रिपोर्ट पर जवाहरनगर थाना में आरोपी को नामजद करते हुए अपहरण का मुकदमा दर्ज किया था। जांच अधिकारी एएसआई साहबराम बाजिया ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर किशोरी उसके कब्जे से बरामद की। पीडिता ने पुलिस को दिए बयानों में आरोपी पर दुष्कर्म का आरोप भी लगाया। बाल कल्याण समिति के आदेश पर किशोरी परिजनों के सुपुर्द कर दी।

# बाइक चोरी की वारदातों का खुलासा, चार गिरफ्तार

**जोधपुर, (कासं)।** विवेक विहार थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी और मोबाइल लूट करने वाली गैंग का पर्दाफाश करते हुए 4 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी की 11 मोटरसाइकिल और लूटे गए चार मोबाइल बरामद किए गए हैं। गैंग का सरगना झंवर पुलिस थाने का हिस्ट्रीशीटर है।

विवेक विहार थाना अधिकारी राजेंद्र सिंह चारण ने बताया कि थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातों को देखते हुए उच्च अधिकारियों के निर्देशन पर टीम गठित की गई थी। टीम ने बाइक चोरी के मामले को लेकर तकनीकी सहायता और मुखबिर की सूचना पर शातिर वाहन चोर गिरोह के 3 सदस्यों की पहचान की। जिन्हें पकड़ कर थाने लाया गया। जहां पूछताछ के दौरान उन्होंने चोरी की वारदात करना कबूल किया। इस पर पुलिस ने रविंद्र उर्फ रवि पुत्र मोहन नाथ जोगी निवासी खुडाला, रवि उर्फ जयेश पुत्र ओमप्रकाश हीरागर निवासी भल्लरों का बाड़ा अजीत, दिनेश पुत्र पारस नाथ जोगी निवासी शिकारपुरा व चोरी की बाइक खरीदने वाले जगदीश पुत्र मोहन नाथ जोगी निवासी आभानाडा की ताल मथानिया को गिरफ्तार कर लिया।

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने मोटरसाइकिल चोरी और मोबाइल लूट की दो दर्जन वारदातें जोधपुर शहर, पाली और रोहिट में करना स्वीकार किया। आरोपियों के बताएं अनुसार उनके कब्जे से चुराई गई 11 मोटरसाइकिल और लूटे गए चार मोबाइल अलग-अलग स्थान से बरामद किए गए हैं। गैंग का सरगना रवि उर्फ खल्ला आला दर्जे का शातिर चोर है। जिसके खिलाफ पूर्व में 15 मामले दर्ज हैं। चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए आरोपी रात में अलग-अलग साथियों के साथ मिलकर सुनसान जगह देखकर मोटरसाइकिल चुराते थे। वहीं शाम के समय पैदल चलने वाले राहगीरों के हाथों पर झपट्टा मार कर मोबाइल छीन लेते थे।

# एम्स जोधपुर प्रशासन के खिलाफ ठेका कर्मचारी कलैक्ट्रेट पहुंचे, जताया आक्रोश

**जोधपुर, (कासं)।** एम्स जोधपुर में निदेशक और उपनिदेशक की तानाशाही से परेशान होकर कल एम्स जोधपुर से निकाले गए सुरक्षा एवं अन्य ठेका कर्मचारियों ने जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर जिला कलेक्टर के मार्फत स्वास्थ्य मंत्री तथा एम्स के निर्देशक को ज्ञापन प्रेषित किये।

**■ ठेकाकर्मियों ने बताया कि उन्हें बेवजह नौकरी से निकाला जा रहा है**

एम्स के ठेकाकर्मियों ने बताया कि उन्हें बेवजह नौकरी से निकाला जा रहा है। सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार द्वारा सुरक्षा कर्मियों को लगातार परेशान किया जाता है। बिना कारण 15-20 सुरक्षा कर्मियों को नौकरी से निकाल दिया गया। काम के समय में अनावश्यक पाबंदियाँ लगा दी जाती है जैसे 8 घंटे की ड्यूटी के दौरान बैठ नहीं सकते, चाय-नाश्ता एवं अन्य किसी प्रकार की कोई गतिविधि नहीं कर सकते हैं। अनावश्यक नियमों के उल्लंघन का बहाना बनाकर आए दिन सुरक्षा कर्मियों को निकाला जा रहा है। लिफ़्ट संचालक को तो केवल लघुशंका करने जाने पर नौकरी से निकाल दिया गया। स्पष्ट है कि एम्स में निदेशक और उपनिदेशक की तानाशाही चल रही है। बेवजह कर्मियों को नौकरी से बाहर निकाल दिया जाता हैं। नौकरी से निकालने का न कारण बताया जाता है न किसी प्रकार का कोई नोटिस दिया जाता है। बस यह कह दिया जाता है कल से ड्यूटी पर मत आना। नाम नहीं छापने की शर्त पर एक ठेकाकर्मी ने बताया कि डायरेक्टर और उपनिदेशक पुराने आदमियों को निकालकर नए आदमियों को लेने के एवज एसआईएस कम्पनी के मार्फत लाखों रुपए की मांग भी करते हैं, एक व्यक्ति से डेढ़ से दो लाख तक लिए जाते हैं।

इस दौरान डीवाईएफआई जिला सह संयोजक एडवोकेट गणपत इंदलिया, एडवोकेट पूजा भाटी, राजकुमार चौपड़ा, रितेश तिवारी, घनश्याम बिश्नोई, बबलु गुर्जर, जसवंत सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# गोवंश से भरी पिकअप छोड़ भागे तस्कर

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शक्करगढ़ थाना क्षेत्र के बाकरा गांव में गोवंश से भरी हुई एक पिकअप मिली, पिकअप का एक्सल टूट गया था जिसके चलते तस्कर उसे मौके पर छोड़कर फरार हो गए। ग्रामीणों ने पिकअप को देखा तो पुलिस को सूचना दी गोवंश तस्करी की सूचना मिलने पर मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण पहुंच गए।

हेड कांस्टेबल विजय सिंह ने बताया कि बाकरा गांव के निकट एक पिकअप में गोवंश तस्करी की सूचना मिली थी। तस्करों ने पिकअप का एक्सल टूट जाने से सड़क के पास ही गोवंशों को गिरा दिया था लेकिन चारों पैर बंधे होने से एक की गर्दन टूट गई और मौके पर ही मौत हो गई। बाकी 4 गोवंश अचेत अवस्था में ग्रामीणों को मिले। ग्रामीणों ने सभी के पैरों की रस्सियां खोलकर मुक्त किया। पुलिस ने पिकअप को जप्त कर उसके मालिक की तलाश शुरू कर दी। वहीं मृत गोवंश का पोस्टमार्टम कराया।



शक्करगढ़ थाना क्षेत्र के बाकरा गांव में गोवंश से भरी हुई पिकअप मिली।

पुलिस ने गोवंश तस्करी की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। ग्रामीणों ने बताया कि इस पिकअप के साथ एक और पिकअप थी लेकिन आस पास के खेतो में जाग होने से दूसरी पिकअप में ये लोग बैठकर भाग छूटे। आए दिन ऐसे साधन रात 12 बजे से 4 बजे के बीच निकलते रहते है। पिकअप को जब पुलिस ने डिटेन किया तो उसमे एक टोल पर्ची मिली जो कल शुक्रवार रात की ही है जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि तस्कर अजमेर जिले के केकड़ी की तरफ से आए थे और एमपी इन गोवंश को ले जा रहे थे पुलिस से बचने के लिए तस्कर ग्रामीण क्षेत्र के छोटे रास्तों से निकलते हैं। जिससे आसानी से पुलिस की नजर से बच जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पांचों गोवंश को रस्सियों से जकड़कर चारों पेरों को बांध रखा था जिससे गोवंश घायल हो गए थे। गाड़ी में कपूर की गोलियां भी मिली जिससे अनुमान लगाया जा रहा था कि गाड़ी में बिठाने के बाद उनको बेहोश किया गया था।

**■ गोवंश के पैरों को बांधकर एम.पी. ले जा रहा थे**

**■ पिकअप का एक्सल टूट गया था**

## शहीद शिलालेखों का उद्घाटन

**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** पंचायत समिति नीमराना प्रधान संतोष यादव ने 10 लाख रुपए के विकास कार्यों की स्वीकृति तथा बाबा भैया के तालाब से सिद्ध सेवा धाम तक सीसी टाइल निर्माण कार्य सहित अमर शहीदों के शिलालेखों का उद्घाटन किया। वहीं ग्राम पंचायत डूमडोली, मांढण, गिगलाना में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत अमर शहीदों की याद में कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं कार्यक्रमों की अध्यक्षता ग्राम पंचायतों के अनुसार सुनील कुमार सरपंच डूमडोली, सुरेंद्र यादव सरपंच मांढण, योगेश सिंह चौहान सरपंच गिगलाना के द्वारा की गई। वहीं वृक्षारोपण तथा अमृत कलश यात्रा के साथ ही भाजपा बलवान सिंह यादव पूर्व जिलाध्यक्ष ने वीर शहीदों को नमन करते अदम्य साहस और शहादत को प्रेरणादायक बताया।

इस अवसर पर सरपंच सुनील कुमार, मनीषा ग्राम विकास अधिकारी, श्रीराम जी, नित्यानंद, विजय सिंह पंच, थानेदार मुकेश, लालमन, छोटेलाल, रामदेव और सुरेंद्र यादव सरपंच मांढण, रामसिंह यादव पूर्व सरपंच, कौशल्या देवी पंचायत समिति सदस्य, अमित यादव, मुकुल शर्मा, सुनीता यादव, पंकज शर्मा उपसरपंच, सूरजभान शर्मा पंच, लोकेश यादव पंच, रमेश शर्मा पंच, विरेन्द्र सिंह पंच, शेरसिंह पंच, सुनहरी देवी पंच आदि मौजूद रहे।

# वेयर हाउस से चने के कट्टे चोरी करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**निवाई, (निसं)।** पुलिस ने एलटीसी कॉमर्शियल कम्पनी के गुन्सी स्थित वेयर हाउस से चने की बोरियां चुराने के मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी किए गए 45 कट्टे चने भी बरामद किए हैं।

पुलिस उपाधीक्षक संदीप सारस्वत ने बताया कि कस्बा निवाई निवासी

- **पुलिस ने आरोपियों से चोरी किए गए 45 कट्टे चने भी बरामद किए**



चोरी के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

कैलाशचन्द शर्मा ने निवाई थानें में उपस्थित होकर 4 जून को मामला दर्ज करवाया था कि एलटीसी कॉमर्शियल कम्पनी के गुन्सी स्थित वेयर हाउस नं 3 पर चने की बोरियां रखी गई थी। 2 जून की शाम को 6 बजे परिवादी कैलाशचन्द वेयर हाउस का ताला लगाकर घर चला गया। उसने रिपोर्ट में दर्ज करवाया है कि, 3 जून की सुबह करीब पौने 6 बजे पता चला कि वेयर हाउस का शटर एक तरफ से मुडा हुआ है।

इस पर शटर खोलकर अन्दर जाकर बोरियों की गिनती की तो करीब 45 बोरियां गायब मिली। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना अधिकारी मूलचंद वर्मा, हैड कानि. गोपाललाल के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए रामफूल जाट निवासी सुनारी, मुकेश डाबरिया निवासी रायला थाना कालाडेरा हाल निवासी लक्ष्मीनारायणपुरा पुलिस थाना बगरू जिला जयपुर एवं अश्विन उर्फ छोटू निवासी शिवार मोड बिनायका जयपुर को जरिये प्रोडक्शन वांरट सेन्टर जेल टोंक से गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों से चोरी किए गए 45 कट्टे चने के भी बरामद कर लिये है। प्रकरण में शेष मुल्जिमान गोपाल निठारवाल व कजोड जाट एवं गठन में प्रयुक्त पिकअप के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

## बाइक तिरंगा रैली रविवार को

**पावटा, (निसं)।** देश की आजादी के 76वें वर्ष को अमृत महोत्सव के तहत देश में विभिन्न संगठनों व सरकार के विभागों द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर देश में घर-घर तिरंगा हर घर तिरंगा के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

इसी बीच विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में भाजपाइयों द्वारा 13 अगस्त रविवार को बाइक तिरंगा यात्रा निकाल कर लोगों को देश की आजादी का 76वें वर्ष को जश्न के साथ घर-घर तिरंगा हर घर तिरंगा के साथ मनाने के लिए जागरूक किया जायेगा।

कार्यक्रम के बारे में भाजपा नेता जगन चौधरी, कैलाश ताखर, पावटा मंडल अध्यक्ष प्रकाश राठी, प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष जयराम सिंह, मुखराम धनखड महामंत्री, विक्रम कुमावत महामंत्री, तेजपाल धनवाडिया महामंत्री ने बताया कि यह बाइक तिरंगा रैली 13 अगस्त रविवार को प्रात: 7.30 बजे ग्राम कुनेड से शुरू होकर पावटा, खेलना, बजरंगपुरा, आंतेला, केरली, बागावास अहिरान, लाडाकाबास, तुलसीपुरा, ठिकरिया, जयसिंहपुरा से सुरजपुरा होते हुए किशनपुरा, लुहाकना धुलकोट होते हुए बिलवाडी, विराटनगर बस स्टेंड, गणेश मंदिर विराटनगर पहुंच कर समाप्त होगी। वहीं प्रागपुरा से प्रात: 8.30 बजे सुभाष चौक से यात्रा का शुभारभ होगा।

## सार-समाचार

### युवा संवाद समारोह आयोजित



**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे की नावा सड़क स्थित जांदू कृषि फार्म पर टीम गंगा जगदीश ककरालिया के तत्वावधान में युवा संवाद एवं स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में दिवंगत कांग्रेस नेता जगदीश ककरालिया के छायाचित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात आगुन्तक अतिथियों का कांग्रेस पार्टी की सूत की माला पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। इसके बाद वक्ताओं ने दिवंगत जगदीश ककरालिया की जीवनी पर प्रकाश डाला। वहीं कार्यकर्ताओं की ओर से गंगा देवी ककरालिया को कांग्रेस से टिकिट दिलाकर चुनाव लड़ाने की मांग उठी। इसी क्रम में स्व. जगदीश ककरलिया के पुत्र राजेश ककरालिया को कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही समर्थकों ने उनको अपने कन्धों पर उठाकर मंच तक लेकर आए। जहां पर उनका भव्य स्वागत अभिनन्दन किया गया। मंच से राजेश ककरालिया ने कांग्रेस पार्टी का टिकिट मिलने पर फुलेरा विधानसभा से अपनी माता गंगा देवी को चुनाव मैदान में उतारने की बात कही। इस अवसर पर गोरीशंकर सैनी, नाथू लाल टांक, अशोक पारीक, एडवोकेट विजय शर्मा, अरुण शर्मा, दिनेश शर्मा, समीम उल हक, नदीम सदर सहित कार्यक्रम में सैंकडों की संख्या में लोग मौजूद थे।

### मेरी-माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित

**टोंक, (निसं)।** खंड के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोहेला में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन के कार्यकारी अधिकारी देशलदान, पीपलू विकास अधिकारी योगेश मीणा, ग्राम पंचायत सरपंच शांति देवी बेरवा ने तिरंगा फहराकर किया। अमृत वाटिका एवं शिलालेख का उद्घाटन कर मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत पौधारोपण कर विद्यालय प्रशासन छात्र-छात्राओं व ग्रामीणों द्वारा 75 वर्ष से लगाए गए वृक्षों की सुरक्षा का संकल्प लिया। कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि बढ़ते हुए प्राकृतिक असंतुलन को दूर करने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करना आवश्यक है। इस मौके पर पंचायत समिति पीपलू पीओ हेमराज सिंह सोलंकी प्रधानाचार्य लल्लूराम शर्मा पूर्व सरपंच रामदास बेरवा पूर्व सीआर रफीक मंसूरी, कैलाश गोरा ओम प्रकाश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### मुआवजा दिलवाने की मांग

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा विधानसभा के विधायक निर्मल कुमावत ने किसानों के हित में खड़े होकर एक बार फिर जिला प्रशासन को पत्र लिखकर फुलेरा विधानसभा में किसानों की खराब हुई फसल का मुआवजा दिलवाने की मांग की है। विधायक कुमावत ने बताया कि फुलेरा विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण के दौरान सभी जनप्रतिनिधि व जनता द्वारा अवगत कराया गया कि किसानों की बाजरे, मूंगफली, मूंग, ग्वार, मक्का, ज्वार इत्यादि की फसलों में लट व कीट का प्रकोप बढ़ने के कारण फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई हैं। जिस कारण किसान वर्ग काफी निराश हो रहे हैं। अत: शीघ्र ही नष्ट हुई फसलों की रिपोर्ट तहसील स्तर से मंगवाकर किसानों को राज्य सरकार के स्तर से सहायता / मुआवजा तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत बीमा कम्पनीयों से क्लेम संबंधित बीमा कम्पनीयों को रिपोर्ट भेजकर दिलवाकर किसानों को राहत प्रदान करवाई जावे।

### दूसरे दिन 36 मोबाइल बांटे

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के लाभार्थियों को मोबाइल फोन वितरण करने हेतु पंचायत समिति श्रीमाधोपुर के सभागार में चलाए जा रहे शिविर में 11 अगस्त को कुल 36 लाभार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए। इसी क्रम में 12 एवं 14 अगस्त को ग्राम पंचायत हांसपुर के लाभार्थियों को स्मार्टफोन का वितरण किया जाएगा। शिविर में हेल्प डेस्क के माध्यम से लोगों को स्मार्ट फोन योजना से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया जाकर आवश्यक जानकारी प्रदान की जा रही है। सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रोग्रामर सुभाष चंद्र द्वारा बताया गया की सभी पात्र लाभार्थियों को नगर पालिका एवं ग्राम पंचायत द्वारा आमंत्रण पत्र का वितरण किया जा रहा है ।शिविर में स्मार्ट फोन योजना का लाभ लेने हेतु पात्र लाभार्थी अपना जन आधार कार्ड, आधार कार्ड पैन कार्ड (यदि उपलब्ध हो) एक पासपोर्ट साइज फोटो एवं जनाधार में जुड़ा हुआ मोबाइल साथ लेकर आवे।

### पशु स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** ग्राम पंचायत कांसरड़ा के ग्राम रानीपुरा में नीजी पशु चिकित्सालय में एक दिवसीय नि:शुल्क एंटी रेबीज वैक्सीन एवं पशु स्वास्थ्य चिकित्सा परामर्श शिविर एवं पशुपालक व किसान संगोष्टी का आयोजन किया गया। डॉ एंड कैट विशेषज्ञ डॉ लोकेन्द्र सिंह निठारवाल ने बताया कि शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि नीजी पशु चिकित्सालय के निदेशक फूलचंद निठारवाल व अध्यक्षता डॉ अमित कुमार ने किया। शिविर में जयपुर की टीम द्वारा लगभग सत्तर श्वान व कैट का एंटी रैबीज व पच्चास बकरीयों के इन्टेरो टोक्सीमिया का टीकाकरण किया गया। पशुपालक व किसान संगोष्टी में फ्री फीड पैंकेट, पेट के कीडे मारने की दवाई सहित अन्य नि:शुल्क वितरण की गई। इस में डॉ विकास कुमार, डॉ लाकेन्द्र सिंह, कमल शर्मा एवं सुभाष चौधरी सहित टीम द्वारा सेवाएं दी गई।

### निशुल्क जांच योजना में दौसा प्रथम

**दौसा, (निसं)।** चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा का गृह जिला मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना में प्रथम पायदान पर रहा है। आमजन को राहत देने के लिए चलाई जा रही राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना एमएनजेवाई की माह जून 2023 की जारी राज्यस्तरीय रैंकिंग में दौसा जिले ने प्रथम स्थान हासिल किया है। एमएनजेवाई में प्रथम स्थान हासिल करने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुभाष बिलोनिया ने सभी अधिकारियों कर्मचारियों को बधाई देते हुए उत्साहवर्धन किया।

## पेशाब करने व जूते चटवाने का मामला झूठा पाया

**जयपुर, (निसं)।** जमवारामगढ़ इलाके में अपहरण कर पीटने, पेशाब करने व जूते चटवाने जैसे आरोपों के साथ इस्तगासा की जरिये दर्ज करवाये गये मामले की अब तक पुलिस की तफ्तीश में घटना पूर्णत: मिथ्या व निराधार पाई गई है।

प्रारम्भिक जांच के अनुसार यह मामला सेवनिवृत्त पुलिस अधिकारी नवदीप सिंह की शह पर दर्ज करवाया गया है। उल्लेखनीय है कि नवदीप सिंह का कई वर्षों से जमवारामगढ इलाके के गांव टोडालडी आंधी में इस जमीन पर निवास कर रहे स्थानीय कब्जाधारी आदिवासी व दलित समुदाय के लोगों से विवाद चल रहा है। नवदीप सिंह ने इन कब्जों का हटाने के लिए अपने प्रभुत्व का इस्तेमाल करते हुए दूसरे हलके के पटवारी को बुलाकर पत्थरगढ़ी करवानी चाही।

इन्होंने पुलिस अधिकारियों पर भी दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन संभावित अवैधानिकता व कानून व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए पुलिस इनके नाजायज दबाव में नहीं आई।

भूमि पर इनके द्वारा किये गये कृत्यों के संबंध में स्थानीय निवासियों द्वारा अनूसूचित जाति/जनजाति एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करवाया। इस मामले का अनुसंधान पुलिस उप अधीक्षक शिव कुमार भारद्वाज द्वारा किया जा रहा था। नवदीप सिंह ने इस मामले में शीघ्र एफआर देकर मामले को तत्काल बंद करने के लिए अनुचित दबाव डालना प्रारम्भ कर दिया और सोची समझी साजिश के तहत अपने व्यक्ति से 156/3 में इस्तगासा करके यह मुकदमा दर्ज करवाया।

करीब एक महीने के अन्तराल के बाद मीडिया का ध्यान आकर्षित करने एवं पुलिस पर दबाव बनाने के साथ ही विवादास्पद भूमि पर पुन: कब्जा करने के लिए यह षडयंत्र रचा गया।

गैर हलके में जाकर गैर कानून तरीके से पत्थरगढ़ी करने के मामले जिला कलेक्टर द्वारा संबंधित पटवारी को निलम्बित किया जा चुका है।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत उपखंड की ग्राम पंचायत ओदरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दीपचंद खैरिया एसडीएम गंगाधर मीणा प्रधान बद्री प्रसाद सुमन सहित अतिथियों ने वीरों को नमन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंकित संदेश शिला पट्टिका का अनावरण किया और मुट्ठी भर माटी की पंचप्राण शपथ दिलाई गई।

आजादी अमृत महोत्सव के तहत लगाई गई शिला पट्टिका पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मातृ भूमि की स्वतंत्रता और उसके गौरव की रक्षा के लिए बलिदान हुए वीरों को शत शत नमन करते हुए संदेश दिया है कि एक-एक दिन समय का प्रत्येक क्षण जीवन का प्रत्येक कण मातृभूमि के लिए जीना और तभी आजादी के दीवानों को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# केंद्रीय नेताओं से मिली भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी

**विराटनगर, (निसं)।** भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी ने शुक्रवार को दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा संगठन के पदाधिकारियों से मुलाकात कर विराटनगर विधानसभा की जन समस्याओं से अवगत करवाया। उन्होंने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव, केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश महामंत्री दिया कुमारी सहित संगठन के पदाधिकारियों से मुलाकात की।

रत्ना कुमारी ने बताया कि विराटनगर विधानसभा में चल रही पेयजल परियोजनाओं और जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों तथा आमजन की समस्याओं को केंद्रीय जल शक्ति मंत्री के समक्ष रखा तथा उन्होंने त्वरित समाधान करवाने का भरोसा दिया। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश



भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर विराटनगर विधानसभा की जन समस्याओं से अवगत करवाया।

चौधरी से मुलाकात कर किसान हितों संबंधी विषयों पर चर्चा की तथा विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं से अवगत करवाया। दिल्ली में केंद्रीय नेताओं से मुलाकात के दौरान उन्होंने वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव, केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, सीकर सांसद स्वामी सुमेधानन्द सरस्वती से भी मुलाकात की।

# गौशाला की भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के बानसूर रोड़ स्थित श्री जयसिंह गौशाला कार्यकारिणी के सदस्यों ने अध्यक्ष सुरेश पायोनियर के नेतृत्व में जिला कलेक्टर शुभम चौधरी को ज्ञापन सौंपकर गौशाला भूमि पर अवैध निर्माण कर किये जा रहे अतिक्रमण को रूकवाकर उसे हटवाये जाने की मांग की है।

ज्ञापन में अध्यक्ष पायोनियर समेत उपाध्यक्ष रोहिताश सैनी, महेन्द्र सैमाला, नंदलाल जोशी, मनोज गौड़, एड. बजरंग लाल शर्मा, नृसिंहदास अग्रवाल, ओमप्रकाश सारस्वत, संदीप शर्मा आदि ने बताया है कि श्री जयसिंह गौशाला की कब्जे व काश्त की भूमि खसरा नं. 1387ध0.13 वाकेमौजा बासड़ी कोटपूतली में स्थित है।

उक्त भूमि पर असामाजिक तत्वों द्वारा कब्जा करने की नीयत से अतिक्रमण किया जा रहा है। इस बाबत 12 दिसम्बर 2008 को तहसीलदार कोटपूतली द्वारा आईएलआर व पटवारी हल्का की टीम गठित कर सीमाज्ञान करवा दिया गया था। जिसके बाद पुन: अतिक्रमण करने पर विगत 28 जून 2022 को भी पुन: सीमाज्ञान करवाया जा चुका है। लेकिन उक्त भूमि में निरन्तर अतिक्रमण किये जा रहे है। वर्तमान में सतीश पुत्र बनवारी लाल जांगिड़ पनियाला द्वारा पुख्ता निर्माण कर अतिक्रमण किया जा रहा है। इसको लेकर विगत 13 जुलाई को भी तहसीलदार कोटपूतली को शिकायत की गई थी। जिस पर हल्का पटवारी व गिरदावर ने मौके पर अतिक्रमण रूकवाने के आदेश दिये थे। लेकिन श्री जयसिंह गौशाला की उक्त भूमि पर निरन्तर अतिक्रमण कर निर्माण किया जा रहा है।

## कावड़ यात्रा का पोस्टर विमोचित

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** बाबा अमरनाथ कावडिया संघ चौमू नगर के तत्वावधान में 21 अगस्त 2023 को आयोजित होने वाली विशाल नवमं कावड़ यात्रा के पोस्टर का विमोचन वीर हनुमान धाम सामोद के जगतगुरु देवाचार्य अवध बिहारी महाराज के ० वीर हनुमानजी मन्दिर सामोद पर्वत पर किया गया। इस मौके पर महाराज ने बताया कि धर्म का कार्य करने से व्यक्ति सदमार्ग पर चलता है और उसकी व उसके पूर्वजों की सद्गित होती है। कावड़ संघ अध्यक्ष कुमार गौरव सैनी ने बताया शहर में निकलने वाली प्रभात फेरी में दीपक खटोड़, मॉर्निंग वॉक टीम चौमूं अध्यक्ष राजू कुमावत, हनुमान बागड़ा, राजेन्द्र , विष्णु कुमावत, पंकज बागड़ा, भोमराज आसीवाल, सुनील, एनआर गौरा, महेन्द्र देवंदा, दिनेश पारीक, रामधन जाट, भरत योगी, जीतू भटनागर, अध्यक्ष कैलाश बजाज, वस्त्र व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, स्वर्णकार व्यापार मंडल अध्यक्ष मनोज जांगिड़, फैंसी फुटवियर व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेश पुजारी, कमल पटवा, अशोका बर्तन महेश नानका, पवन अग्रवाल, हरीश नेनवानी आदि ने कावड़ के पोस्टर का विमोचन किया।

# मोदी के पंच प्रणों से भारत विश्वगुरू बनेगा : डॉ. पंकज सिंह

**जयपुर।** निम्स विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में युवा संवाद इंडिया/2047 भारत के पंच प्रण एक युवा परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसमें वक्ताओं ने भारत के पंच प्रण पर विस्तार से चर्चा की। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर विचार व्यक्त किए जिसमें बायोटैक की छात्रा कनिष्का भाटिया को प्रथम पुरस्कार मिला।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निम्स विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रोफेसर संदीप मिश्रा, निम्स मेडिकल कॉलेज के डीन डा. चमन राम वर्मा, निम्स हॉस्पीटल, विश्वविद्यालय के निदेशक एवं डा. पंकज सिंह फाउंडेशन के अध्यक्ष डा. पंकज सिंह ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में दिव्यांग प्रीमियर लीग के विजेता गौरी शंकर मीणा, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता मनु कम्बोड, सुधीर वर्मा, प्रो. अशोक शर्मा सहित अनेक अतिथि मौजूद रहे। युवा कल्याण मंत्रालय, एनएसएस और डा. पंकज सिंह फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित युवा संवाद को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए निम्स हॉस्पिटल, विश्वविद्यालय के निदेशक और डॉ पंकज सिंह फाउंडेशन

- **निम्स विश्वविद्यालय में भारत के पंच प्रण एक युवा परिचर्चा का आयोजन**

के अध्यक्ष डा. पंकज सिंह ने कहा कि भारत के पांच प्रण पर भारत का भविष्य निर्भर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी सोच के आधार पर पांच प्रण निर्धारित किए गए हैं। अगर देश का हर व्यक्ति इन पांच प्रणों का अनुसरण करे तो 2047 तक भारतवर्ष विकसित देशों में सर्वोपरि होगा और विश्वगुरू बनेगा।

भाषण प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों और विश्वविद्यालयों के दो दर्जन से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। बीएससी बायोटैक की छात्रा तनिष्का भाटिया ने नागरिकों में कर्तव्य भावना पर अपने विचार व्यकत का प्रथान प्राप्त किया। समाजशास्त्र द्वितीय वर्ष की छात्रा विद्या भारती ने उपनिवेसिक मानसिकता का पतन पर विचार व्यक्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय स्थान ऑप्टोमेट्री की छात्रा कल्याणी ने एकता और अखण्डता विषय पर विचार व्यक्त किया।

## पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

**रामगढ़ पचवारा, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर सुभाष पहाड़िया के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय लोगों द्वारा मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। नेहरू युवा केंद्र दौसा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत राजकीय कन्या महाविद्यालय रामगढ़ पचवारा एवं नेहरू युवा केन्द्र दौसा ब्लॉक रामगढ़ पचवारा ब्लॉक लालसोट तीनों के संयुक्त तत्वावधान में देश के शहीद वीरों कि याद में सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सुभाष पहाड़िया प्राचार्य राजकीय कन्या महाविद्यालय रामगढ़ पचवारा ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम पुरे भारतवर्ष में वीरों को नमन करते हुए अमृत वाटिका सृजन कि जा रही है जिसमें 75 छायादार फलदार पेड़ पौधे लगाए जा रहे हैं। यह पर्यावरण संरक्षण के लिए आने वाले समय में अहम भूमिकाएं अदा करेंगे।

## छात्रों ने मॉडल प्रदर्शित किए

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय पर डॉ. प्रफुल्ल चन्द्र राय की जयंती के उपलक्ष्य में माध्यमिक आदर्श विया मन्दिर श्यामपुरा रोड लालसोट में विज्ञान सप्ताह का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य हंसराज शर्मा ने बताया कि इस विज्ञान सप्ताह के दौरान आयोजित प्रदर्शनी के दौरान छात्रों द्वारा विभिन्न विज्ञान आधारित तकनीकी पर आधारित कई मॉडल भी प्रदर्शित किए गए। जिसमें छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न विज्ञान प्रदर्श चार्ट प्रयोगों का प्रदर्शन किया गया। प्रश्न मंच वाद विवाद प्रतियोगिता वैज्ञानिकों के जीवन पर आधारित प्रेरक प्रसंग आदि क्रिया कलापों का आयोजन किया गया। इस विज्ञान प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि सुनील गुप्ता पहल मानव सेवा संस्थान के अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि दीपक स्वामी संजू शर्मा निर्णायक मंडल में देवकीनन्दन भिंवाल बाबूलाल शर्मा निर्मला बड़ाया दीपक खण्डेलवाल रविन्द्र महावर साज सज्जा दल में ऋषि शर्मा हीरालाल सैनी प्रकाश शर्मा नाथूलाल बैखा निरंजन सैन रहे।

# राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल का समापन

**मंडावरी, (निसं)।** महरिया ग्राम में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल के समापन समारोह को संबोधित करते हुए समाज सेवी एडवोकेट रघुनंदन मीणा ने कहा कि खिलाड़ियों में जीत आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करती है तो हार हुए खिलाड़ी को कमी पूरे करने का सबक देने के साथ उसकी छोटी ही कमियों को पूरा करने का भी सबक देती है।

राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल के ग्राम पंचायत स्तरीय समापन समारोह का आयोजन आज राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महारिया के खेल मैदान में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडवोकेट रघुनंदन मीना विशिष्ट अतिथि रमेश तिवाड़ी प्रधानाचार्य दौसाडा, रामभजन सैनी अध्यक्ष एस एम सी रहे। संयोजक एवं प्रधानाचार्य ने स्वागत उद्बोधन के साथ



मंडावरी की महारिया ग्राम पंचायत में खेल प्रतियोगिताओं के समापन पर विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

प्रतियोगिता प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विजेता प्रतियोगियों को प्रमाण पत्र एवं मैडल प्रदान किये। उप प्राचार्य कमलेश गौतम ने आगन्तुकों और आयोजन समिति के प्रति आभार व्यक्त किया। समापन समारोह के दौरान टीमों के खिलाड़ी एवं स्थानीय विद्यालय के प्रतिनिधि सहित गणमान्य नागरिक आदि मौजूद रहे।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लि. के नाम से जाना जाता था)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022
प्राधिकृत अधिकारी-सरदीप राठौड, संपर्क नम्बर-9887772255 ई-मेल आईडी-sardeep.rathore@idfcbank.com

IDFC FIRST Bank

**परिशिष्ट-IV-ए**
**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना/एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से ऋणग्रहिता (ओं) व जमानती (यों) को नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित अचल सम्पत्तियाँ सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गयी है तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा आईडीएफसी बैंक लि. अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इन सम्पत्तियों की बिक्री 31.08.2023 को "जहाँ है जैसी है" "जो कुछ है यह हैं" तथा "जो कुछ है वहाँ है" के आधार पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड के खाता संख्या 26577368 में 14.04.2021 को बकाया राशी रूपये 12,06,479.19/- की निर्मल इलेक्ट्रोनिक्स, बाबू लाल मंडावरिया, चिरन्जी लाल, मोहिनी देवी, बाबूलाल मंडावरिया (निर्मल इलेक्ट्रोनिक्स) ऋण ग्रहिता (ओं) एवं सह-ऋण ग्रहिता (ओं) से वसूली के लिये की जायेगी।

**ऑक्शन स्टेट्स**

| | |
|---|---|
| आरक्षित मूल्य | रूपये-6,86,000/- |
| बयाना राशि जो जमा होगी | रूपये-68,600/- |
| बोली प्रस्तुत करने / बयाना राशि जमा कराने की तिथि | 30.08.2023 को सायं 5.00 तक |
| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | 24.08.2023 प्रातः 11.00 से सायं 4.00 तक |
| नीलामी की तिथि | 31.08.2023 प्रातः 11.00 से दिन में 1.00 तक |
| सम्पत्ति का विवरण | प्लाट नं.1, कच्ची बस्ती, पुनर्वास योजना माचेडा, नीन्दड, हरमाडा, जयपुर (राजस्थान) का पूरा व प्रत्येक भाग, क्षेत्रफल 40.50 वर्ग मीटर, और सीमायें है- पूर्व-अन्य की भूमि, पश्चिम-रोड 12 मीटर चौडी, उत्तर-प्लाट नं.-2, दक्षिण-रिजर्व भूमि |

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तो के लिए कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वेबसाइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक को देखें अर्थात http://idfcfirstbank.auctiontiger.net/EPROC
**अस्वीकरण**- कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस केवल अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियों को बेचने का अधिकार नहीं है, यदि कोई, अचल सम्पत्ति पर मौजूद हो।

स्थान - जयपुर
दिनांक- 11.08.2023

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लि. के नाम से जाना जाता था)



हमारी टीम ने आठ महीने बाद प्रतिस्पर्धी हॉकी खेली और इस तरह अंतर्राष्ट्रीय हॉकी से टिके रहना कठिन है। हमें पीएचएफ की अक्षम अधिकारियों से छुटकारा पाना होगा। - मोहम्मद सकलैन

**पाकिस्तान के अंतरिम कोच, पाकिस्तान में हॉकी की दुर्दशा के लिये पीएचएफ को जिम्मेदार हटाते हुए।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## अंबाती रायुडू



**पूर्व** भारतीय क्रिकेटर और आईपीएल 2023 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलने वाले अंबाती रायुडू आपको कैरेबियन प्रीमियर लीग यानी सीपीएल में खेलते हुए नजर आ सकते हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट लेने के बाद उन्होंने भारत की घरेलू क्रिकेट को भी अलविदा कह दिया है। ऐसे में वे विदेशी लीग में खेलने के लिए स्वतंत्र हैं, क्योंकि अभी तक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने वह नियम लागू नहीं किया है, जिसमें रिटायरमेंट के बाद ही खिलाड़ी को दो साल के बाद किसी लीग में खेलने की आजादी होगी।

**क्या आप जानते हैं ?...** विश्व कप फुटबॉल की पहली ट्रॉफी जुलियस रिमेट का डिजाइन फ्रांसीसी वास्तुकर एवेल लेफलुर ने तैयार किया था।

## पीसीबी ने पाकिस्तानी टीम का कोचिंग स्टाफ बरकरार रखा

लाहौर, 11 अगस्त। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ( ने अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला और उसके बाद एशिया कप से पहले राष्ट्रीय पुरुष टीम के कोचिंग और प्रबंधन स्टाफ को बरकरार रखा है। इस फैसले का मतलब है कि पाकिस्तान टीम के निदेशक मिकी आर्थर, मुख्य कोच ग्रांट ब्रैडबर्न और टीम मैनेजर रेहान उल हक अपने पदों पर बने रहेंगे। मोर्ने मोर्कल (गेंदबाजी कोच), एंड्रयू पुटिक (बल्लेबाजी कोच) और आफताब खान को भी बरकरार रखा गया है। टीम प्रबंधन के सभी सदस्यों की नियुक्ति नजम सेठी की अगुवाई वाली समिति ने की थी। जका अशरफ के पीसीबी प्रमुख का पद संभालने के बाद कयास लगाए जा रहे थे कि वह इसमें बदलाव कर सकते हैं।

## स्वियातेक ने कैरोलिना मुचोवा को बारिश से प्रभावित मैच में हराया

मांट्रियल, 11 अगस्त। पोलैंड की शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने नेशलन बैंक ओपन के बारिश से प्रभावित मैच में चेक गणराज्य की 14वीं वरीय कैरोलिना मुचोवा को 6-1, 4-6, 6-4 से शिकस्त दी। इस जीत से सुनिश्चित हो गया कि स्वियातेक सोमवार को जारी होने वाली रैंकिंग में लगातार 72वें हफ्ते शीर्ष पर बनी रहेंगी। अब स्वियातेक का सामना डेनियल कोलिंस से होगा जिन्होंने लेलाह फर्नांडिज को 6-3, 6-3 से शिकस्त दी। अमेरिका की चौथी वरीय जेसिका पेगुला ने इटली की जैस्मीन पाओलिनी को 6-4, 6-0 से मात दी और अब उनकी भिड़ंत कोको गॉफ से होगी जिन्होंने चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रोयूसोवा को 6-3, 6-0 से हराकर उनका सफर खत्म किया।

## पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट ने कुश्ती महासंघ के चुनाव पर लगाई रोक

चंडीगढ़, 11 अगस्त। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने 12 अगस्त को निर्धारित भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनावों पर शुक्रवार को रोक लगा दी। गौरतलब है कि भारतीय ओलंपिक महासंघ की देखरेख में चल रहे डब्ल्यूएफआई के चुनाव जून 2023 में होने थे, लेकिन पहलवानों के प्रदर्शन और कानूनी याचिकाओं के कारण चुनाव कई बार टल चुके हैं। डब्ल्यूएफआई के शासी निकाय के 15 पदों के लिये 30 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह और 2010 राष्ट्रमंडल खेलों की गोल्ड मेडलिस्ट पहलवान अनिता श्योराण के बीच अध्यक्ष पद के लिये मुकाबला होना है।

# जापान पर एकतरफा जीत के साथ भारत फाइनल में

### चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी : खिताबी मुकाबला मलेशिया से

चेन्नई, 11 अगस्त। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल मुकाबला में मेजबान भारत ने करीब 8 हजार दर्शकों के बीच जापान को बुरी तरह से हराया। इस नॉकआउट मैच में भारत ने 5-0 से जीत हासिल की और खिताबी दावेदारी पेश की। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में अजेय रही। हालांकि, लीग फेज में एक मैच ड्रॉ रहा था। ये मैच जापान के ही खिलाफ था, लेकिन सेमीफाइनल में भारत ने एकतरफा जीत हासिल की।

मुकाबले की बात करें तो भारत के लिए दूसरे क्वॉर्टर में भारत ने पहला गोल दागा। 19वें मिनट में हार्दिक और सुमित ने मिलकर गेंद को आगे भेजा और हार्दिक ने आकाशदीप को दिया और फिर उन्होंने उसे नेट में भेजा। इस तरह भारत 1-0 से आगे निकला। चंद मिनटों के बाद भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला और हरमनप्रीत ने गोल कर दिखाया और भारत को 2-0 की बढ़त दिलाई। ये सब 23वें मिनट में हुआ। जल्द ही मनप्रीत सिंह ने गोल किया और भारत को हाफ टाइम तक 3-0 से आगे कर दिया। भारतीय टीम पूरे दमखम के साथ उतरी और टीम को दर्शकों से भी भरपूर समर्थन मिला। भारत ने चौथा गोल 39वें मिनट में किया, जब सुमित ने गेंद को नेट्स में भेजा। यहां भी मनप्रीत सिंह ने असिस्ट किया। भारत अब मैच में काफी आगे निकल चुका था, क्योंकि करीब 70 फीसदी मैच खत्म हो चुका था।



# लौडरहिल में श्रृंखला बराबर करने उतरेगा भारत

लौडरहिल,11 अगस्त। गयाना में तीसरा टी20 जीतकर पांच मैचों की शृंखला को जीवंत रखने के बाद भारतीय टीम शनिवार को यहां सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम में वेस्ट इंडीज को हराकर सीरीज बराबर करने उतरेगी।

वेस्ट इंडीज में उतार-चढ़ाव भरे दौरे के बाद दोनों टीमें अमेरिका रवाना हुई हैं, जहां दो टी20 मैचों के साथ भारत का विंडीज दौरा खत्म होगा। इस दौरे के सीमित ओवर मुकाबलों में भारत का प्रदर्शन मिला जुला रहा है। भारत ने टी20 सीरीज की शुरुआत दो हार के साथ की, हालांकि युवा प्रतिभावान बल्लेबाज तिलक वर्मा का प्रदर्शन टीम के लिये एक सकारात्मक पहलू रहा। तिलक इस सीरीज के 39, 51 और 49 नाबाद के स्कोर बना चुके हैं। तिलक के प्रदर्शन के कारण उन्हें एकदिवसीय विश्व कप में ले जाने की चर्चाएं हो रही हैं और सीरीज के अंतिम दो मुकाबलों के महत्व को देखते हुए वह शनिवार को भी बल्ले से अहम योगदान देना चाहेंगे।

तीसरे टी20 में जहां सूर्यकुमार यादव ने अपने रंग में वापसी की, वहीं कुलदीप यादव ने भी अपने अनुशासनपूर्ण प्रदर्शन को जारी रखा। कुलदीप ने कैरिबियाई पिचों पर अपनी फिरकी से मेज़बान टीम के बल्लेबाजों को एकदिवसीय और टी20 दोनों शृंखलाओं में परेशान किया, हालांकि बल्लेबाजों के लिये मददगार लौडरहिल की पिच पर गेंदबाजी करना उनके लिये बड़ी चुनौती होगी। भारत ने इस मैदान पर सिर्फ एक मुकाबला खेला है। साल 2016 में जब भारत और वेस्ट इंडीज इस मैदान पर उतरे थे तब भारतीय टीम को एक रन की हार का सामना करना पड़ा था। उस समय केएल राहुल ने 51 गेंदों पर नाबाद 110 रन और रोहित शर्मा ने 28 गेंद पर 62 का योगदान दिया था। भारत अगर शनिवार को बड़ी हार का स्वाद नहीं चखना चाहता तो सलामी बल्लेबाज़ शुभमन गिल के बल्ले को बोलना होगा।

# रोमांचक मुकाबला जीतकर फाइनल में पहुंचा मलेशिया

चेन्नई, 11 अगस्त। मलेशिया ने जज़लान नजमी और शेलो सिल्वेरियस के गोलों की बदौलत शुक्रवार को एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के सेमीफाइनल में कोरिया को 6-2 से पीटकर फाइनल का टिकट कटा लिया। ड्रैग फ्लिकर नजमी (9वां, 21वां मिनट) और फॉरवर्ड सिल्वेरियस (47वां, 48वां मिनट) ने जहां मलेशिया के लिये दो गोल किये, वहीं अबू कमाल अज़राई (तीसरा मिनट) और फैज़ल सारी (19वां मिनट) ने एक-एक गोल जमाया। गत चैंपियन कोरिया की ओर से सिर्फ वू चियून जी (दूसरा मिनट) और जोंग्ह्यूंग जांग (14वां मिनट) ही गोल कर सके। फाइनल में मलेशियाई टीम भारत या जापान में से किसी एक से भिड़ेगी। स्कोरलाइन भले ही यह दिखाना चाहे कि मलेशिया ने एकतरफा रूप से यह मुकाबला जीता, लेकिन मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम पर दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। रोमांच और तेज़रफ्तार हॉकी से भरे पहले क्वार्टर की शुरुआत चियून जी ने एक फील्ड गोल के साथ की। जापान ने फौरन की जवाबी हमला करते हुए एक पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया जिसपर अज़राई ने गोल जमाया। जज़लान ने छह मिनट बाद मलेशिया का पहला फील्ड गोल जमाकर अपनी टीम को बढ़त की स्थिति में पहुंचा दिया। मलेशियाई टीम इस क्वार्टर का अंत बढ़त के साथ कर सकती थी लेकिन जांग ने 14वें मिनट में कोरिया के लिये स्कोर बराबर किया। दूसरा क्वार्टर शुरू होते ही मलेशिया ने बार-बार कोरियाई डिफेंस में सेंध लगाई।

## चीन को हराकर पाक ने हासिल किया पांचवां स्थान

चेन्नई, 11 अगस्त। पाकिस्तान ने एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी 2023 में पांचवें स्थान के लिये खेले गये मुकाबले में शुक्रवार को चीन को 6-1 से रौंदकर अपने अभियान का विजयी अंत किया। मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम पर पाकिस्तान के लिये मोहम्मद सुफयान खान (11वां, 12वां मिनट) और मोहम्मद अम्माद (10वां, 52वां मिनट) ने दो-दो गोल किये, जबकि अब्दुल शाहिद (15वां मिनट) और अब्दुल राणा (55वां मिनट) ने एक-एक गोल का योगदान दिया। चीन का सांत्वना गोल चेन बेन्हाई ने 35वें मिनट में किया। सुफयान और अम्माद ने पहले क्वार्टर में चार गोल जमाकर पाकिस्तान की जीत की राह आसान की। पाकिस्तानी फॉरवर्ड पंक्ति ने चीन के डिफेंस पर लगातार हमले किये, जबकि सुफयान और अम्माद ने दबाव बनाकर अर्जित किये गये पेनल्टी कॉर्नरों को भुनाने में कोई चूक नहीं की।

# एशिया कप, विश्व कप में शाकिब करेंगे बांग्लादेश की कप्तानी

ढाका, 11 अगस्त। शाकिब अल हसन सितंबर में होने वाले एशिया कप और उसके बाद अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप के लिये वनडे क्रिकेट में बंगलादेश की कप्तानी करेंगे। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष नजमुल हसन ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की।

नजमुल ने अपने आवास पर संवाददाताओं से कहा, ''हमने शाकिब को एशिया कप और विश्व कप के लिये कप्तान नियुक्त किया है। विश्व कप और एशिया कप टीम की घोषणा कल की जायेगी। चयनकर्ता 17 सदस्यों की टीम चुनेंगे।''

गौरतलब है कि तीन अगस्त को तमीम इक़बाल के कप्तानी छोड़ने के बाद से यह पद खाली पड़ा है। नजमुल ने इससे पहले कहा था कि बोर्ड शाकिब को कप्तान नियुक्त करने से पहले उनकी उपलब्धता पर स्पष्ट होना चाहता है। उन्होंने आज संवाददाताओं से कहा कि शाकिब को पूर्णकालिक कप्तान बनाने पर अभी फैसला नहीं किया गया है।

नजमुल ने कहा, ''हमने उनसे लंबी अवधि की कप्तानी के संबंध में बात नहीं की है और हम उनके (लंका प्रीमियर लीग से) आने के बाद इस बारे में कह सकते हैं क्योंकि हमें उनकी उपलब्धता के बारे में स्पष्टता चाहिये होगी। तीनों प्रारूपों में कप्तानी करना उनके लिये दबाव भरा हो सकता है इसलिए हमें उनसे बात करनी होगी।

उन्होंने कहा, ''अभी वह देश से दूर हैं और एक टीम के लिये (एलपीएल में) खेल रहे हैं। हम उन्हें परेशान नहीं करना चाहते थे क्योंकि आज उनका मैच भी है। हमने जो फैसला किया है वह विश्व कप तक है जहां वह खेल रहे हैं। उस समय तक शाकिब ही कप्तान हैं। नजमुल ने पुष्टि की कि लिटन दास उप-कप्तान बने रहेंगे और शाकिब की अनुपस्थिति टीम की कमान संभालेंगे।

नजमुल ने कहा, ''अगर शाकिब अल हसन (किसी भी कारण से) नहीं खेलते हैं तो उप-कप्तान लिटन टीम का नेतृत्व करेंगे। अगर हम भविष्य को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक के बारे में सोचते हैं तो मेहदी हसन जैसे अन्य नाम भी हमारे सामने हैं। अब मुश्फिकुर (रहीम) नेतृत्व नहीं करते हैं जबकि तमीम ने अभी इस्तीफा दिया है। जब शाकिब पद छोड़ेंगे तो क्या होगा, उस समय अन्य नाम भी सामने आएंगे।'' शाकिब वर्तमान में बंगलादेश की टेस्ट और टी20 टीम के कप्तान हैं। वह इससे पहले एकदिवसीय क्रिकेट में भी बंगलादेश की कप्तानी कर चुके हैं। बंगलादेश ने 2011 विश्व कप शाकिब की कप्तानी में खेला था, जहां वह 14 टीमों के टूर्नामेंट में नौवे स्थान पर रही थी।

## जापान को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचा स्वीडन

ऑकलैंड, 11 अगस्त। स्वीडन ने फीफा महिला विश्वकप 2023 के एकतरफा क्वार्टरफाइनल में पूर्व विश्व विजेता जापान को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। ईडन पार्क पर खेले गये दूसरे क्वार्टरफाइनल में अमांडा इलेस्टेड (32वां मिनट) और फिलिपा एंजलडेल (51वां मिनट) के गोलों से स्वीडन ने 2-0 की मज़बूत बढ़त बना ली। होनोका हयाशी ने 87वें मिनट में जापान का खाता खोला, हालांकि इससे सिर्फ एशियाई टीम की हार का अंतर ही कम हो सका। सेमीफाइनल में स्वीडन का सामना स्पेन से होगा।

# भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रज्ञाननंदा ने दूसरे वरीय नाकामूरा को हराया

बाकू, 11 अगस्त। भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने दोनों रैपिड बाजियों में दूसरी वरीयता प्राप्त हिकारू नाकामूरा को हराकर शुक्रवार को यहां फिडे विश्वकप शतरंज प्रतियोगिता के अंतिम 16 में जगह बनाई। क्लासिकल वर्ग में दोनों बाजियां ड्रॉ छूटने के बाद भारत के 18 वर्षीय खिलाड़ी प्रज्ञाननंदा ने टाईब्रेकर के दोनों बाजियों में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर को हराया। भारतीय शतरंज के दिग्गज और पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने प्रज्ञाननंदा की प्रशंसा करते हुए कहा,''प्रज्ञाननंदा ने कर दिखाया। टूर्नामेंट से पहले खिताब के प्रबल दावेदार हिकारू नाकामूरा को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। प्रज्ञाननंदा ने वास्तव में प्रभावशाली प्रदर्शन किया।'' प्रज्ञाननंदा अंतिम 16 में हंगरी के ग्रैंड मास्टर फेरेंक बर्केस से भिड़ेंगे। भारत के डी गुकेश, विदित गुजराती और अर्जुन एरिगैसी पहले ही अंतिम 16 में जगह बना चुके थे लेकिन एक अन्य भारतीय खिलाड़ी निहाल सरीन चौथे दौर में इयान नेपोम्नियाचची से हार कर बाहर हो गए। महिलाओं के वर्ग में भारत की डी हरिका ने एलाइन रोएबर्स को दोनों टाई ब्रेक मैचों में हराकर अगले दौर में प्रवेश किया लेकिन देश की नंबर एक खिलाड़ी कोनेरू हंपी जॉर्जिया की बेला खोतेनश्विली से दोनों टाईब्रेक में हारने के कारण बाहर हो गई। महिला वर्ग में अब भारत का दारोमदार केवल हरिका पर टिका है।

# एफआईएच ने पेनल्टी कॉर्नर के नये नियम का परीक्षण रद्द किया

चेन्नई, 11 अगस्त। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने शुक्रवार को कहा कि उसने पेनल्टी कॉर्नर के नये नियम के परीक्षण को 'छोड़ने' का फैसला किया है क्योंकि वह मौजूदा सेट पीस नियम के साथ ज्यादा छेड़छाड़ नहीं करना चाहता है। एफआईएच अध्यक्ष तैय्यब इकराम ने यहां चल रही एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के मौके पर कहा, ''एफआईएच ने नये पेनल्टी कॉर्नर नियम ट्रायल को रोकने और छोड़ने का फैसला किया है। ट्रायल के दौरान जिस प्रारूप पर विचार किया जा रहा था, उस पर अब विचार नहीं किया जाएगा।'' उन्होंने कहा, '' मैंने इस मामले में विकल्पों को फिर से परखने का निर्देश दिया है। हम मौजूदा नियम को बनाए रखने के पक्ष में हैं। इसमें अगर बदलाव होगा तो यह उसी प्रारूप के आसपास होगा जो अधिक गतिशील होगा।'' इस प्रस्तावित नियम के अनुसार गेंद को पुश करने वाले खिलाड़ी को छोड़कर आक्रमण करने वाली टीम के बाकी खिलाड़ी स्ट्राइकिंग सर्कल यानी डी से कम से कम पांच मीटर की दूरी से शुरुआत करेंगें। गेंद को स्ट्राइकिंग सर्किल में शॉट मारने के लिए भेजने से पहले उसका डी से आगे पांच मीटर तक जाना जरूरी है। नया नियम रक्षकों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर बनाया गया था। नया नियम लागू होने पर ड्रैग फ्लिक की कला पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव को देखते हुए एफआईएच ने यह फैसला किया है।

# ओडिशा एफसी ने राजस्थान टूनाइटेड को 2-1 से हराकर क्वार्टरफाइनल की उम्मीदें कायम रखी

कोकराझार, 11 अगस्त। अफाओबा सिंह ने पेनल्टी को गोल में बदलकर ओडिशा एफसी को शुक्रवार को यहां डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट में आई-लीग फ्रेंचाइजी राजस्थान यूनाइटेड के खिलाफ 2-1 से जीत दिला दी। ओडिशा की डूरंड कप के मौजूदा सत्र में यह पहली जीत दर्ज है। ग्रुप एफ में शीर्ष स्थान के लिए अब तीन-तरफा लड़ाई है, जिसमें ओडिशा, राजस्थान यूनाइटेड और भारतीय सेना के तीन-तीन अंक है और ये तीनों टीमें क्वार्टर फाइनल की दौड़ हैं। पहले हाफ के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद चंद्र मोहन मुर्मू ने 48वें मिनट में गोलकर सुपर कप की विजेता टीम को बढ़त दिला दी। ओडिशा की यह बढ़त तीन मिनट तक ही रही। रिचर्डसन डेंजेल ने 51वें मिनट में गोल कर राजस्थान की टीम का खाता खोला। ओडिशा को मैच के 64वें मिनट में पेनल्टी मिली और अफाओबा सिंह ने इसे गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। टीम की 2-1 की बढ़त मैच के आखिर तक बरकरार रही।

## एशियाई खेलों से पहले प्रशिक्षण के लिये रोमानिया रवाना हुए भारतीय पहलवान

नयी दिल्ली, 11 अगस्त। एशियाई खेलों के लिये जाने वाले छह पहलवान केन्द्रीय खेल मंत्रालय की एनएसएफ सहायता योजना के तहत तीन सहायक स्टाफ सदस्यों के साथ एक विशेष प्रशिक्षण शिविर के लिये रोमानिया रवाना हो गये हैं। मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रोमानिया यात्रा के दौरान टीम 18 से 20 अगस्त तक इओन कॉर्नियानू और लैडिस्लाऊ साइमन कार्यक्रम में भी भाग लेगी। मंत्रालय ने बताया कि यह अंतरराष्ट्रीय दौरा 15 दिनों की अवधि तक चलेगा, जिसमें मंत्रालय प्रशिक्षण लागत, हवाई किराया, वीजा लागत और जेब से बाहर के भत्ते (ओपीए) सहित अन्य खर्चों को पूरा करेगा। रोमानिया गये छह ग्रीको-रोमन पहलवान : ज्ञानेन्द्र (60 किग्रा), नीरज (67 किग्रा), विकास (77 किग्रा), सुनील कुमार (87 किग्रा), नरिंदर चीमा (97 किग्रा), नवीन (130 किग्रा)

## जूनियर महिला हॉकी लीग कल से

नयी दिल्ली, 11 अगस्त। खेलो इंडिया महिला लीग के दो सफल संस्करणों के बाद टूर्नामेंट का तीसरा संस्करण 13 अगस्त को जूनियर महिला हॉकी लीग के साथ शुरू होगा। केन्द्रीय खेल मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय राजधानी के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम पर होने वाले इस टूर्नामेंट में 13 टीमें हिस्सा लेंगी। साई ने कहा कि महिला लीगों का मकसद न सिर्फ घरेलू प्रतिस्पर्धा को मज़बूत करना बल्कि नयी प्रतिभाओं की पहचान करना भी है। युवा मामले और खेल मंत्रालय के खेल विभाग ने खेलो इंडिया योजना के तहत 2021-22 और 2022-23 में प्रतियोगिता के दो संस्करण आयोजित किये थे। महिला लीग में 250 से अधिक प्रतियोगिताएं देखी गयीं। देश के 26 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 50 से अधिक शहरों में आयोजित लीगों के अलग-अलग आयु समूहों में 23,000 से अधिक महिला एथलीटों ने भाग लिया था।

## आई-लीग के अगले सत्र में आईएसएल प्रमोशन की दौड़ में 13 टीमें

नयी दिल्ली, 11 अगस्त। आई-लीग 2023-24 सत्र के आयोजन में 13 टीमों के बीच राउंड रोबिन चरण में कुल 156 मैच खेले जायेंगेऔर लीग की अंक तालिका की शीर्ष टीम के पास इंडियन सुपर लीग( आईएसएल) में जगह बनाने का मौका होगा। इस दौरान प्रत्येक टीम 24 मैच खेलेगी, जिसमें से 12 मुकाबले उसके घरेलू मैदान पर होंगे। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की लीग समिति की बैठक में शुक्रवार को यह फैसला किया गया कि लीग के अंत में तालिका के शीर्ष पर रहने वाले क्लब को आई-लीग 2023-24 चैंपियन घोषित किया जाएगा। यह टीम क्लब लाइसेंसिंग मानदंडों को पूरा करने पर इंडियन सुपर लीग 2024-25 में पदोन्नित की पात्र होगी। पिछले सत्र के चैंपियन पंजाब एफसी को पहले ही आईएसएल में पदोन्नत किया जा चुका है। पिछले आई लीग सत्र (2022-23) निचले पायदान पर रही मुंबई केंकरे एफसी और सुदेवा दिल्ली एफसी की जगह इस सत्र में दिल्ली एफसी और शिलांग लाजोंग एफसी की टीम लेगी। ये दोनों टीमें 2022-23 में आई-लीग की दूसरी डिवीजन लीग की शीर्ष दो टीमें हैं। इंटर काशी और नामधारी एफसी को कॉर्पोरेट प्रविष्टियों के रूप में आई-लीग में प्रवेश दिया गया है। समिति की अध्यक्ष लालनघिंगलोवा हमार ने कहा, ''पहले हमारे पास उचित स्तर की लीग संरचना नहीं थी, लेकिन यह बदल गई है। अब लीग संरचना में आईएसएल, आई-लीग, दूसरी डिवीजन और तीसरी डिवीजन सभी एक दूसरे से जुड़े हुए हैं।''

# 'राहुल गांधी ने मानसिक संतुलन खो दिया है'

**संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने राहुल गांधी के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में दिये गये बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताया**

नई दिल्ली, 11 अगस्त (वार्ता)। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में दिये गये बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा है , ऐसा लगता है कि गांधी ने अपना मानसिक संतुलन खो दिया है।

जोशी ने संसद के मानसून सत्र के समापन के बाद शुक्रवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में गांधी के इस बयान के बारे में पूछे गये सवाल के जवाब में कहा कि एक ऐसा लगता है कि गांधी ने मानसिक संतुलन खो दिया है। यह बयान दुर्भाग्यपूर्ण है और इसे देखकर अफसोस होता है कि यह इतनी पुरानी पार्टी कहां पहुंच गयी है।

उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा में जब विपक्षी दलों के अविश्वास प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब दे रहे थे तो दो घण्टे 13 मिनट के भाषण में उन्होंने आखिर में मणिपुर पर अपनी बात रखी। गांधी ने कहा कि मणिपुर को लेकर मोदी कितना गंभीर हैं इस बात का पता भाषण के दौरान उनके हावभाव में साफ झलक रहा था। वह जब बोल रहे थे तो मुस्कुरा रहे थे, उनके चेहरे पर पीड़ा का भाव कहीं नहीं था। सदन में नारे लग रहे थे और इससे साबित होता है कि वह मणिपुर में शांति नहीं चाहते हैं।

यह पूछे जाने पर कि गांधी ने 'भारत माता' शब्द को लोकसभा की कार्यवाही से हटाये जाने पर भी सवाल खड़ा किया है, जोशी ने कहा कि कांग्रेस के नेता कभी भी भारत माता शब्द नहीं बोलते थे लेकिन यह अच्छी बात है कि अब वे भी भारत माता की जय बोल रहे हैं।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि सरकार की बार-बार अपील के बावजूद विपक्षी दलों ने संसद की कार्यवाही में सक्रिय रूप से हिस्सा नहीं लिया और विधेयकों को पारित किये जाने के समय या तो वे सदन से बहिर्गमन कर गये या हंगामा करते रहे। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने केवल एक विधेयक दिल्ली सेवा विधेयक में ही चर्चा में हिस्सा लिया।

उन्होंने कहा कि मणिपुर की स्थिति पर सरकार की सहमति के बावजूद विपक्ष ने चर्चा नहीं होने दी और विपक्षी सदस्य इस मुद्दे पर चर्चा चाहते ही नहीं थे।

उन्होंने कहा कि इससे लगता है कि विपक्ष की विधेयकों पर चर्चा में हिस्सा लेने की रूचि ही नहीं थी। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि विपक्ष को समझ आयेगी और वह इस वर्ष के अंत में होने वाले शीतकालीन में सत्र में कार्यवाही में सक्रिय रूप से हिस्सा लेगा।

संसदीय कार्य मंत्री ने मानसून सत्र को बेहद सफल बताते हुए कहा कि सत्र के दौरान लोकसभा में 20 और राज्यसभा में 5 विधेयक पेश किये गये। लोकसभा में 22 तथा राज्यसभा में 25 विधेयक पारित किये गये। दोनों सदनों में 23 विधेयक पारित किये गये। उन्होंने कहा कि लोकसभा की उत्पादकता 45 प्रतिशत तथा राज्यसभा की उत्पादकता 63 फीसदी रही।

# राघव चड्ढा, संजय सिंह राज्यसभा से अनिश्चितकाल के लिए निलंबित

नई दिल्ली, 11 अगस्त (वार्ता)। आम आदमी पार्टी के सदस्य राघव चड्ढा को राज्यसभा की कार्यवाही के नियमों के उल्लंघन के आरोपों में विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट मिलने तक के लिए आज सदन से निलंबित कर दिया गया जबकि आप के निलंबित सदस्य संजय सिंह के निलंबन को भी विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट मिलने तक बढ़ा दिया गया।

सदन के नेता पीयूष गोयल ने भोजनावकाश के बाद कार्यवाही शुरू होने और मणिपुर मामले पर विपक्षी सदस्यों के वाकआउट करने के बाद चड्ढा को निलंबित करने और सिंह के निलंबन को बढ़ाने का प्रस्ताव पेश किया। उन्होंने कहा कि चड्ढा ने दिल्ली सेवा विधेयक को प्रवर समिति को भेजने के लिए जो प्रस्ताव दिया था उसमें भारतीय जनता पार्टी, अन्नाद्रमुक और बीजू जनता दल के सदस्यों की अनुमति के बगैर कथित तौर पर उनके फर्जी हस्ताक्षर किये गये थे जो सदन की कार्यवाही के नियमों के साथ ही सदस्यों के विशेषाधिकार के हनन का मामला है।

उन्होंने कहा कि चड्ढा ने बीजू जनता दल के सस्मित पात्रा, अन्नाद्रमुक के सदस्य एवं पूर्व लोकसभा के उपाध्यक्ष एम. थंबीदुरई के साथ ही भाजपा के नरहरि अमीन, सुधांशु त्रिवेदी और नगालैंड से भाजपा सदस्य एवं पीठासीन उप सभापति फांगनोन कोन्याक के फर्जी हस्ताक्षर कर विधेयक को प्रवर समिति को भेजने का प्रस्ताव पेश किया था।

उल्लेखनीय है कि इन पांचों सदस्यों ने दावा किया था कि दिल्ली सेवा विधेयक को उनकी सहमति के बगैर ही प्रवर समिति को भेजने के प्रस्ताव पर उनके नाम का उल्लेख कर दिया गया था। यह प्रस्ताव चड्ढा ने सदन में पेश किया था। गृह मंत्री अमित शाह ने इसकी जांच की मांग की थी। सिंह को गत 24 जुलाई को सदन में अमर्यादित व्यवहार करने के आरोप में निलंबित किया गया था।

गोयल ने कहा कि चड्ढा को फर्जी हस्ताक्षर के मामले में सदस्यों के विशेषाधिकार हनन के आरोपों को लेकर विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित कर दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सिंह को अमर्यादित व्यवहार के लिए गत 24 जुलाई को निलंबित किया गया था लेकिन उसके बाद से ही वह विभिन्न माध्यमों से लगातार सदन के नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं।

## 'आप सब मेरे ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

भी नहीं जानता कि आप कहाँ और किसके साथ खड़े हैं। अगर मेरे हाथ में होता, तो मैंने आपके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही कर दी होती।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सब मेरे पैसों से चुनाव लड़ते हैं और फिर आप मुझ से ही ऐसी बातें करते हैं और माँगें करते हैं।

मुख्यमंत्री के व्यवहार से भौचक्के रह गये, वेणुगोपाल ने बीच में हस्तक्षेप किया तथा उनसे पूछा कि क्या आपने चुनाव में पैसा देने के लिये अपनी जमीन बेची है। मीटिंग में मौजूद सूत्रों का कहना है कि वेणुगोपाल ने उनसे मीणा और डाँगी से क्षमा याचना कराई।

बाँसवाड़ा की जनसभा के समय, राहुल गांधी के कार्यालय ने ऐसे निर्देश दिये थे कि सचिन पायलट के लिये एक कुर्सी होनी चाहिये।

मुख्यमंत्री राहुल गांधी से 15 मिनट पहले पहुँच गये थे और उन्होंने कहा था कि सभा की व्यवस्थाओं में वे पैसा खर्च कर रहे हैं तथा कुर्सियाँ उनकी इच्छानुसार लगाई जायेगी।

ए.आई.सी.सी. के पदाधिकारी मुख्यमंत्री के व्यवहार से हक्के-बक्के रह गये थे लेकिन उन्होंने इसे एक बड़े मुद्दे का रूप नहीं दिया।

पॉलिकल अफेयर्स कमेटी की मीटिंग के बाद, प्रैस से बात करते हुये, गहलोत एक बार फिर इस बात को ले आये कि भाजपा ने किस तरह उनकी सरकार को गिराने की कोशिश की थी, लेकिन वह सफल नहीं हुई। इस पर मोदी-शाह की जोड़ी क्रोध में किस तरह जल-भुन रही थी।

पार्टी नेताओं का कहना है कि उन पर स्थायी रूप से यह सनक सवार हो गई है तथा वे राहुल गांधी द्वारा सचिन पायलट को दिये जा रहे महत्व को भूल नहीं पा रहे।

बताते हैं कि मीटिंग में जब पायलट ने यह कहा कि कोई भी एक व्यक्ति पार्टी की जीत सुनिश्चित नहीं कर सकता तथा उन सब को संगठित होकर काम करना चाहिये तो गहलोत ने इससे सहमति व्यक्त की तथा कहा कि यह बात सही है। पिछले तीन साल से वे छत पर खड़े होकर चिल्ला रहे थे कि किस तरह से वे और केवल वे ही पार्टी को जीत दिला सकते हैं।

# 'मणिपुर जल रहा है और प्र.मंत्री संसद में हँस रहे हैं'

## राहुल गांधी ने अविश्वास प्रस्ताव पर मोदी के जवाब पर टिप्पणी की

- पत्रकारों से बात करते हुए राहुल ने कहा, मुद्दा कांग्रेस या मैं नहीं था, मुद्दा था मणिपुर में क्या हो रहा है।
- राहुल ने कहा मैं सेना के दखल की मांग नहीं कर रहा मैं बस इतना कह रहा हूं कि सेना इसे दो दिन में रोक सकती है।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 अगस्त। विपक्षी गठबंध इंडिया द्वारा लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के जवाब में लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दो घंटे से अधिक समय के भाषण के एक दिन बाद, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि मणिपुर की हिंसा और मौतों को संबोधित करने के बजाय, प्रधानमंत्री संसद में हँस रहे थे तथा मजाक कर रहे थे और एन.डी.ए. सांसद नारेबाजी करने में लगे हुये थे।

शुक्रवार को नई दिल्ली में एक प्रैस कॉन्फ्रैंस को संबोधित करते हुये, राहुल ने कहा, "प्रधानमंत्री चाहते हैं कि मणिपुर जलता रहे। मैंने प्रधानमंत्री को संसद में बोलते हुए सुना। वे मजाक कर रहे थे, नारेबाजी कर रहे एन.डी.ए. सांसदों के साथ हँस रहे थे।"

राहुल गांधी ने आगे कहा, "मैं पिछले 19 साल से राजनीति में हूँ। मैं सारे राज्यों में गया हूँ। लेकिन मैंने मणिपुर जैसी स्थिति नहीं देखी है। लेकिन अब मैं शायद इस बात को कह सकता हूँ। जब मैं मैतेई एरिया में गया तो हम से कहा गया कि हम अपनी सिक्योरिटी के सदस्य के रूप में किसी कुकी को न लाये। हमसे कहा गया कि अगर मैतेई एरिया में एक भी कुकी आया तो उसे मार दिया जायेगा। और इसी प्रकार की स्थिति कुकी एरिया में थी। इस प्रकार, मणिपुर कुकी और मैतेई में विभाजित कर दिया गया है। एक राज्य के रूप में, मणिपुर अस्तित्व में ही नहीं है। यही बात मैंने संसद में कही थी।

प्रधानमंत्री पर प्रहार करते हुये, राहुल ने कहा कि मणिपुर की स्थिति को काबू में लाने के लिये उनके पास विभिन्न प्रकार के साधन हैं लेकिन वे ऐसा कर नहीं रहे हैं। राहुल ने कहा, "इसके बजाय, वे संसद में हँस रहे हैं। वे मणिपुर जा सकते थे, दोनों समुदायों से बात कर सकते थे। जब कोई व्यक्ति प्रधानमंत्री बन जाता है तो उसे एक मामूली राजनेता की तरह से नहीं बोलना चाहिये। प्रधानमंत्री मोदी को कांग्रेस और विपक्ष पर दो घंटे तक बोलते रहने से दुख हुआ। यह चीज उनके पद के प्रति न्याय नहीं करती।......निष्कर्ष के रूप में, मैं केवल यही करना चाहता हूँ कि प्रधानमंत्री के हाथ में साधन हैं, उपाय हैं, लेकिन किन्हीं कारणों से, वे उन्हें काम में नहीं ले रहे।....इस बात के कारण साफ हैं कि प्रधानमंत्री मणिपुर क्यों नहीं जा रहे।"

उन्होंने आगे कहा: मैं सेना की दखलदांजी की मांग नहीं कर रहा। मैं तो बस इतना कह रहा हूँ कि सेना इसे दो दिन में रोक सकती है। मैं यह कहने की हैसियत में नहीं हूँ कि प्रधानमंत्री किस साधन को काम में ले।"

कल लोकसभा को संबोधित करते समय, प्रधानंमत्री मोदी ने पूर्वोत्तर की सारी समस्याओं के लिये कांग्रेस को दोषी ठहराया था तथा मणिपुर की जनता को आश्वस्त किया था कि देश उनके साथ है तथा राज्य में "शांति का सूर्य" फिर निकलेगा। प्रधानमंत्री संसद के बीचों-बीच बैठे बेशर्मी से हँस रहे थे।.....मुद्दा कांग्रेस या मैं नहीं थे, मुद्दा यह था कि मणिपुर में क्या हो रहा है तथा इसे रोक क्यों नहीं जा रहा है।"

गांधी ने कहा कि उनकी यह टिप्पणी निस्सार एवं निरर्थक नहीं थी कि प्रधानमंत्री मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर में "भारत माता की हत्या कर दी" है।

उन्होंने कहा, "मणिपुर में, भाजपा ने हिन्दुस्तान की हत्या कर दी गई है।"

गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री "चाहते हैं कि मणिपुर जलता रहे तथा आग बुझाई नहीं जाये।"

## 5-0 से जीतकर भारत हॉकी एशिया कप फाइनल में पहुँचा

- मैच के पहले मिनट से ही जापान पर हावी रही टीम ने एशियाई चैम्पियन्स ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जापान को 5-0 से रौंदकर दमदार तरीके से टूर्नामैंट के फाइनल में प्रवेश किया।

चेन्नई, 11 अगस्त (वार्ता)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एशियाई चैम्पियन्स ट्रॉफी के सेमीफाइनल में शुक्रवार को जापान को 5-0 से रौंदकर दमदार तरीके से टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। पहले मिनट से ही जापान पर हावी रहे भारत की जीत में आकाशदीप सिंह (19वां मिनट), हरमनप्रीत सिंह (23वां मिनट), मनदीप सिंह (30 वां मिनट), सुमित (39वां मिनट) और कार्ति सेल्वम (51वां मिनट) ने एक-एक गोल का योगदान दिया। भारतीय सर्किल में पैठ न जमा पाने के कारण उपविजेता जापान एक बार भी गैंद को नेट में नहीं पहुंचा सका। भारत शनिवार को होने वाले फाइनल में मलेशिया से भिड़ेगा, जिसने पहले सेमीफाइनल में कोरिया को 6-2 से मात दी। पिछले मैच में जापान ने भारत को 1-1 के ड्रॉ पर रोक लिया था, लेकिन इस बार मेज़बान टीम ने मैच की शुरुआत फ्रंट फुट पर की और दूसरे ही मिनट में जापान के सर्किल में जगह बनाकर पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया। जापान के गोलकीपर के शानदार बचाव से भारत इस मौके पर गोल नहीं कर सका और अगले 30 सेकंड में जापान की ओर से भी गोल करने का एक प्रयास देखा गया।

जापान ने पहले क्वार्टर में इसके बाद भारत को नियंत्रण में रखा, हालांकि दूसरे क्वार्टर के चौथे मिनट में आकाशदीप ने भारत को बढ़त दिलाई। हार्दिक सिंह और सुमित ने जापानी सर्किल की दाईं ओर से गोल की ओर जगह बनायी।

## कोटा में एक और कोचिंग छात्र ने आत्महत्या की

कोटा, 11 अगस्त (निसं)। कोटा में एक और कोचिंग स्टूडेंट ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। मनीष प्रजापत (17 वर्ष) यूपी के आजमगढ़ का रहने वाला था और 6 महीने पहले ही कोटा आया था। वह यहां जवाहर नगर पुलिस थाना क्षेत्र के महावीर नगर स्थित एक हॉस्टल में रह रहा था। मनीष जेईई की तैयारी कर रहा था। पुलिस ने बताया कि सुसाईड से 4 घंटे पहले ही गुरुवार को उसके पिता उससे मिलने आए थे। हालांकि वह शाम को ही आजमगढ़ लौट गए थे। हॉस्टल के केयर टेकर राकेश ने बताया कि मनीष चार महीने पहले ही इस हॉस्टल में रहने आया था। उसके पिता ही उसे रूम दिलाकर गए थे। गुरुवार को उसके पिता कोटा में ही थे।









राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंभ्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908